धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

सुप्रभात
रांची, शनिवार
22.02.2025
* * नगर संस्करण। पेज : 12

# खबर मन्त्र

khabarmantralive.com
रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net | फाल्गुन, कृष्ण पक्ष, नवमी, संवत् 2081 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 222



12 टाइम की सूची में भारत की पूर्णिमा बर्मन भी शामिल

## न्यूज डायरी

### सोनिया गांधी को अस्पताल से मिली छुट्टी

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष एवं राज्यसभा सदस्य सोनिया गांधी को शुक्रवार को दिल्ली के सर गंगाराम अस्पताल से छुट्टी मिल गयी। उन्हें गुरुवार को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। पार्टी सूत्रों के अनुसार, सोनिया गांधी को पेट में मामूली संक्रमण के कारण उन्हें एक दिन के लिए भर्ती कराना पड़ा। वह अस्पताल में डॉक्टरों की एक टीम की निगरानी में थीं।

### बच्चे के गले में मटर का दाना अटका, मौत

**लोहरदगा।** कैरो थाना क्षेत्र के गुड़ी करंज टोली में मटर खाने के दौरान गले में मटर का दाना फंस जाने के कारण डेढ़ वर्षीय बच्चे की मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार मटर का दाना खाने के बाद बच्चे की स्थिति बिगड़ने लगी। परिजन बच्चे को सदर अस्पताल ले गये, जहां डॉक्टर ने जांच करते हुए मृत घोषित कर दिया।


### शादी समारोह में गोली चली, कैटरर की मौत

**इटकी।** इटकी के तिलकसूती गांव में एक शादी समारोह में गोली चलने से 16 वर्षीय कैटरर रविन्द्र लोहरा की मौत हो गयी। घटना गुरुवार देर रात करीब दस बजे की है। कैटरर बुढ़मू प्रखंड के कर्माटोली, थाना ठाकुरगांव का रहने वाला बताया गया है। समारोह में पार्टी चल रही थी। इसी दौरान अचानक गोली चली, जहां कैटरर खून से लथपथ मिला। घटना की सूचना पर पहुंची इटकी पुलिस घायल अवस्था में युवक को अस्पताल ले जा रही थी लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। मामले में पुलिस तीन लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

### हार्डकोर नक्सली महाराष्ट्र से गिरफ्तार

**हजारीबाग।** झारखंड पुलिस ने महाराष्ट्र पुलिस के सहयोग से हार्डकोर नक्सली तुलसी महतो उर्फ दिलीप महतो को महाराष्ट्र के यवतमाल थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया है। उसे कड़ी सुरक्षा में हजारीबाग लाया गया। हजारीबाग लाने के बाद शुक्रवार देर शाम शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में उसकी जांच करायी गयी। इसके बाद उसे कोर्ट में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### जमशेदपुर पहुंची आइपीएल की ट्रॉफी



**जमशेदपुर।** इंडियंस प्रीमियर लीग 2025 का ट्रॉफी टूर शुक्रवार को जमशेदपुर पहुंचा। फैंस ने कोलकाता नाइट राइडर्स के इस ट्रॉफी टूर को काफी समर्थन दिया। इस ट्रॉफी को प्रतिष्ठित रूसी मोदी सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में ले जाने से पहले सुंदर डिमना झील के पास रखा गया। यह यात्रा हाई-टेक मॉल में संपन्न हुई, जिसने पूरे शहर के क्रिकेट फैंस को इस अविस्मरणीय यात्रा का हिस्सा बनने का मौका दिया।

# जेपीएससी-1 की टॉपर शालिनी विजय, मां और भाई ने की आत्महत्या

खबर मन्त्र अपराध संवाददाता

**रांची।** झारखंड की जेपीएससी-1 की टॉपर रही शालिनी विजय, उनकी मां शकुंतला और भाई मनीष विजय ने आत्महत्या कर ली है। मनीष विजय कक्कनाड स्थित कस्टम विभाग में अतिरिक्त आयुक्त के पद पर कार्यरत थे। तीनों लोगों का शव केरल के एर्नाकुलम के कक्कनाड स्थित सरकारी आवास से जब्त किया गया है। घटना में पुलिस तीनों शवों को जब्त कर आगे की कार्रवाई का रही है। इस घटना ने सवाल खड़ा कर दिया है कि आखिर किस कारण से एक ही परिवार के तीन सदस्यों ने आत्महत्या की घटना को अंजाम दिया है।

बता दें कि शालिनी विजय जेपीएससी-वन की टॉपर रही थीं और लंबे समय तक झारखंड में डिप्टी कलेक्टर रैंक में काम कर रही थी। दो साल पहले वह छुट्टी पर गयी थीं, उसके बाद वापस नहीं लौटी। शालिनी विजय केरल की ही रहने वाली थी।



**सहयोगियों को हुई अनहोनी की आशंका :** जब मनीष विजय तय समय पर कार्यालय नहीं पहुंचे, तो उनके सहयोगियों को शक हुआ। वे जब उनके घर पहुंचे, तो अंदर से तेज दुर्गंध आ रही थी। तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने दरवाजा तोड़कर अंदर प्रवेश किया, जहां तीनों के शव मिले। पुलिस इस मामले की गहन जांच कर रही है। बताया जा रहा है कि शकुंतला पहले से अपने बेटे के साथ रह रही थीं, जबकि करीब एक साल पहले शालिनी भी उनके साथ आकर रहने लगी थीं। हालांकि, तीनों ने यह कदम क्यों उठाया, इसका पता लगाने के लिए पुलिस जांच में जुटी हुई है।

## वर्ल्डबीइंग के सीइओ स्टीव लेवेन्थल ने सीएम से की मुलाकात

# विभिन्न संस्थाएं आदिवासी पीढ़ी के विकास में आगे आयें : सीएम

- आदिवासी युवा पीढ़ी को सशक्त बनाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध
- आदिवासी युवा पीढ़ी को आर्थिक, सामाजिक, शैक्षणिक समेत हर क्षेत्र में आगे बढ़ाने के लिये उठा रहे हैं ठोस कदम

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** अंतरराष्ट्रीय संस्था वर्ल्डबीइंग के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी स्टीव लेवेन्थल ने शुक्रवार को विधानसभा स्थित मुख्यमंत्री कक्ष में मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन और विधायक कल्पना सोरेन से मुलाकात की। इस क्रम में आरोहण कार्यक्रम के माध्यम से उन्होंने आदिवासी युवाओं को सशक्त और मजबूत बनाने के साथ उनके कल्याण की दिशा में किये जा रहे कार्यों की जानकारी दी। आश्रम आवासीय विद्यालयों में शिक्षकों और विद्यार्थियों में आये सकारात्मक बदलावों को भी मुख्यमंत्री के साथ साझा किया।



सीएम हेमंत सोरेन से मिलते वर्ल्डबीइंग के सीइओ स्टीव लेवेन्थल।

इस दौरान श्री सोरेन ने कहा कि आदिवासी बाहुल्य-झारखंड की आदिवासी युवा पीढ़ी को आर्थिक, सामाजिक, शैक्षणिक सहित अन्य सभी क्षेत्रों में आगे बढ़ाने की दिशा में हमारी सरकार लगातार ठोस कदम उठा रही है। उन्होंने कहा कि इसमें विभिन्न संस्थाओं का सहयोग काफी कारगर साबित हो सकता है। सरकार सभी के सहयोग से इस राज्य को मजबूत और सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। मौके पर मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार भी मौजूद थे।

> मुख्यमंत्री ने कहा कि आदिवासी युवा मानसिक रूप से कैसे मजबूत हों, इसमें सरकार आपकी संस्था के कार्यों का आकलन कर आगे बढ़ेगी। झारखंड में '**आरोहण**' को शिक्षा की मुख्य प्रणाली में कैसे शामिल किया जाये, इसके लिए सरकार गंभीरता से विचार करेगी।
>
> **हेमंत सोरेन, मुख्यमंत्री झारखंड**

### युवाओं को मानसिक रूप से मजबूत बनाने की जरूरत

वर्ल्डबीइंग इंडिया फाउंडेशन की झारखंड प्रभारी सुनीता मुंडा ने कहा कि यहां के आदिवासी युवाओं में सामर्थ्य की कोई कमी नहीं है। विपरीत परिस्थितियों से भी वे लड़ने की पूरी क्षमता रखते हैं लेकिन, मानसिक रूप से उन्हें थोड़ा मजबूत बनाने की जरूरत है। ऐसे में यह संस्था अपने आरोहन कार्यक्रम के माध्यम से आदिवासी युवाओं को मानसिक रूप से मजबूत बनाने की दिशा में काम कर रही है।

वर्ल्डबीइंग इंडिया फाउंडेशन ने मुख्यमंत्री को बताया कि यह संस्था आरोहण के जरिये बिहार की शिक्षा व्यवस्था के साथ जुड़कर काम कर रही है। इस पर मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड में भी आरोहण को शिक्षा के मुख्य प्रणाली मैं कैसे शामिल किया जाये, इसके लिए सरकार गंभीरता से विचार करेगी। इस दिशा में झारखंड के शिक्षकों एवं अधिकारियों की टीम को बिहार में आपके द्वारा किये गये कार्यों को देखने के लिए भेजा जायेगा।

## सर्वदलीय बैठक से भाजपा-आजसू नदारद

# नेता प्रतिपक्ष के बिना सदन संचालन में होती है दिक्कत



सर्वदलीय बैठक करते स्पीकर रबींद्रनाथ महतो और साथ हैं सीएम।

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** स्पीकर की ओर से बुलायी गयी सर्वदलीय बैठक से शुक्रवार को भाजपा और आजसू पार्टी नदारद रही। वहीं, बैठक में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के अलावा वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर, विधायक प्रदीप यादव, लोजपा विधायक जनार्दन पासवान, राजद विधायक सुरेश पासवान और जदयू विधायक सरयू राय आदि शामिल हुये। बैठक के बाद स्पीकर रवींद्र नाथ महतो ने कहा कि विपक्ष से सहयोग की अपेक्षा है। सदन बेहतर तरीके से चलाने के लिए नेता प्रतिपक्ष जरूरी है। नेता प्रतिपक्ष के नहीं होने से सदन के संचालन में तकलीफ होती है। नेता प्रतिपक्ष की आवश्यकता शत प्रतिशत है। उन्होंने कहा कि गाड़ी के दो पहिया में से एक नहीं रहेगा, तो तकलीफ होगी ही। स्पीकर ने कहा कि भाजपा को बैठक के लिए पत्र भेजा गया था। श्री महतो ने कहा कि मूल बजट पर दो दिनों तक चर्चा होगी। तीन मार्च को सदन में बजट पेश किया जायेगा। मालूम हो कि स्पीकर ने भाजपा विधायक सीपी को न्योता भी भेजा था, लेकिन पार्टी की तरफ से इसपर सहमति नहीं बनी।

बैठक के बाद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भाजपा विधायक दल के नेता पर पूछे गये सवाल पर कहा कि वे लोग विधायी प्रक्रिया अच्छे से जानते हैं। इसपर आपलोग मुझसे क्या सुनना चाहते हैं। इसपर मैं क्या बोलूं। फिर कहा कि ये सत्र चलेगा। सभी सदस्यों से उम्मीद है कि अपने क्षेत्र और राज्य के विषयों को सदन में रखेंगे।

### 24 को पीएम किसान सम्मान निधि की 19वीं किस्त होगी जारी

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी किसानों के खाते में 24 फरवरी को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 19वीं किस्त के रूप में 22 हजार करोड़ रुपये की राशि जारी करेंगे। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने नयी दिल्ली में शुक्रवार को कहा कि पीएम मोदी बिहार के भागलपुर से 9 करोड़ 80 लाख किसानों के खाते में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 19वीं किस्त की राशि जारी करेंगे। पिछली बार 9 करोड़ 60 लाख किसानों को इसका लाभ मिला था। इस बार किसानों की संख्या बढ़ी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि ने छोटे किसानों की जिंदगी बदली है। ऐसे किसान जो लघु और सीमांत है विशेषकर उनकी खाद-बीज की जो आवश्यकता होती थी, उसे पूरा करके उत्पादन बढ़ाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। श्री चौहान ने आगे कहा कि अब तक लगभग 3 लाख 86 हजार करोड़ रुपये की राशि इस योजना के अंतर्गत किसानों के खाते में डाली जा चुकी है। 19वीं किश्त डलते ही यह राशि बढ़कर 3 लाख 68 हजार करोड़ रुपये हो जाएगी। यह दुनिया की सबसे बड़ी डीबीटी की योजना है, जिसने छोटे किसानों की जिंदगी बदली है।

# मंत्रियों को आवास आवंटित सोनू को मिला बंगला नंबर-1



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** भवन निर्माण विभाग ने हेमंत सोरेन सरकार में शामिल मंत्रियों नाम नया-नवेला भव्य बंगला आवंटित कर दिया है। झामुमो कोटे के मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू को बंगला नंबर वन आवंटित किया है। दो नंबर बंगले में कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की रहेंगी। वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर को बंगला नंबर-3 आवंटित किया गया है। बंगला नंबर 4 में मंत्री इरफान अंसारी, बंगला नंबर 5 में मंत्री योगेंद्र प्रसाद, 6 नंबर के बंगला में मंत्री हफीजुल हसन रहेंगे। बंगला नंबर 7 को मंत्री चमरा लिंडा के नाम आवंटित किया गया है। बंगला नंबर-8 में मंत्री दीपक बिरुआ, बंगला नंबर 9 में मंत्री दीपिका पांडेय सिंह, बंगला नंबर 10 में मंत्री रामदास सोरेन रहेंगे। वहीं राजद कोटे के मंत्री संजय प्रसाद यादव को बंगला नंबर 11 आवंटित किया गया है।

### पूजा सिंघल को विभाग नहीं देने की मांग वाली याचिका खारिज

**रांची।** रांची पीएमएलए की विशेष कोर्ट ने ईडी की ओर से दाखिल उस याचिका को खारिज कर दिया है, जिसमें ईडी ने कोर्ट से यह आग्रह किया था कि पूजा सिंघल को कोई विभाग ना दिया जाये। इस आदेश से पूजा सिंघल को बड़ी राहत मिली है। हालांकि ईडी पूजा सिंघल को सरकारी कार्यालय में कोई भी पद मिलने से रोकने को लेकर ऊपरी अदालत में भी जा सकती है। याचिका पर फैसला सुनाने के दौरान कोर्ट ने यह माना है कि पूजा सिंघल को पोस्टिंग देने का अधिकार राज्य सरकार को है और कोर्ट इसमें हस्तक्षेप नहीं करेगा। यह इस अदालत के अधिकार क्षेत्र में नहीं आता है। अदालत ने कई निर्देश देते हुए दायर याचिका का निपटारा कर दिया है। साथ ही, आदेश की कॉपी मुख्य सचिव को आवश्यक कार्यवाही के लिए भेजने का निर्देश दिया है।

## संगठन सशक्तिकरण को लेकर कार्यकर्ताओं को दिया पंचशील का मन्त्र

# कांग्रेस पार्टी के डीएनए में आदिवासी व मूलवासी का इतिहास पुराना : के राजू

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के महासचिव सह नवनियुक्त झारखंड प्रभारी के. राजू पांच दिवसीय झारखंड दौरे पर शुक्रवार को रांची पहुंचे। कांग्रेस भवन में प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश की अध्यक्षता में आयोजित स्वागत समारोह में के. राजू ने संगठन को संचालित करने के लिए पंचशील नाम से कार्यकर्त्ताओं एवं नेताओं को पांच मन्त्र दिया। इस मन्त्र में उन्होंने कार्यकर्ताओं को सम्मान, संगठन की मजबूती, युवा और महिला, एससी-एसटी, ओबीसी एवं अल्पसंख्यक समुदाय से नेता बनाना और सरकार संगठन के बीच बेहतर



तालमेल के साथ जनता से किए वादों को पूरा करना है।

के. राजू ने कहा कि कांग्रेस के डीएनए में आदिवासी मूलवासी बसता है। इसका इतिहास काफी पुराना है। उन्होंने कहा कि हमें प्रण लेना है कि संगठन के मामले में हमें झारखंड को नंबर वन बनाना है। कार्यकर्ता हमारे केंद्र बिंदु में रहेंगे। के. राजू ने कहा कि कांग्रेस को मजबूत करने के लिए हमें ग्राम पंचायत और वार्ड कमेटी, प्रखंड कमिटी को मजबूत बनाना है। यह कागजी नहीं बल्कि पूरी तरह क्रियाशील होगी, पूरे झारखंड में संविधान के बारे में लोगों को जागरूक करेंगे और उन्हें उनके मौलिक अधिकारों की जानकारी देना है।

केशव महतो कमलेश ने कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के निर्देशानुसार पूरे देश में जय बापू जय भीम जय संविधान के तहत सम्मान मार्च निकालने का निर्णय लिया गया था जिसके तहत झारखंड के 316 प्रखंड में सम्मान मार्च निकाला गया। 2025 संगठन सृजन का वर्ष है और हमें संगठन की अंतिम इकाई तक को मजबूत करना है।

कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव प्रणव झा ने कहा कि झारखंड में सभी नेताओं के कार्यों की सोशल ऑडिट की जाएगी। वहीं कांग्रेस विधायक दल नेता प्रदीप यादव ने कहा कि राज्य में जातीय जनगणना ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण सबसे प्रमुख मुद्दा है। वर्तमान बजट में जातीय जनगणना के लिए राशि का आवंटन करने का प्रस्ताव राज्य सरकार को दिया गया है।

कांग्रेस विधायक दल के उपनेता राजेश कच्छप ने कहा कि संगठन की मजबूती के लिए कार्यकताओं को हमेशा हमारी तरफ से सहयोग मिलता रहेगा। संगठन की मजबूती से ही हम सभी आज इस मुकाम तक पहुंचे हैं।

गहना आभूषण
सोना (बिक्री) : 80200 रु./10 ग्राम
चांदी : 100000 रु./प्रति किलो

### तीसरी आंख




## प्रधानमंत्री मोदी ने सोल लीडरशिप कॉन्क्लेव के पहले संस्करण का किया उद्घाटन

# 'स्कूल ऑफ अल्टीमेट लीडरशिप' की स्थापना विकसित भारत की विकास यात्रा में एक महत्वपूर्ण और बड़ा कदम : नरेंद्र मोदी

लीडरशिप कॉन्क्लेव

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को नयी दिल्ली के भारत मंडपम में सोल लीडरशिप कॉन्क्लेव के पहले संस्करण का उद्घाटन किया। भूटान के प्रधानमंत्री शेरिंग तोबगे भी उनके साथ मौजूद रहे। इस अवसर पर पीएम मोदी ने कहा कि बेहतरीन लीडर्स का विकास जरूरी है और समय की मांग है इसलिए 'स्कूल ऑफ अल्टीमेट लीडरशिप' की स्थापना विकसित भारत की विकास यात्रा में एक महत्वपूर्ण और बड़ा कदम है।



**पीएम मोदी ने कहा-बेहतरीन लीडर्स का विकास जरूरी :** पीएम मोदी ने कहा कि राष्ट्र निर्माण के लिए नागरिकों का विकास जरूरी है। उन्होंने कहा कि बेहतरीन लीडर्स का विकास जरूरी है और समय की मांग है इसलिए स्कूल ऑफ अल्टीमेट लीडरशिप की स्थापना विकसित भारत की विकास यात्रा में एक महत्वपूर्ण और बड़ा कदम है।

**स्कूल ऑफ अल्टीमेट लीडरशिप प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सोच**

सोल लीडरशिप कॉन्क्लेव में भूटान के प्रधानमंत्री शेरिंग तोबगे ने कहा कि स्कूल ऑफ अल्टीमेट लीडरशिप प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सोच है और यह प्रामाणिक नेताओं को विकसित करने और उन्हें महान भारतीय गणराज्य की सेवा करने के लिए सशक्त बनाने के लिए प्रधानमंत्री की अटूट प्रतिबद्धता का एक और प्रमाण है। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री जी। मेरे बड़े भाई, जब भी मुझे आपसे मिलने का मौका मिलता है, मैं खुशी से झूम उठता हूं मेरे गुरु, जब भी मैं आपसे मिलता हूं, मैं एक लोक सेवक के रूप में और भी अधिक मेहनत करने के लिए प्रेरित होता हूं।

**गुजरात में की जा रही है सोल की स्थापना :** बता दें सोल एक उभरता हुआ लीडरशिप संस्थान है, जिसे गुजरात में बनाया जा रहा है। इसका मुख्य उद्देश्य भारत में राजनीतिक नेतृत्व को व्यापक बनाना और केवल राजनीतिक परिवारों तक सीमित न रखते हुए योग्यता, प्रतिबद्धता और जनसेवा की भावना रखने वाले लोगों को आगे बढ़ाना है। यह संस्थान नेतृत्व से जुड़ी नई सोच, आवश्यक कौशल और विशेषज्ञता प्रदान करेगा ताकि आज की जटिल दुनिया में नेतृत्व की चुनौतियों को बेहतर तरीके से समझा और हल किया जा सके।

**दो दिवसीय सोल लीडरशिप सम्मेलन एक प्रमुख मंच के रूप में काम करेगा :** 21 से 22 फरवरी तक चलने वाला दो दिवसीय सोल लीडरशिप सम्मेलन एक प्रमुख मंच के रूप में काम करेगा, जिसमें विभिन्न क्षेत्रों के अनुभवी नेता अपने जीवन के अनुभव और नेतृत्व से जुड़ी महत्वपूर्ण बातें साझा करेंगे। इस कार्यक्रम में राजनीति, खेल, कला, मीडिया, आध्यात्म, सार्वजनिक नीति, व्यवसाय और सामाजिक क्षेत्र से जुड़े प्रमुख लोग भाग लेंगे। इसका उद्देश्य युवा नेतृत्व को प्रेरित करना और नए विचारों का आदान-प्रदान करना है जिससे नेतृत्व कौशल को और अधिक विकसित किया जा सके।

## महाराष्ट्र और देवघर से भी जुड़े पेपर लीक के तार

# स्कूल संचालक समेत दो संदिग्ध गिरफ्तार

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची/कोडरमा।** जैक बोर्ड द्वारा आयोजित मैट्रिक की परीक्षा के प्रश्न पत्र लीक मामले की जांच तेज हो गयी है। अब तक की जांच में मिले साक्ष्य से पता चला कि पेपर लीक के तार महाराष्ट्र और देवघर से भी जुड़े हैं। दोनों जगहों पर एक टीम भेजी गयी है। इस मामले में पुलिस ने अबतक दो लोगों को गिरफ्तार किया है। कोडरमा में एक स्कूल सह कोचिंग संचालक की भूमिका का भी खुलासा हुआ है। पुलिस ने स्कूल संचालक प्रशांत साव उर्फ प्रिंस समेत दो लोगों को गिरफ्तार किया है। दोनों से पूछताछ की जा रही है। मरकच्चो पुलिस ने मामला भी दर्ज किया है। कोडरमा डीसी मेघा भारद्वाज के अनुसार जिस यूट्यूब चैनल पर पेपर लीक हुआ था, उसकी भी गहन जांच की जा रही है। मामले में कई कोचिंग संचालकों की भी भूमिका मानी जा रही है।

**पैसा प्रिंस की मां के खाते में जाता था :** जैक के निर्देश पर उपायुक्त ने डीडीसी की अध्यक्षता में जांच टीम गठित की है। जांच टीम ने पेपर लीक मामले में 12 घंटे के अंदर 2 लोगों को गिरफ्तार किया है। वहीं जानकारी के अनुसार संस्कृत का भी पश्नपत्र लीक हो जाने की चर्चा है। इस संबंध पर जैक अध्यक्ष से बात करने की कोशिश की गयी, पर संपर्क नहीं हो सका।

## अधिवक्ताओं ने किया संशोधन विधेयक का जबरदस्त विरोध

**रांची।** जिला बार एसोसिएशन के सदस्यों ने शुक्रवार को अधिवक्ता संशोधन विधेयक 2025 का जबदस्त विरोध प्रदर्शन किया। विधेयक के विरोध में काफी संख्या में अधिवक्ताओं ने एक जूट होकर नये बार भवन परिसर में गोलबंद हुये। वहां से अल्बर्ट एक्का चौक तक शांतिपूर्ण पैदल मार्च निकाल कर विरोध जताया। विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व बार एसोसिएशन के अध्यक्ष एसपी अग्रवाल एवं महासचिव संजय कुमार विद्रोही ने किया। उन्होंने कहा कि विधेयक पूरी तरह से अधिवक्ता की आजादी के खिलाफ है। इसको कोई भी अधिवक्ता समाज नहीं स्वीकार नहीं करेगा। इस विधेयक का विरोध प्रदर्शन देश भर के जिला बार एसोसिएशन के द्वारा किया जा रहा है। सिविल कोर्ट के अधिवक्ताओं ने विधेयक का विरोध के तहत अपने आप को न्यायिक कार्य से अलग रखा। जिसके कारण कई महत्वपूर्ण मामलों की सुनवाई के साथ 2500 से अधिक मुकदमों की सुनवाई पूरी तरह से प्रभावित रही।



**दक्षिण पूर्व रेलवे – निविदा**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए, वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (सामान्य)/आद्रा द्वारा निम्नलिखित विवरण के अनुसार विद्युत कार्यों के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: क्रम सं., ई-निविदा सूचना सं. एवं कार्य का विवरण निम्नानुसार है: 1. इलेक्ट-जी-एडीए-2025-07, दिनांक 20.02.2025, आद्रा मंडल के स्टेशनों और एलसी गेटों पर सीएलएस पैनल के साथ ऑटो चेंज ओवर स्विच के प्रावधान के लिए विद्युत कार्य। निविदा मूल्य : रु. 85,76,669/-, 2. इलेक्ट-जी-एडीए-2025-08, दिनांक 20.02.2025, आद्रा मंडल (पीएच-सी) में 11 केवी और 33 केवी रेटिंग दोनों के ओवरहेड पावर लाइन क्रॉसिंग को अंडरग्राउंड केबल (पीएलसी) में रूपांतरित करने और ऊर्जीकरण के लिए विद्युत कार्य। निविदा मूल्य : रु. 78,84,279/-, 3. इलेक्ट-जी-एडीए-2025-09, दिनांक 20.02.2025, आद्रा मंडल के एनएसजी कैटेगरी के 56 स्टेशनों पर एलईडी आधारित स्टेशन नेम बोर्ड और जीपीएस आधारित डिजिटल क्लॉक के प्रावधान के लिए विद्युत कार्य। निविदा मूल्य : रु.76,86,992/-, 4. इलेक्ट-जी-एडीए-2025-10, दिनांक 20.02.2025, दक्षिण पूर्व रेलवे के आद्रा मंडल में अनारा स्टेशन पर ईआई बिल्डिंग में रूपांतरण के साथ अनारा के यार्ड रिमॉडलिंग अर्थात 3 नई लाइनों (लाइन नं. 7, 8 और 9) के प्रावधान और डाउन यार्ड में लाइन नं. 2, 3 और 4 के विस्तार के लिए विद्युत कार्य। निविदा मूल्य : रु.12,89,541/-, 5. इलेक्ट-जी-एडीए-2025-11, दिनांक 20.02.2025, जयचंडीपहाड़ सिरे की ओर आद्रा स्टेशन के पीएफ नं. 3 और 4 के विस्तार के लिए विद्युत कार्य। निविदा मूल्य : रु. 18,61,626/-, ई-निविदाओं की अंतिम तिथि और समय दिनांक 19.03.2025 को 12.00 बजे है और दिनांक 19.03.2025 को 12.30 बजे के बाद निविदाएं खोली जाएंगी। उक्त ई-निविदा के विवरण के लिए, कृपया वेबसाइट www.ireps.gov.in देखें। (PR-1163)



**शपथ - पत्र**

लेख्य प्रमाणक, मेदिनीनगर, पलामू।



मैं, मो० शाहिद पिता मो० नुर मोहम्मद मियां ग्राम+पोस्ट - चांपी कला, थाना-पांकी, जिला-पलामू शपथ पूर्वक एकरार करता हूँ

(1) यह कि रानी खातून मेरी पुत्री है।
(2) यह कि आधार कार्ड नं.- 2517 3797 6619 में मेरी पुत्री का नाम साइस्ता खातून अंकित है।
(3) यह कि आधार कार्ड नं.- 2517 3797 6619 मेरी पुत्री का नाम रानी खातून अंकित है।
(4) यह कि मैं अपनी पुत्री का आधार कार्ड सुधार कर दूसरा आधार कार्ड में नाम रानी खातून अंकित है जो सही है।
(5) यह कि जब अपनी पुत्री का ऑन लाईन की आवश्यकता होती तो पुत्री का नाम साइस्ता खातून शो करता है जबकि रानी खातून शो करना चाहिए इसी उद्देश्य से यह शपथ पत्र का निष्पादन कर रहा हूँ।

नोटरी
लेख्य प्रमाणक पलामू।
बुक NO. 06 सीरियल NO. 3146
दिनांक 09.12.2024


# गांव-गांव तक कांग्रेस संगठन को मजबूत करना हमारी पहली प्राथमिकता : के राजू

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस के नवनियुक्त प्रदेश प्रभारी एवं कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव के. राजू अपने पांच दिवसीय दौरे पर शुक्रवार को सेवा विमान से रांची पहुंचे। प्रदेश प्रभारी के रूप में पहली बार रांची पहुंचने पर उनका एयरपोर्ट पर जोरदार स्वागत किया गया।

एयरपोर्ट पर प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, झारखंड विधानसभा में कांग्रेस विधायक दल के नेता प्रदीप यादव, उपनेता राजेश कच्छप, ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह,पूर्व मंत्री बंधु तिर्की सहित कई नेताओं ने नए प्रदेश प्रभारी का स्वागत किया। नव नियुक्त प्रदेश प्रभारी के स्वागत के लिए टाना भगत भी बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पहुंचे थे। स्वागत में पारंपरिक ढोल-नगाड़े और छऊ नृत्य, कलश नृत्य का भी प्रदर्शन किया गया।

**बाबा साहेब भीम राव अंबेडकर की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण :** बिरसा मुंडा एयरपोर्ट से कांग्रेस के नवनियुक्त प्रभारी के. राजू ने सीधे डोरंडा जाकर बाबा साहेब भीम राव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इसके बाद हिनू चौक स्थित कपूरी ठाकुर, बिरसा चौक स्थित धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। बिरसा मुंडा की प्रतिमा स्थल से के. राजू अरगोड़ा चौक स्थित वीर बुधु भगत की तस्वीर पर माल्यार्पण किया। बुधु भगत की तस्वीर पर माल्यार्पण के बाद के. राजू ने हरमू स्थित बाबा कार्तिक उरांव, सिदो कान्हो की प्रतिमा और परमवीर अल्बर्ट एक्का की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर अपनी पहली पांच दिवसीय झारखंड यात्रा की शुरूआत की।

प्रदेश कांग्रेस के नवनियुक्त प्रभारी के. राजू राज्य के महापुरुषों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद प्रदेश कार्यालय पहुंचे। वहां पार्टी पदाधिकारियों ने स्वागत किया। इसके बाद पार्टी के नेताओं के साथ के. राजू ने एक औपचारिक बैठक भी की।





### पांच दिवसीय झारखंड दौरे पर रांची पहुंचे प्रभारी का कांग्रेसियों ने एयरपोर्ट पर किया स्वागत

रांची एयरपोर्ट पर मीडिया कर्मियों से अपनी पहली अनौपचारिक मुलाकात में नवनियुक्त कांग्रेस प्रभारी के राजू ने कहा कि उनका उद्देश्य पार्टी के कार्यकताओं का मनोबल ऊंचा करने के साथ-साथ गांव में कांग्रेस संगठन को मजबूत करना है।

एससी, एसटी, ओबीसी और अल्पसंख्यक समुदाय के अधिक से अधिक लोगों को पार्टी से जोड़ने के प्रयास तेज किए जाएंगे। इसके साथ-साथ वैसे नेता जो कांग्रेस की नीति और सिद्धांतों में विश्वास रखते हैं और किसी भी वजह से पार्टी से अलग हैं, उन्हें भी पार्टी से जोड़ने का प्रयास किया जाएगा।


**01/रा०पु०शि०प्रा०–लैपटॉप क्रय–32/2017- 61/**
**झारखण्ड सरकार,**
**राज्य पुलिस शिकायत प्राधिकार**
**E–4/8 साकेत नगर, इंदिरा पैलेस के पीछे, हिनू, राँची–834002**

**कोटेशन आमंत्रण**

राँची, दिनांक:– 20/02/2025 ई०।

एतद् द्वारा, राज्य पुलिस शिकायत प्राधिकार, झारखण्ड, राँची कार्यालय के प्रयोजनार्थ निम्नांकित सामग्रियों की आपूर्ति हेतु कोटेशन आमंत्रित किया जाता है:–

| क्र० सं० | सामग्री | दर सभी कर सहित |
|---|---|---|
| 01. | Dell Laptop (Inspiron, 14-16 inch, Sanpdragon X Plus, X-Series, Windows-11, 16-GB"DDR-5", Qualcomm Adreno GPU, 1TB SSD) | प्रति अदद |
| 02. | Epson L8180 Printer | प्रति अदद |

- कोटेशन को स्वीकृत/अस्वीकृत/निरस्त/रदद करने का अधिकार कार्यालय के पास सुरक्षित रहेगा।
- कोटेशन राज्य पुलिस शिकायत प्राधिकार ई0–4/8, साकेत नगर, इंदिरा पैलेस के पीछे, हिनू, राँची–834002 में दिनांक–27/02/2025 को 3:00 बजे अपराह्न तक प्राप्त किये जा सकेंगे एवं दिनांक–27/02/2025 को 5:00 बजे अपराह्न कोटेशन खोला जाएगा।
- निर्धारित तिथि एवं समय के पश्चात् प्राप्त कोटेशन पर विचार नहीं किया जाएगा।
- सभी कोटेशन सीलबंद/मुहरबंद लिफाफा में हाथों–हाथ अथवा डाक द्वारा जमा किया जाना अनिवार्य होगा। अन्य विधियों द्वारा प्राप्त कोटेशन स्वीकार नहीं किये जायेंगे।
- आपूर्ति आदेश के विरूद्ध में सामग्रियों को आपूर्ति अनिवार्य होगी।

ह०/–
(अजीत कुमार सिंह)
सरकार के अवर सचिव
राज्य पुलिस शिकायत प्राधिकार, झारखण्ड, राँची

PR 346938 Home(24-25).D


# पोस्ते की फसल पूर्णत: नष्ट करे : मुख्य सचिव

## अलका तिवारी ने पहले दिये निर्देश पर हुई कार्रवाई की समीक्षा की

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** मुख्य सचिव अलका तिवारी ने कहा है कि पोस्ते की खेती के खिलाफ अभियान का सकारात्मक परिणाम दीख रहा है। लेकिन पोस्ते की फसल की सौ फीसदी विनष्टीकरण सुनि?त होनी चाहिये। वह शुक्रवार को पोस्ते की खेती के खिलाफ दो माह पहले अपनी अध्यक्षता में हुई बैठक में दिये गये निदेर्शों के अनुपालन की समीक्षा कर रही थीं। उन्होंने कहा कि अभियान से जुड़े अधिकारी आपसी समन्वय को और मजबूत तथा कारगर करें। जितने कांड दर्ज हुये हैं, उससे कम गिरफ्तारी को इंगित करते हुये उन्होंने कहा कि ज्यादा से ज्यादा गिरफ्तारी और उन्हें सजा दिलाने पर फोकस करें। उन्होंने विनष्टीकरण की प्रक्रिया में जरूरी संसाधनों का वास्तविक आकलन करने पर बल देते हुये कहा कि जरूरी संसाधनों की उपलब्धता सुनि?त की जायेगी। कुछ जगहों पर अभी भी पोस्ते की फसल लगी होने की सूचना पर उन्होंने अभियान को 15 मार्च तक जारी रखने का निर्देश दिया।

समीक्षा के दौरान बताया गया कि पोस्ते की खेती के खिलाफ अभियान के दौरान कुल 19,086 एकड़ में लगी फसल को नष्ट किया गया है। जो पिछले कुछ वर्षों से चार गुणा अधिक है। सबसे अधिक खूंटी में 10,520 एकड़ में लगी पोस्ते की फसल को नष्ट किया गया है। दूसरे स्थान पर रांची जिला है। जहां 4624 एकड़ में लगी पोस्ते की फसल नष्ट की गई है। सबसे कम पलामू में 396 एकड़ में लगे पोस्ते के पौधे को नष्ट किया गया है। बताया गया कि कुछ जगहों पर अभी भी पोस्ते की फसल को नष्ट करना बाकी है। जहां स्पेशल ड्राइव चलाकर कार्रवाई चल रही है। गौरतलब है कि पोस्ते की खेती से झारखंड के कुल आठ जिले चतरा, खूंटी, लातेहार, रांची, पलामू,चाईबासा, सरायकेलाए और हजारीबाग प्रभावित हैं।

**243 कांड किये गये दर्ज, 190 की हुई गिरफ्तारी :** समीक्षा के दौरान बताया गया कि पोस्ते की फसल के विनष्टीकरण के दौरान कुल 283 कांड और 958 सनहा दर्ज किये गये है। इस संदर्भ में कुल 190 लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

इस दौरान डीजीपी अनुराग गुप्ता ने पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे वन विभाग द्वारा पोस्ते की खेती को लेकर की गई कार्रवाई की रिपोर्ट को आधार बना कर संबंधित लोगों पर एफआइआर दर्ज करें। उन्होंने कहा कि ऐसे मामले में वन विभाग कानूनन सिर्फ अतिक्रमण का मामला दर्ज करता है, जो पोस्ते की खेती की गंभीरता को देखते हुये कमतर कार्रवाई होती है।



### जन जागरूकता पर दिया बल

इस दौरान मुख्य सचिव ने एक बार फिर पोस्ते की खेती के खिलाफ जनजागरूकता पर बल दिया। उन्होंने पोस्ते की खेती को हतोत्साहित करने के लिये लोगों को फसल के अन्य विकल्पों से जोड़ने को जरूरी बताया। उन्होंने कहा कि कुछ जगहों पर वैकल्पिक खेती से जोड़े गये लोगों द्वारा उत्साहजनक परिणाम सामने आ रहे हैं। उन्होंने पोस्ते की खेती का भौतिक सत्यापन के साथ सेटेलाइट की सहायता से भी प्रभावित क्षेत्र को चि?त करने का निर्देश दिया। समीक्षा के दौरान गृह विभाग की प्रधान सचिव वंदना डाडेल, कृषि सचिव अबु बक्कर सिद्धीक, पंचायती राज विभाग के सचिव विनय कुमार चौबे समेत संबंधित प्रमंडलों के आइजी, संबंधित जिलों के एसपी और डीसी समेत अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

## अमन श्रीवास्तव की जमानत याचिका हाईकोर्ट ने खारिज की

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट में हजारीबाग के गिद्दी थाने में दर्ज आर्म्स एक्ट मामले में आरोपित अमन श्रीवास्तव की जमानत याचिका पर सुनवाई हुई। शुक्रवार को सुनवाई के दौरान कोर्ट के आदेश के तहत हजारीबाग एसपी सशरीर उपस्थित हुए। अदालत को बताया गया कि मामले में अनुसंधानकर्ता (इन्वेस्टिगेटिंग ऑफिसर) की गवाही पूरी कर ली गयी है। गवाही के दौरान कई तारीखों पर उनकी अनुपस्थिति को लेकर स्पष्टीकरण मांगा गया था। याचिकाकर्ता की ओर से जमानत याचिका वापस लेने का अनुरोध किया गया, जिसे हाईकोर्ट ने स्वीकार करते हुए याचिका खारिज कर दी।

**हाइकोर्ट ने जतायी नाराजगी :** इस मामले में कोर्ट के निर्देश पर हजारीबाग के सब डिविजनल पुलिस ऑफिसर (एसडीपीओ) ने जवाब दाखिल किया था, लेकिन कोर्ट ने इसे खारिज करते हुए नाराजगी जतायी। कोर्ट ने कहा कि हजारीबाग एसपी को मामले मे शपथ पत्र दाखिल कर बताना था कि गवाही में अनुपस्थित रहने वाले अनुसंधानकर्ता के खिलाफ क्या एक्शन लिया गया है। गौरतलब है कि मामले में सिर्फ अनुसंधानकर्ता की ही गवाही बची थी। नवंबर 2024 से उनकी गवाही नहीं हो पा रही है, जिससे ट्रायल पूरा नहीं हो सका है।

पूर्व की सुनवाई में हाईकोर्ट ने हजारीबाग एसपी से स्पष्टीकरण मांगा था कि दो माह से अधिक समय बीतने के बाद भी अनुसंधानकर्ता गवाही के लिए उपस्थित क्यों नहीं हो रहे हैं। ऐसे में अनुसंधानकर्ता पर क्या कार्रवाई की गयी है। इस पर हजारीबाग एसपी ने जवाब दिया कि अनुसन्धानकर्ता की तबीयत खराब थी, जिसके कारण अनुसंधानकर्ता गवाही देने नहीं जा सके थे। हालांकि, अगली तिथि में वे गवाही देने जायेंगे। इस मामले में अमन श्रीवास्तव सहित आठ आरोपितों के खिलाफ आर्म्स एक्ट में गिद्दी थाना में कांड संख्या 9/ 2021 दर्ज की गयी थी।

## लैंड स्कैम में अगली सुनवाई 28 को

### हाइकोर्ट में अमित अग्रवाल की अर्जी पर सुनवाई जारी

**खबर मन्त्र संवादाता**

**रांची।** सेना के कब्जे वाली 4.55 एकड़ जमीन की अवैध खरीद बिक्री मामले में अमित कुमार अग्रवाल की जमानत याचिका की सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में हुई। मामले में प्रार्थी की ओर से बहस जारी रही। अगली सुनवाई 28 फरवरी को होगी। प्रार्थी की ओर से सुप्रीम कोर्ट की अधिवक्ता मीनाक्षी अरोड़ा एवं हाई कोर्ट के अधिवक्ता रोहित रंजन सिंह ने पैरवी की। पूर्व में पीएमएलए कोर्ट ने अमित अग्रवाल की जमानत अर्जी खारिज कर दी थी। अर्जी खारिज होने के बाद उनकी ओर से जमानत के लिए हाइकोर्ट में अर्जी दाखिल की गयी। इस मामले में ईडी द्वारा अमित कुमार अग्रवाल खिलाफ ईसीआईआर 1/2023 दर्ज किया है। इसमें अमित कुमार अग्रवाल , छवि रंजन सहित 10 आरोपियों के खिलाफ अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया जा चुका है। जमीन खरीद बिक्री मामले को लेकर बरियातू थाना में अमित अग्रवाल, छवि रंजन आदि के खिलाफ कांड संख्या 141 /2022 दर्ज किया गया है।

## चार्जशीटेड आरोपी को कोर्ट से नहीं मिली राहत

**रांची।** जेपीएससी प्रथम सिविल सेवा भर्ती घोटाले के चार्जशीटेड आरोपी लखीराम बास्की को अदालत ने राहत देने से इनकार किया है। सीबीआई के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत ने शुक्रवार को उसकी ओर से दाखिल अग्रिम जमानत याचिका सुनवाई प?ात खारिज कर दी है। अदालत ने गुरुवार को पांच आरोपियों की याचिका खारिज कर दी थी। अदालत ने 17 फरवरी को याचिका पर सुनवाई प?ात आदेश सुरक्षित रख लिया था। याचिकाकर्ता ने एक फरवरी को अग्रिम राहत की गुहार लगाते हुये याचिका दाखिल की थी। मालूम हो कि सीबीआई कोर्ट ने 16 जनवरी को 47 भ्रष्ट अफसरों समेत 74 लोगों के खिलाफ संज्ञान लेते हुये समन जारी किया है।


**GREATER RANCHI DEVELOPMENT AGENCY LIMITED**
**3RD Floor, Yojna Bhawan,**
**Room No. 303, Nepal House Complex,**
**Doranda, Ranchi, Jharkhand, 834002**
**CIN: U45203JH2003SGC010045**

**NOTICE INVITING BIDS**

**NIB No.: GRDA/YOJ/INFRA/04/2024-02, Date: 20.02.2025**

**National Competitive Bidding**

**BID NOTICE**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of the Work | REQUEST FOR PROPOSAL (RFP) FOR CONSULTANCY SERVICES FOR DETAILED ENGINEERING DESIGNS & PREPARATION OF DPR OF ROAD WITH PROVISIONING OF ALL ITS ASSOCIATED INFRASTRUCTURES SERVICES (WATER SUPPLY, SEWERAGE, DRAINAGE, GAS PIPELINE, ELECTRIFICATION & ELECTRIC CABLE LINES, TELECOMMUNICATION ETC.) IN CORE CAPITAL AREA OF JHARKHAND AT SITE -I, HEC AREA RANCHI. |
| 2. | Mode of submission of bids | Online Bidding (two bid system) |
| 3. | Bid Fee (through online) | Cost of Tender Document: Rs. 10,000/- (Rupees Ten Thousand only (Non-refundable) |
| 4. | Earnest Money Deposit (EMD) (In INR) (through online) | Earnest Money Deposit (EMD) – Rs 2,00,000/- (Rs. Two Lakh) only |
| 5. | Performance Guarantee | 5% (in form of Bank Guarantee) 5% (as retention money from each running bill) |
| 6. | Period of consultancy | Error! Reference source not found. |
| 7. | Date of starting of sale of online Bid/Document Download | 22.02.2025 at 13:00 Hrs. |
| 8. | Date of Start of Submission of online Bids | 22.02.2025 at 13:00 Hrs. |
| 9. | Pre-Bid meeting | 05.03.2025 at 15:00 Hrs. |
| 10. | Last Date for submission of Pre-Bid Queries | 04.03.2025 at 11:00 Hrs. |
| 11. | Last Date/Time for submission of online bids | 17.03.2025 at 17:00 Hrs |
| 12. | Date of Tech. Bid Opening | 18.03.2025 at 17:00 Hrs |
| 13. | Date of Presentation | To be intimated |
| 14. | Date of Financial Bid Opening | To be intimated |
| 15. | Office address | Greater Ranchi Development Agency Ltd, 3rd Floor, Room No. 303, Yojna Bhawan, Nepal House Complex, Doranda, Ranchi, Jharkhand-834002. e-mail: project.grda@gmail.com |
| 16 | Helpline no. | + 91 651 2491068/2491084 |

**Note: Only e-Bid will be accepted**
Further details are available on Jharkhand Government e-procurement website https://jharkhandtenders.gov.in

Sd/-
General Manager (P&P)
GRDA, Ltd.

PR 346899 Urban Development and Housing(24-25).D


## मजबूत अर्थव्यवस्था बनाने के सपने को साकार करेगा बजट : डॉ प्रदीप

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भाजपा रांची जिला ग्रामीण ने सिल्ली स्थित धर्मशाला में बजट पर परिचर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया। इसकी अध्यक्षता विनय महतो धीरज ने किया। मुख्य अतिथि के रूप में राज्यसभा सांसद डॉक्टर प्रदीप वर्मा उपस्थित थे। डॉक्टर प्रदीप वर्मा ने कहा कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने जो बजट पेश किया है वह देश की अर्थव्यवस्था को वैश्विक पटेल पर जबरदस्त उछाल देने वाला बजट है। यह बजट भारतवासियों के एवं पीएम मोदी के लक्ष्य जो विश्व की तीसरी सबसे मजबूत अर्थव्यवस्था वाला देश बनने पर इस सपने को साकार करता है। बजट में मध्यम वर्ग के लिये प्रति माह 1 लाख रुपये आय वाले परिवारों के लिए टैक्स फ्री किया गया है। केंद्रीय बजट में कृषि क्षेत्र के लिए प्रधानमंत्री धन धान्य कृषि योजना की घोषणा की गई है। इस योजना के अंतर्गत 1.7 करोड़ किसान लाभान्वित होंगे। इनमें 100 निम्न उत्पादन वाले जिलों को शामिल किया जायेगा। अरहर एउड़द व मसूर पर विशेष ध्यान देते हुए दालों में आत्मनिर्भरता मिशन शुरू किया जाएगा। संचालन जिला उपाध्यक्ष प्रभुदयाल बड़ाईक एवं धन्यवाद ज्ञापन मंडल अध्यक्ष अम्बुज रजक ने किया। मौके पर भगीरथ महतो, मनोज साव, अजित साहू, विनय साव, राजेश अग्रवाल, गणेश साहू, नरोत्तम गोराई, प्रवीण गुप्ता,भागवत सोनार, प्रमोद अग्रवाल, शायन त्रिपाठी, वीणा देवी, स्नेहलता देवी, अमिता कुमारी समेत दर्जनों मौजूद थे।





**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा**

**ई–अतिअल्पकालीन पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना**

**ई–निविदा संख्या– 19/RI/2024-25/RWD/CHATRA दिनांक– 20.02.2025**

कार्यपालक अभियन्ता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा द्वारा जिला खनिज फाउण्डेशन ट्रस्ट (DMFT) मद अन्तर्गत् निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र. सं. | आईडेन्टिफिकेशन संख्या/ पैकेज संख्या | प्रखण्ड | पंचायत | ग्राम | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अंक में | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अक्षर में | कार्य समाप्ति की अवधि | कॉल सं. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | RWD/ CHATRA/117/ 2024-25 | प्रतापपुर | चन्दरी गोविन्दपुर | अनन्तपुर | REO रोड से ठाकुरबाड़ी लबजी नदी तक PCC पथ निर्माण | 9544600.00 | पन्चानबे लाख चौआलीस हजार छः सौ मात्र | 06 माह | द्वितीय |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :– 24.02.2025
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 03.03.2025 अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 05.03.2025 अपराह्न 3.30 बजे।
5. ई–निविदा आमंत्रित करनेवाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियन्ता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा, द्वितीय तल, विकास भवन, चतरा।
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष संख्या :– 06541-296208

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग,कार्य प्रमण्डल, चतरा

PR 346918 (Rural Work Department)24-25*D


# शहरों के समेकित विकास की योजनायें बनाएं : प्रधान सचिव

## रांची एवं धनबाद सीवरेज सिस्टम के लिये एडीबी राशि उपलब्ध करायेगी

### जुडको के साथ चल रही पेयजलापूर्ति की प्रगति पर चर्चा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** नगर विकास एवं आवास विभाग के सचिव सुनील कुमार ने कहा कि शहरीकरण से संबंधित दूसरे राज्यों में विकास की योजनाओं पर एशियन डेवलपमेंट बैंक द्वारा काम किया जा रहा है। उसका अध्यन कर परियोजनाये बनायी जाये। श्री कुमार ने यह निर्देश जुडको के अधिकारियों को दिया है। मालूम हो कि शुक्रवार को प्रोजेक्ट भवन सचिवालय में जुडको के साथ कार्य कर रही एशियन डेवलपमेंट बैंक के वरीय अधिकारियों ने प्रधान सचिव से मुलाकात की।

प्रधान सचिव से मुलाकात के दौरान एशियन डेवलपमेंट बैंक की वरीय शहरीकरण विशेषज्ञ मोमोटो नीटा टाडा और वरीय परियोजना अधिकारी विशाल कुमार ने जुडको के साथ चल रही पेयजलापूर्ति एवं अन्य योजनाओ की प्रगति पर चर्चा की। एडीबी के प्रतिनिधियों ने प्रधान सचिव से कहा कि उनका बैंक रांची और धनबाद सीवरेज परियोजना पर कार्य करना चाह रहे है। इसके लिए सभी सभी जरूरी कार्य पूरे कर लिये गये हैं। डीपीआर भी बन कर तैयार है। प्रधान सचिव ने जुडको के उप परियोजना निदेशक उत्कर्ष मिश्र एवं एडीबी के प्रतिनिधियों से कहा कि समेकित शहरी आधारभूत संरचन विकसित करने के लिये योजनाये बनायी जाये। इससे शहरों में रहने वालो को हर प्रकार की सुविधा मिल सके। उन्होंने कहा कि तेजी से शहरीकरन हो रहा है। इसलिये, शहरीकरण के हिसाब से काम होना चाहिये। यही नहीं शहरों की प्रसिद्धि के अनुसार विकास का काम अन्य विभागों के साथ तालमेल बिठाकर प्रोजेक्ट बनने चाहिये। एडीबी द्वारा दूसरे राज्यों में किये जा रहे कार्यों का भी जुडको अध्यन कर रिपोर्ट तैयार करे। शहरों के विकास के क्षेत्र में काफी संभावनाएं हैं।

सुप्रभात
शनिवार 22.02.2025
धनबाद, वर्ष 01, अंक 302
epaper.khabarmantra.net
धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
धनबाद और रांची से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ

## मैट्रिक परीक्षा पेपर लीक के खिलाफ भाजपाइयों ने फूंका मुख्यमंत्री का पुतला

### छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ करने का लगाया आरोप

खबर मन्त्र संवाददाता

**तोपचांची।** झारखंड अकादमिक काउंसिल (जैक) द्वारा आयोजित मैट्रिक हिंदी और साइंस के प्रश्नपत्र लीक होने के विरोध में भाजपाइयों ने शुक्रवार को तोपचांची के सुभाष चौक पर मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन का पुतला दहन किया और राज्य सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

टुंडी के भाजपा नेता विकास कुमार महतो ने कहा कि राज्य में पहले प्रतियोगी परीक्षाओं के पेपर लीक हो रहे थे। अब जैक मैट्रिक जैसी महत्वपूर्ण परीक्षा का प्रश्नपत्र भी लीक हो गया है। उन्होंने राज्य सरकार पर छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन के कार्यकाल में राज्य के छात्र-छात्राओं का भविष्य अंधकारमय है। उन्होंने मामले की जांच के बाद दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है। मौके पर तोपचांची मंडल अध्यक्ष निवास तिवारी, आषुतोष पाल, गिरजा शंकर उपाध्याय, रणवीर चौबे, राकेश दास , राम नारायण भगत, बासुदेव पाल, दिलीप दास, लालू साव, श्याम महतो, मंटू प्रमाणिक सहित अन्य उपस्थित थे।

### भाजयुमो ने सरकार की कार्य प्रणाली पर उठाया सवाल

**कतरास।** भारतीय जनता युवा मोर्चा के कतरास मंडल महामंत्री विवेक हजारी ने झारखंड में परीक्षाओं के पेपर लीक को लेकर झामुमो की सरकार पर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि जेएसएससी सीजीएल परीक्षा के प्रश्नपत्र लीक होने के बाद भी सरकार ने कार्यप्रणाली में सुधार नहीं किया और अब मैट्रिक परीक्षा का प्रश्नपत्र भी सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। उन्होंने आरोप लगाया कि समय रहते सरकार ने ठोस कदम नहीं उठाया। अब जब परीक्षा रद्द कर दी गई है, तो इससे छात्रों का मनोबल टूट गया है। अविलंब दोषी पदाधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

### भाजयुमो ने किया पुतला दहन

**गोविंदपुर।** मैट्रिक परीक्षा पेपर लीक के विरोध में शुक्रवार को गोविंदपुर स्थित सुभाष चौक पर राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का पुतला दहन किया गया। कार्यक्रम में भाजयुमो धनबाद ग्रामीण जिलाध्यक्ष मनीष साव ने कहा कि हेमंत राज में बड़ी परीक्षा तो छोड़िए, मैट्रिक परीक्षा में अगर पेपर लीक होता है तो इस सरकार से छात्र युवा कोई उम्मीद ना रखे।

## पेपर लीक की बढ़ती घटनाएं राज्य के लिए चिंताजनक : अभाविप

खबर मन्त्र संवाददाता



धनबाद। अभाविप ने रणधीर वर्मा चौक पर जैक अध्यक्ष का पुतला दहन किया। दसवीं की परीक्षा में हिंदी और विज्ञान के पेपर लीक होने की घटना की निष्पक्ष व विस्तृत जांच की मांग की। राज्य में लगातार हो पेपर लीक की घटना को शिक्षा व्यवस्था के लिए अत्यंत चिंताजनक बताया। कहा कि विद्यार्थी इस प्रकार की घटनाओं से मानसिक रूप से तनावग्रस्त होते हैं, जिनका असर उनकी परीक्षा परिणाम पर भी पड़ता है। अभाविप झारखंड के प्रदेश सह मंत्री अंशु तिवारी ने कहा कि झारखंड अधिविध परिषद परीक्षाओं की सुचिता बरकरार रखने में असमर्थ है। एक तरफ झारखंड सरकार के मुखिया हेमंत सोरेन राज्य में शिक्षा की स्थिति सुधारने की बात करते हैं, दूसरी ओर उनके द्वारा नियुक्त बैंक के अध्यक्ष अपनी पहली ही परीक्षा को सुचितापूर्ण तरीके से आयोजित कराने में असफल रहे। सरकार को विद्यार्थियों के लिए न्याय सुनिश्चित करना होगा। अभाविप इस पूरी घटना की सीबीआई जांच की मांग करती है। इस तरह की कुसंगतियां जैक की क्षमता को उजागर करती हैं। अभाविप मांग करती है कि भविष्य में समस्याओं को रोकने के लिए जैक अपनी कार्य प्रणाली को दुरुस्त करें। मौके पर साक्षी, हरगोविंद, प्रियंका, विक्की ठाकुर,अभय जायैसवालआदि मौजूद थे।

## स्पीड न्यूज

### 40 महिलाओं का सफलतापूर्वक किया बंध्याकरण

**धनबाद।** स्थानीय सदर अस्पताल में परिवार नियोजन मेगा कैंप का आयोजन किया गया। इसमें महिला बंध्याकरण, अंतरा इंजेक्शन सहित सभी प्रकार की परिवार नियोजन सेवाएं प्रदान की गईं। कैंप में अर्बन सहिया के सहयोग से लाभार्थियों को लाया गया। जिसमें 40 महिलाओं का सफलतापूर्वक बंध्याकरण किया गया। मौके पर सिविल सर्जन डॉ चंद्र भानु प्रतापन, नोडल पदाधिकारी डॉ. राजकुमार सिंह, डॉ विकास राणा, डॉ.संजीव कुमार, लेप्रोस्कोपिक सर्जन डॉ. श्री निवास राव, अस्पताल प्रबंधक तबस्सुम नाज, अर्बन कम्युनिटी प्रोसेस मैनेजर गौतम सिंह, पी.एस.आई. इंडिया के जिला प्रबंधक प्रेम कुमार सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मियों और पैरामेडिकल स्टाफ मौजूद थे।

### ऑल इंडिया फारवर्ड ब्लॉक की बाघमारा प्रखंड कमेटी गठित

**कतरास।** अंगारपथरा संकल्प वाटिका में ऑल इंडिया फारवर्ड ब्लॉक की प्रखंड स्तरीय बैठक राजेश कुमार स्वर्णकार की अध्यक्षता में हुई। प्रदेश सचिव अरुण मंडल की देख रेख में बाघमारा प्रखंड कमेटी का गठन किया गया। संगठन का बिस्तार और मजबूती पर चर्चा की गई। सहदेव महतो , लखन भुईंय, संजय दास, मुन्ना बर्मन, लुकमान खान, फेकू कुम्हार, प्रभु ठाकुर, माया देवी आदि उपस्थित थे।

### 22 से 24 फरवरी तक 120 मिनट लेट से चलेगी वाराणसी-आसनसोल एक्सप्रेस

**धनबाद।** पं.दीनदयाल उपाध्याय (डीडीयू) मंडल के कष्ठा स्टेशन में यार्ड रिमॉडलिंग के कारण ट्रेनों के परिचालन में बदलाव किया गया है। 22 से 24 फरवरी तक वाराणसी से खुलने वाली गाड़ी सं13554 वाराणसी-आसनसोल एक्सप्रेस डीडीयू और परैया के बीच 120 मिनट नियंत्रित कर चलायी जाएगी। 22 एवं 23 फरवरी को नई दिल्ली से खुलने वाली गाड़ी सं 12802 नई दिल्ली-पुरी पुरुषोत्तम एक्सप्रेस डीडीयू और अनुग्रह नारायण रोड के बीच 45 मिनट नियंत्रित कर चलायी जाएगी । 25 को वाराणसी से खुलने वाली गाड़ी सं. 13554 वाराणसी-आसनसोल एक्सप्रेस डेहरी ऑन सोन और परैया के बीच 60 मिनट नियंत्रित कर चलायी जाएगी।

# उत्पाद विभाग ने अवैध फैक्ट्री का किया भंडाफोड़ , तीन गिरफ्तार

### गलफरबाड़ी में डेढ़ करोड़ रुपये मूल्य की नकली अंग्रेजी शराब जब्त

खबर मन्त्र संवाददाता

**मैथन।** गलफरबाड़ी ओपी क्षेत्र के हाईवे किनारे स्थित बंद क्रशर कारखाना में नकली अंग्रेजी शराब फैक्ट्री का भंडाफोड़ हुआ है। शुक्रवार को धनबाद उत्पाद विभाग की टीम ने छापेमारी कर भारी मात्रा में नकली शराब जब्त की है। लगभग दो हजार पेटी अंग्रेजी नकली शराब, 15 सौ लीटर स्प्रिट, पंचिंग मशीन और शराब बनाने के उपयोग की जरूरी सामग्री भी बरामद की है। शराब का मूल्य डेढ़ करोड़ रुपये से अधिक बताया जा रहा है।

टीम ने शराब बनाने वाले तीन मजदूरों को मौके से गिरफ्तार किया है। अवैध शराब कारोबारी की गिरफ्तारी नहीं हो सकी। दंडाधिकारी जेई गौतम कुमार महतो के नेतृत्व में करीब पांच घंटे तक छापेमारी चली। टीम जब्त नकली अंग्रेजी शराब की पेटी व अन्य सामान को पिकअप वैन व अन्य नौ गाड़ियों में लाद कर साथ ले गयी। टीम में उत्पाद विभाग के दो इंस्पेक्टर व चार दारोगा शामिल थे। मजिस्ट्रेट श्री महतो ने छापेमारी को जिले की अब तक की बड़ी कार्रवाई बताया।

**बिहार, बंगाल व यूपी में खपाई जाती थी नकली शराब :** करीब एक साल से चोरी छिपे नकली शराब फैक्ट्री संचालित हो रही थी। जर्जर दो कमरे में फैक्ट्री चल रही थी, जहां बोतल में नकली शराब भरकर पंचिंग का काम होता था। उसे पेटी में भरकर स्टाक कर रखा गया था। जब्त पेटी को होली से पूर्व बिहार, यूपी व बंगाल में खपाने की योजना थी। उत्पाद टीम को इसकी भनक लग गयी। टीम ने बिना देरी किये सुबह 11 बजे कारखाना में धावा बोल दिया।



टीम को देखते ही शराब बनाने वाले मजदूर भागने लगे, जिनमें से तीन को दबोच लिया गया। तीनों ने टीम को दो कमरा दिखाया, जहां शराब की पेटी रखी थी। दरवाजा खोला गया तो देखा कि भारी मात्रा में नकली शराब की बंद बोतल की पेटी है। टीम ने पूरे कमरे का एक एक कोना खंगाल डाला। कमरे से पंचिंग मशीन, खाली बोतल व ढक्कन, पेटी का गत्ता, गैलन में भरा स्प्रिट आदि बरामद किया।

## भारी मात्रा में स्टील ग्रेड का कोयला जब्त

खबर मन्त्र संवाददाता



**भौरा।** भौरा सुदामडीह थाना क्षेत्र के मोहलबनी रेलवे चेक पोस्ट के पास धर्मेंद्र साहू नामक व्यक्ति के बंद पड़े मकान में सीआईएसएफ एवं सुदामडीह पुलिस ने संयुक्त रूप से छापामारी कर करीब 25 से 30 टन स्टील ग्रेड कोयला जब्त किया। घर के मालिक ने कहा कि यह मकान उनका है, मगर वह ताला बंद कर दूसरी जगह रहते हैं। आज घर को देखने के लिए आए तो पीछे आंगन में कोयले का ढेर जमा था। शौचालय को तोड़कर उसमें भी कोयला जमा कर दिया गया है, जिसकी सूचना पुलिस को दी। भौरा से सुदामडीह रेलवे साइडिंग में चलने वाले हाईवे से रेलवे क्रॉसिंग के पास हाईवे चालकों से मिली भगत कर पासवान सिंह बंधु द्वारा कोयला उतार कर जमा किया जाता है, जिसे पिकअप वैन से बाहर भेज दिया जाता है।

## गुरु नानक कॉलेज में अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस पर व्याख्यान माला

खबर मन्त्र संवाददाता



**धनबाद।** अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस पर शुक्रवार को गुरु नानक कॉलेज धनबाद के मानविकी संकाय ने मातृभाषा-सांस्कृतिक पहचान और विरासत की आत्मा विषय पर गुरु नानक देव व्याख्यान श्रृंखला का आयोजन किया। विशिष्ट वक्ता हिंदी के प्रख्यात साहित्यकार और गगन घटा गहरानी उपन्यास के लेखक मनमोहन पाठक एवं मुख्य वक्ता दिलीप कुमार सिंह, प्रबंधक (राजभाषा), बीसीसीएल, सचिव, न रा क स, धनबाद की उपस्थिति रही। शासी निकाय के अध्यक्ष सरदार आर एस चहल ने मनमोहन पाठक को एवं प्राचार्य डॉ संजय प्रसाद ने दिलीप सिंह को पौधा, शॉल और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

लेखक मनमोहन पाठक ने अपने वक्तव्य में जीवन-यात्रा की अनुभूति को साझा किया। इस अवसर पर प्रो इनचार्ज महिला शाखा डॉ रंजना दास, प्रो दीपक कुमार, प्रो संतोष कुमार, प्रो मीना मालखंडी सहित अन्य शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मियों सहित सौ से अधिक छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

## एक नजर में

### स्कूलों में एमडीएम योजना की डीएससी औचक जांच करें: डीसी



विशेष संवाददाता

**धनबाद।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी सुश्री माधवी मिश्र ने मध्याह्न भोजन योजना की जांच के लिए औचक निरीक्षण करने का निर्देश जिला शिक्षा अधीक्षक को दिया है। उपायुक्त आज यहां समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय मे एमडीएम स्टीयरिंग-सह-मॉनिटरिंग कमिटी की बैठक में समीक्षा बैठक को संबोधित कर रही थीं। बैठक में पी.एम. पोषण योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजट पर विचार विमर्श कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। इसके अलावा इस योजनान्तर्गत कार्यरत रसोईया के मानदेय भुगतान, स्कूल स्टेप डिलीवरी के तहत विद्यालय तक खाद्यान्न का उठाव, वित्तीय वर्ष 2024-25 में विद्यालय में उपलब्ध कुकिंग कॉस्ट मद राशि का आय-व्यय, वित्तीय वर्ष 2024-25 में जिला/विद्यालय में उपलब्ध फल/अण्डा मद राशि का आय-व्यय, वित्तीय वर्ष 2024-25 में जिला / विद्यालय में उपलब्ध रागी (मडुआ) मद राशि का आय-व्यय एवं पी.एम. पोषण योजनान्तर्गत विद्यालय द्वारा भेजें जा रहे एसएमएस की समीक्षा की गई। उपायुक्त सुश्री मिश्र ने एमडीएम के औचक निरीक्षण करने हेतु जिला शिक्षा अधीक्षक को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि समय-समय पर विद्यालयों में मिल रहे एमडीएम का औचक जांच कर यह सुनिश्चित करें कि तय मानकों के अनुरूप बच्चों को एमडीएम मिले। साथ ही यह भी सुनिश्चित करें कि तय समय पर सभी प्रखंडो में एमडीएम की राशन पहुँचे और वहां से सभी स्कूलों में समय पर राशन उपलब्ध कराएं।

### विद्यार्थी ने की बिना कारण बताये स्कूल से निष्कासित करने की शिकायत



खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** शुक्रवार को समाहरणालय स्थित सभागार में आयोजित जनता दरबार में एडीएम लॉ एंड ऑर्डर पीयूष सिन्हा ने विभिन्न लोगों की शिकायतें सुनी।इसमें एक छात्र ने आवेदन देकर बताया कि उसे बिना कोई कारण बताएं या चेतावनी दिए स्कूल से निष्कासित कर दिया है। मामले पर संज्ञान लेते हुए एडीएम ने जिला शिक्षा अधीक्षक को दोनों पक्षों को बुलाकर बात करने और वस्तु स्थिति से अवगत कराने का निर्देश दिया। केंदुआ बाजार हनुमानगढ़ी से आए व्यक्ति ने उनके पैतृक जमीन पर जबरन कब्जा करने, रास्ता बंद कर देने एवं रंगदारी मांगने की शिकायत की। गोविंदपुर के दामकड़ा बरवा, बड़ा जमुआ से आई महिलाओं ने 15वें वित्त आयोग मद से बनने वाले नाली निर्माण में कुछ लोगों द्वारा बाधा पहुंचाने, महुबनी 2 गोविंदपुर से आए व्यक्ति ने अबुआ आवास एवं पीएम आवास योजना में अनियमितता बरतने की शिकायत की।

### संत मैथ्यूज हाई स्कूल में अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस मना

**राजगंज।** संत मैथ्यूज हाई स्कूल, राजगंज में अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस का जश्न मनाया गया। यह दिवस विश्व में भाषाई एवं सांस्कृतिक विविधता और बहुभाषिता को बढ़ावा देने के लिए मनाया जाता है। स्कूल के छात्रों ने विभिन्न राज्यों की पारंपरिक पोशाक पहनकर अपनी संस्कृति को प्रदर्शित किया। प्राचार्य राहुल कुमार ने छात्रों को अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के महत्व के बारे में बताया और उन्हें अपनी मातृभाषा को संरक्षित करने और उसका सम्मान करने के लिए प्रेरित किया।

## जयपुर से चारकोल शीट लेकर आ रहा ओवरलोडेड ट्रक पलटा



**धनबाद।** नई दिल्ली-कोलकाता मुख्य मार्ग एनएच-19 पर शुक्रवार को बड़ा हादसा हुआ। जयपुर से चारकोल शीट लेकर आ रहा ओवरलोडेड ट्रक बरवाअड्डा कोल्ड स्टोर के पास पलट गया। खलासी रंजीत साव के अनुसार वे माल को गोविंदपुर में उतारने जा रहे थे। बरवाअड्डा के पास एक अन्य ट्रक ने ओवरटेक करते समय उन्हें चकमा दे दिया। इस कारण उनका ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। ट्रक पर लदा चारकोल शीट सड़क पर बिखर गया। हादसे में ट्रक चालक और खलासी को मामूली चोटें आई है।

## डीएसपी सीसीआर ने धनबाद न्यायालय परिसर में सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा



खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** डीएसपी सीसीआर सुमित कुमार ने शुक्रवार को धनबाद व्यवहार न्यायालय परिसर से संबंधित सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। एसएसपी हृदीप पी जनार्दनन के निर्देशानुसार डीएसपी के नेतृत्व में पुलिस पदाधिकारियों की टीम धनबाद व्यवहार न्यायालय पहुंची, जहां सुरक्षा व्यवस्था का ऑडिट किया गया। पदाधिकारियो ने न्यायालय परिसर, कोर्ट हाजत, कोर्ट परिसर से जेल की ओर जाने वाली सड़क, न्यायालय परिसर की इंट्री व निकासी गेट, चहारदीवारी की ऊंचाई आदि का निरीक्षण किया। वही सुरक्षा में तैनात सुरक्षाकर्मियों के साथ मेटल डिटेक्टर, सीसीटीवी, वाहन जांच, आगंतुकों की तलाशी संबंधित व्यवस्था की गहनता से समीक्षा की गई।

### खाद्य अनुज्ञप्ति सह पंजीयन शिविर का आयोजन

**मैथन।** खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा शुक्रवार को निरसा प्रखंड के भमाल पंचायत भवन में खाद्य अनुज्ञप्ति सह पंजीयन शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 30 दुकानदारों ने लाइसेंस के लिए आवेदन जमा किया। शिविर में एफएसएसएआई के राहुल कुमार पासवान ने बताया कि दुकानदारों को सहूलियत देने के लिए खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा पंजीकरण एवं एफओएसटीएसी प्रशिक्षण पंजीकरण शिविर लगाया गया है। खाद्य सुरक्षा से जुड़े दुकानदारों को लाइसेंस के साथ एफओएसटीएसी का प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। जिन दुकानदारों ने आवेदन किया है, उन्हें एक माह के अंदर लाइसेंस दे दिया जाएगा। एक दिन निरसा में ही सभी को प्रशिक्षण भी दिया जाएगा।

## जल्द ही खत्म हो जायेगा एग्यारकुंड प्रखंड का एक आदिवासी गांव

### आसनसोल रेल मंडल ने रेलवे विस्तार के लिए 60 परिवारों को दिया नोटिस

खबर मन्त्र संवाददाता

**मैथन।** एग्यारकुंड प्रखंड क्षेत्र के आदिवासी गांव शिवलीबाड़ी मुंडाधौड़ा का अस्तित्व जल्द ही खत्म हो जाएगा। आदिवासी धौड़ा की लगभग तीन सौ की आबादी पर विस्थापन का खतरा मंडरा रहा है। आसनसोल रेल मंडल ने रेलवे विस्तार (फ्रेट कॉरिडोर निर्माण) के लिये धौड़ा के 60 परिवारों को नोटिस दिया है, जिसमें पांच अप्रैल तक धौड़ा खाली करने की हिदायत दी गई है। इससे पहले भी नोटिस देकर चार पांच घरों को रेलवे द्वारा तोड़ा गया है। 19 फरवरी को नोटिस मिलने के बाद लोगों में विस्थापन को लेकर हड़कंप मचा हुआ है। गत गुरुवार को धौड़ा के लोगों ने सीओ (एग्यारकुंड अंचल) से मिलकर सरकारी जमीन चिन्हित कर उन्हें बसाने की गुहार लगायी। सीओ ने सीआई व अंचल अमीन को विस्थापित आदिवासी परिवारों के अलावा अन्य लोगों को बसाने के लिये जमीन चिन्हित करने का निर्देश दिया। सीओ कृष्ण कुमार मरांडी के निर्देश पर अंचल की एक टीम चार नंबर रेलवे फाटक के समीप जमीन चिन्हित करने पहुंची। जमीन की मापी भी की, जिससे लोगों में खुशी देखी जा रही है। लोगों ने कहा कि लगभग पचास साल से वे लोग यहां रह रहे हैं। अब कहां जाएंगे। कई बार सीओ व डीसी से बसाने की गुहार लगाई जा चुकी है। लेकिन कोई ठोस पहल नहीं की गई है। समय रहते बसाने की पहल की जाती तो वे बेघर नहीं होते। फर्जी कागजात के जरिये कई रईस लोग सरकारी जमीन पर बस चुके हैं। धौड़ा के आसपास तीन एकड़ से अधिक सरकारी जमीन उपलब्ध है, जिसपर कॉलोनी बनाकर उन्हें बसाया जा सकता था। लेकिन किसी ने कोई ध्यान नहीं दिया।

## बैंक कर्मियों ने किया प्रदर्शन, 24-25 मार्च को करेंगे हड़ताल

खबर मन्त्र संवाददाता




**धनबाद।** विभिन्न मांगों को लेकर यूएफबीयू के बैनर तले बैंक कर्मचारियों ने शुक्रवार को भारतीय स्टेट बैंक की मुख्य शाखा के समक्ष प्रदर्शन किया। कर्मियों ने बैंको में पर्याप्त भर्ती, सप्ताह में पांच दिन बैंकिंग कार्य करने सहित सुरक्षा की मांग की। 24 और 25 मार्च को होने वाली हड़ताल को सफल बनाने के लिए आम लोगों से समर्थन करने की अपील की गई। प्रदर्शन में घटक दलों के सदस्य बड़ी संख्या में शामिल थे। सभी से आंदोलन में बहुमूल्य समय देने की बात कही गई। प्रदर्शन में एसबीआई अधिकारी संघ के धनबाद अंचल सचिव सत्येंद्र आनन्द, रवि सिंह, शक्ति दास, रंजीत जायसवाल, राजीव सिंह, प्रभात सिंह, पल्लवी पराशर, किशोर कुमार, अजीत विश्वकर्मा, मुरली चैधरी, आशुतोष कुमार, सुजीत कुमार आदि शामिल थे।

## स्पीड न्यूज

### माइंस संचालकों संग सीओ की बैठक



**हरिहरगंज पलामू।** पीपरा प्रखंड सभागार में सीओ जितेंद्र कुमार ने माइंस संचालकों संग बैठक की। इसमें संचालकों से नियमपूर्वक माइंस संचालन, सड़क पर उड़ रही धूल से बचाव के लिए नियमित पानी छिड़काव, ओवरलोड वाहन नहीं चलाने समेत कई निर्देश दिये। कहा कि निर्देश का उल्लंघन करने पर संचालकों व वाहन मालिकों पर कार्रवाई की जायेगी। बैठक में जिप सदस्य ददन पासवान, प्रमुख विक्रांत सिंह यादव, एसआइ मनोज राणा सहित कई लोग मौजूद थे।

### प्रियंका बनी महुराम की आंगनबाड़ी सेविका



**पाटन।** शुक्रवार को सेमरी टोला महूराम में आंगनबाड़ी सहायिका चयन किया गया, जिसमें आवेदिका चार थे। उसमें से ज्यादा परसेंट प्रियंका कुमारी पति प्रिंस प्रजापति को चुना गया। मौके पर पाटन ब्लॉक के बड़ा बाबू आशीष सिंह, सुपरवाइजर रेणु कुमारी, मुखिया सुमति देवी, मुखिया पति शिवशंकर प्रसाद, उप्रावि सेमरी का महूराम टोला के प्राचार्य अणिमा कुमारी, शिक्षक श्रवण पांडे, पंसस पूनम देवी भी थे।

### गोदरमा कला के एक घर में लगी आग



**विश्रामपुर (पलामू)।** नप के वार्ड तीन के गोदरमाकला के सामाजिक कार्यकर्ता आशीष ठाकुर के सूने घर में शुक्रवार दोपहर अचानक आग लग गयी। जिससे घर का सारा सामान जलकर राख हो गया। पूरा परिवार आठ किमी दूर प्राचीन देवी स्थल चेड़ी देवीधाम पूजा अर्चना करने गया था। पड़ोसियों ने बताया कि बंद घर की खिड़की से धुआं निकलता देखकर आग लगने का अंदेशा हुआ। जिसके बाद पड़ोसियों ने घर का दरवाजा तोड़ा और अंदर गये। घर में रखे रेफ्रिजरेटर से आग की लपटें निकल रही थीं, जिससे कमरे में रखा सामान भी जल रहा था। पीड़ित ने लिखित सूचना बिश्रामपुर सीओ राकेश तिवारी को दी है। बताया कि एक लाख से ज्यादा का नुकसान हुआ है। उन्होंने आपदा राहत कोष से मुआवजा दिलाने की गुहार सीओ से लगायी है।

### एसी ने जानी अंचल कार्यालय की हकीकत



**पाटन पलामू।** जिले के अपर समाहर्ता कुंदन कुमार ने शुक्रवार को पाटन अंचल कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने दाखिल-खारिज, आय, जाति व आवासीय प्रमाण पत्रों की समीक्षा करते हुए सभी दस्तावेजों को समय पर निर्गत करने को कहा। इसके अलावे राजस्व वसूली लक्ष्य हर हाल में पूर्ण करने की बात कही। श्री कुमार ने म्यूटेशन स्वीकृति एवं भू मापी स्वीकृति से संबंधित मामलों की जांच की। उन्होंने सीओ को परिशोधन पोर्टल का व्यापक रूप से प्रचार प्रसार करने की बात कही ताकि आमजन भूमि से जुड़े शिकायत इस पोर्टल के माध्यम से कर सकें। मौके पर पाटन सीओ राकेश श्रीवास्तव, ई डिस्ट्रिक्ट मैनेजर पंकज कुमार पांडेय, सीआई व कर्मचारी उपस्थित रहे।

### हाइवा की चपेट में आने से बाइक सवार युवक की मौत, बहन की हालत गंभीर

**हरिहरगंज पलामू।** पिपरा थाना क्षेत्र के होलेया गांव के समीप सुखनदिया पर शुक्रवार की शाम हाइवा ने बाइक को टक्कर मार दी। इसमें बाइक चालक हिमांशु की मौत हो गयी। जबकि चचेरी बहन अदिति पिता सरोज गुप्ता गंभीर रूप से घायल हो गयी है। मृतक पिपरा के सुदर्शन गुप्ता का पुत्र है। हिमांशु अदिति को हुसैनाबाद से इंटर परीक्षा दिलाकर आ रहा था।

### आकलन पास पारा शिक्षकों को स्थायी और वेतनमान दे सरकार : हरेंद्र सिंह



**पाटन पलामू।** पाटन प्रखंड के आकलन सफल-सह-प्रशिक्षित सहायक अध्यापक संघ हरेंद्र कुमार सिंह ने झारखंड सरकार से आकलन पास पारा शिक्षकों की सेवा स्थाई कर वेतनमान देने की मांग की है। श्री सिंह ने कहा कि सहायक अध्यापक (पारा शिक्षक) विगत 22 वर्षों से विद्यालय में अपनी सेवा दे रहे हैं। सरकार भी मानती है कि पारा शिक्षकों की बदौलत राज्य में शिक्षा का स्तर बढ़ा है। कहा कि एक ही छत के नीचे समान काम करने वाले शिक्षकों के वेतन में जमीन और आसमान का अंतर है।

### एलसीएम कॉलेज परीक्षा केंद्र में भौतिक विज्ञान की परीक्षा कदाचारमुक्त संपन्न



**विश्रामपुर (पलामू)।** रेहला स्थित लक्ष्मी चंद्रवंशी महिला कॉलेज में शुक्रवार को 11वीं के भौतिक विज्ञान की परीक्षा कदाचारमुक्त संपन्न हो गयी। केंद्राधीक्षक नूतन रानी ने बताया कि इंटर परीक्षा की दूसरे पाली में भौतिक विज्ञान के कुल 1099 परीक्षार्थियों में 1095 ही शामिल हुए। केंद्राधीक्षक नूतन रानी व दंडाधिकारी शिवनाथ राम ने सभी रुम में जाकर निरीक्षण किया। वीक्षकों को कई दिशा निर्देश भी दिये।

### हर-हर महादेव के जयघोष से गूंजा सबानो



**हुसैनाबाद पलामू।** प्रखंड क्षेत्र की झारखंड सीमा स्थित सबानो में श्री सर्वेश्वरी महादेव प्राण प्रतिष्ठा सह महायज्ञ को लेकर भव्य जलयात्रा निकली। जहां काफी संख्या में श्रद्धालु कलश के साथ हर-हर महादेव के जयघोष से कररबार नदी तट पहुंच वैदिक मंत्रोच्चार के साथ जल भर मंदिर परिसर पहुंच कलश स्थापित किये। जलयात्रा सबानो शिव मंदिर यज्ञ स्थल से होते कररबार नदी से जल भर कर पुनः यज्ञ स्थल पर पहुंच कर परिक्रमा किया। यज्ञ वैष्णव संप्रदाय के महान संत पूज्य श्रीश्री 1008 श्री लक्ष्मी प्रपन जियर स्वामी जी महाराज के निर्देश में हो रहा है।

# पलामू महिला शक्ति से उठी आवाज अब कानून बनेगी: भानु प्रताप शाही

## वन नेशन वन इलेक्शन देश की आवश्यकता : अरुणा शंकर

**खबर मन्त्र संवाददाता**




कार्यक्रम के दौरान मंच पर उपस्थित पूर्व विधायक, प्रथम महापौर व अन्य।

**मेदिनीनगर।** होटल ज्योतिलोक के सभागार में पलामू चैंबर आफ कमर्स एंड इंडस्ट्रीज लेडीज विंग के वन नेशन वन इलेक्शन पर डिबेट में कई महिलाएं उपस्थित हुईं। जिसके मुख्य अतिथि भवनाथपुर के पूर्व विधायक भानु प्रताप शाही, मेदिनीनगर की प्रथम महापौर अरुणा शंकर, भाजपा जिलाध्यक्ष अमित तिवारी, भाजपा युवा मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष किसलय तिवारी थे। अध्यक्षता करते हुए अध्यक्ष प्रियंका सिंघानिया ने कहा हमारे देश में कई बार चुनाव होते हैं जिसमें देश का समय, पैसा और श्रम बर्बाद होता है। इसे बचाने की जरूरत है ताकि ये देश के विकास में काम आ सकें। उन्होंने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि पलामू से महिलाओं की आवाज की गूंज जल्द बड़ा स्वरूप लेकर लोकसभा से पारित होते हुए एक मिसाल बनेगा। श्री शाही ने चेंबर महिला विंग की सराहना की। कहा कि महिला विंग ने एक ज्वलंत समस्या पर डिबेट की और संभवतः भारत में वन नेशन वन इलेक्शन पर यह किसी सामाजिक संस्था की पहली पहल होगी, जिसके लिए चेंबर महिला विंग एवं प्रथम महापौर अरुणा शंकर बधाई की पात्र हैं।

ग्रामीण कार्य विभाग के अभियंता प्रमुख ने मेसर्स सिलदिलिया कंस्ट्रक्शन को किया डिबार घोषित

# सिलदिलिया कंस्ट्रक्शन द्वारा विभिन्न योजनाओं में की गयी लूट की राशि को वापस करायेंगे : डॉ शशिभूषण

**खबर मन्त्र संवाददाता**



पत्रकार वार्ता में जानकारी देते पांकी विधायक डॉ शशिभूषण मेहता व अन्य।

**मेदिनीनगर।** मेसर्स सिलदिलिया कंस्ट्रक्शन दो नंबर टाउन रेड़मा डालटनगंज पलामू ने पांकी विस समेत पाटन-छतरपुर विस क्षेत्रों में कई सड़क एवं पुल पुलिया, ब्रीज का निर्माण कार्य का ग्रामीण कार्य विभाग से टेंडर लिया था। इतना ही नहीं पीएम ग्राम सड़क योजना के भी कार्य लिये थे। जो पैकेज संख्या जेएच -पी3 - 22-23 - पाल-02-एफडीआर की योजनाओं में सिलदिलिया कंस्ट्रक्शन के कार्य में शिथिलता बरतने तथा मनमानी कार्य करना एवं योजनाओं के पूर्ण की अवधि बीतने के छह माह बाद भी कार्य में प्रगति न होना समेत लापरवाही बरतने के आरोप में अभियंता प्रमुख ने इसे डिबार किया है। जिसकी सूचना अभियंता प्रमुख झारखंड राज्य के सभी मुख्य अभियंता ग्रामीण कार्य विभाग, मुख्य अभियंता ग्रामीण विकास विशेष प्रक्षेत्र, सभी अधीक्षण अभियंता ग्रामीण कार्य विभाग कार्य अंचल एवं सभी कार्यपालक अभियंता ग्रामीण कार्य विभाग कार्य प्रमंडल को सूचित किया गया है। पांकी विधायक डॉ शशिभूषण मेहता ने परिसदन में प्रेस वार्ता कर जानकारी देते हुए कहा कि सिलदिलिया कंस्ट्रक्शन विगत कई वर्षों से पांकी विधानसभा क्षेत्र में योजनाओं के नाम पर लूट एवं बंदरबाट करते आया है। उक्त राशि को हर हाल में वापस लायेंगे।

# चतरा सांसद कालीचरण ने पीड़ितों को दिया भरपूर मदद का आश्वासन

### पांकी बाजार अग्निकांड

**शिवशंकर पासवान**



शहीद जवान के घर पहुंच परिजनों से बातचीत करते चतरा सांसद कालीचरण सिंह व अन्य।

**पांकी पलामू।** चतरा सांसद कालीचरण सिंह शुक्रवार के पांकी बाजार स्थित राजीव फैंसी मॉल में हुई अग्निकांड की दुखद घटना की जानकारी लेने पहुंचे। उन्होंने पीड़ित परिवारों से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना और हर संभव सहायता का आश्वासन दिया। उन्होंने पांकी सीओ को दूरभाष पर बातचीत कर दुकानदार को हर संभव सरकारी सहायता दिलाने का निर्देश दिया। इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष शत्रुध्न सिंह ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष शंकर प्रसाद, जिला कार्य समिति सदस्य साधु डंडारकला मुखिया गुड्डू सिंह हरिओम सिंह साधु मांझी, ललित मेहता भाजपा युवा मोर्चा के के पांकी मंडल अध्यक्ष कुंदन सिंह भाजपा नेता सतीश सिंह, वीरेंद्र चौरसिया, सत्य प्रकाश पांडेय, सुधीर कुमार सहित कई भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से फायर ब्रिगेड की व्यवस्था की मांग की ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं से बचा जा सके।

# विधायक शशिभूषण मेहता ने प्रखंड कर्मी और अंचल कर्मी के साथ की समीक्षा बैठक

- पंचायत सचिव के माध्यम से दलालों की अवैध उगाही पर विधायक ने लगायी कड़ी फटकार कार्यशैली में सुधार लाने को कहा

**खबर मन्त्र संवाददाता**



समीक्षा बैठक में शामिल पांकी के भाजपा विधायक डॉ शशिभूषण मेहता।

**पांकी पलामू।** पांकी प्रखंड सभागार में शुक्रवार को क्षेत्रीय विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने प्रखंड कर्मी एवं अंचल कर्मी के साथ-साथ पंचायत सचिव रोजगार सेवक के साथ समीक्षा बैठक की और आवश्यक दिशा निर्देश दिये। बैठक में केंद्र सरकार द्वारा पीएम आवास में नाम जोड़ने संबंधित सभी पंचायत सेवकों से बारी बारी से जानकारी ली।

इसमें पीएम आवास और अबुआ आवास मे भारी गड़बड़ी का मामला सामने आया। पंचायत सचिव के माध्यम से दलालों ने अवैध उगाही की जा रही है इस पर विधायक ने कड़ी फटकार लगायी एवं कार्यशैली में सुधार लाने को कहा। साथ ही अंचल कर्मी के साथ केवला म्यूटेशन और रशीद काटने संबंधित जानकारी प्राप्त कर जल्द से जल्द समस्या समाधान करने को कहा। साथ ही झारखंड सरकार द्वारा चलायी जा रही सभी योजनाओं की समीक्षा की गयी। मौके पर बीडीओ ललित प्रसाद सिंह, प्रो बचन ठाकुर, सरोज चटर्जी, विधायक प्रतिनिधि राजेंद्र यादव, मिंटी वर्मा, रोशन सिंह, रीमा शर्मा, विजय मेहता, डॉ रामचरित्र सिंह, मुखिया सुनील प्रजापति सहित प्रखंड कर्मी और अंचल कर्मी भी उपस्थित थे।

# छत्तीसगढ़ में शहीद पलामू के लाल महिमा के दाह संस्कार में पांकी विधायक शामिल

- रायपुर से देर रात पैतृक गांव कमलकेड़िया पहुंचा शहीद हवलदार का शव पसरा मातम

**खबर मन्त्र संवाददाता**



अंतिम यात्रा में पहुंचे सांसद-विधायक व अंतिम संस्कार के दौरान सलामी देते सहकर्मी।

**नीलांबर पीतांबरपुर पलामू।** छत्तीसगढ़ में हुए नक्सली हमले में पलामू का लाल शहीद हो गया है। 11 फरवरी को छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा में आईईडी विस्फोट में पलामू के नीलांबर पितांबरपुर (लेस्लीगंज) के रहने वाले महिमा शुक्ला गंभीर रूप से जख्मी हो गये थे। महिमा शुक्ला केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) में हवलदार के पद पर तैनात थे। 11 फरवरी को महिमा शुक्ला नक्सल विरोधी अभियान निकले थे, इसी क्रम में आईईडी की चपेट में आ गये थे। इसमें उनके दोनों पैर उड़ गये थे। उन्हें इलाज के लिए छत्तीसगढ़ के रायपुर में भर्ती करवाया गया था। जहां इलाज में उनकी मौत हो गयी। रायपुर से महिमा का शव पलामू के लेस्लीगंज पंहुचा। राजकीय सम्मान के साथ उन्हें अंतिम संस्कार किया गया। उनके शहीद होने की खबर के साथ ही पूरे पलामू में मातम का माहौल छा गया। पैतृक गांव कामलकेडिया में मातम पसर गया है। महिमा शुक्ला लंबे वक्त से छत्तीसगढ़ में नक्सल विरोधी अभियान में तैनात थे। वह 10 दिनों तक अस्पताल में भर्ती रहे थे। अंतिम संस्कार में चतरा सांसद कालीचरण सिंह, पांकी विधायक डॉ शशिभूषण मेहता हुए। मौके पर सीआरपी आईजी साकेत सिंह, पलामू डीआईजी वाईएस रमेश, सीआरपी डीआईजी पंकज कुमार ने सलामी दी। राजकीय सम्मान के साथ उनके अंतिम संस्कार में पलामू जिला प्रशासन के कई अधिकारी थे।

### कमलकेड़िया में अमानत नदी तट पर हुआ अंतिम संस्कार

**नीलांबर पीतांबरपुर।** छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा में शहीद हुए पलामू के सपूत महिमानंद शुक्ला के लिए पूरा इलाका अमर रहे के नारों से गूंज उठा। महिमानंद शुक्ला सीआरपीएफ में थे और नक्सल विरोधी अभियान में तैनात थे। 11 फरवरी को छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा में वे बारूदी सुरंग विस्फोट की चपेट में आ गए। शहीद महिमानंद शुक्ला का पार्थिव शरीर गुरुवार की देर रात पलामू के लेस्लीगंज स्थित उनके पैतृक गांव कमलकेड़िया पहुंचा। पार्थिव शरीर पैतृक गांव पहुंचने के बाद पूरे गांव में कोहराम मच गया और महिमानंद शुक्ला के लिए पूरा इलाका अमर रहे के नारों से गूंज उठा।

### मुखिया ने अबुआ आवास का कराया गृहप्रवेश



**पाटन पलामू।** पाटन प्रखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत किशुनपुर के ग्राम मनिका में 2 अबुआ आवास के लाभुकों मनोरमा देवी एवं कबूतरी देवी का गृह प्रवेश पंचायत के मुखिया सुमन गुप्ता ने फीता काट कर की। मौके पर उमुखिया विकास साव, बबिता देवी, रूपेश उपाध्याय, शशिकांत दुबे, दिनेश सोनी, उमेश सोनी, बिनोद प्रजापति, लव सोनी, प्रमोद सोनी सभी ग्रामीण लोग उपस्थित थे।

### राम के प्रति शबरी का प्रेम अमर है : लवली गुप्ता



**पांकी पलामू।** प्रखंड के लोहरसी राजागोसाई में शबरी माता जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में पूर्व जिप सदस्य सह भाजपा नेत्री लवली गुप्ता ने पहुंचकर विधिवत पूजा अर्चना की। श्रद्धालुओं और जनता जनार्दन से कहा कि माता शबरी का भगवान श्रीराम के प्रति प्रेम दुनिया में अमर है। मां शबरी का धैर्य और त्याग हमारे जीवन में अनुकरणीय है। शबरी का जीवन हमें अटूट भक्ति और परिवर्तनकारी शक्ति के बारे में सिखाता है। संचालन दुर्गेश कुमार व धन्यवाद ज्ञापन राजाराम डीलर ने किया। मौके पर अनुप गुप्ता, नगिना डीलर, भोला भुइयां, विनोद पासवान, मुकेश भुइयां आदि उपस्थित थे।

# कार की टक्कर से एक व्यक्ति गंभीर

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद पलामू।** शहर के जपला हैदरनगर मुख्य मार्ग में हरही नदी पुल पर रात्रि में तेज रफ्तार से एक एक्सयूबी चारपहिया कार के टक्कर मारने का मामला प्रकाश में आया हैं। इस सड़क दुर्घटना में शहर के चिकटोली निवासी अब्दुल उर्फ बिट्टन राईन के पुत्र सगीर (48) गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद वार्ड 14 के सुनील चौधरी एवं अन्य लोगों की मदद से घायल को अनुमंडलीय अस्पताल लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे सदर अस्पताल रेफर किया गया। सूत्रों की मानें तो एक्सयूबी (जेएच 03 ए एफ 1001) तेज रफ्तार से जपला से हैदरनगर की ओर जा रही थी। वहीं

### ›› पुलिस ने कार को किया जब्त, चालक फरार



सगीर हरही नदी के पुल पर आ रहा था तभी टक्कर से वह पुल के नीचे जा गिरा। चालक आगे गाड़ी खड़ा कर भाग गया। उक्त व्यक्ति जपला शहर में ओवर ब्रीज के पास भी किसी को टक्कर मार भाग रहा था। घबराहट में उसने डबल एक्सीडेंट कर दिया है।

# झारखंड पुलिस एसोसिएशन का चुनाव 28 को

- केंद्रीय कमेटी के उम्मीदवार पहुंचे पलामू, मांगा समर्थन
- पुलिस हितों की रक्षा के लिए सरकार व विभाग से करेंगे मांग : राहुल कुमार मुर्मू

**अजीत कुमार दूबे**




**मेदिनीनगर।** झारखंड पुलिस एसोसिएशन का चुनाव 28 फरवरी को केंद्रीय कार्यालय रांची में होगा। इसे लेकर इस चुनाव मैदान में उतरे प्रत्याशियों ने झारखंड के 24 जिलों में घूमकर एसोसिएशन के मतदाताओं से संपर्क कर रहे हैं। इसी के तहत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, महामंत्री, संयुक्त सचिव व संगठन सचिव पद के उम्मीदवार पलामू पुलिस एसोसिएशन कार्यालय पहुंचे जहां पर मौजूद एसोसिएशन से जुड़े लोगों ने प्रत्याशियों का भव्य स्वागत किया। फिर कार्यालय में बैठक हुई। बैठक में अध्यक्ष उम्मीदवार राहुल मुर्मू ने चुनावी घोषणा पत्र पर चर्चा कर कहा कि केंद्र व राज्य सरकार की तर्ज पर झारखंड में भी सभी प्रकार के भत्ता की स्वीकृति दिलाने के साथ मैट्रिक पास नवप्रोन्नत सअनि के लोगों को प्रथम एसीपी के ग्रेड पे का हक दिलाने का प्रयास करेंगे। साथ ही पुलिस के हक-अधिकार तथा हितों की रक्षा के लिए राज्य सरकार व विभाग से मिलकर यथासंभव दिलाने का प्रयास करूंगा।

### ट्रक के धक्के से रंजीत चौधरी की मौत : संग्राम सिंह



**पाटन पलामू।** रंजीत चौधरी पिता स्व महेंद्र चौधरी ग्राम कुड़वा शिरमा से बिश्रामपुर प्रखंड के बघमानवां अर्जून चौधरी के यहां जा रहे थे। बी मोड़ से बिश्रामपुर की ओर जाने पर अचानक सामने से ट्रक (यूपी 50एटी/2475) ने जोरदार टक्कर मारी, जहां उसकी मौत हो गयी। जानकारी मिलते ही बिश्रामपुर थाना प्रभारी शव को अंत्यपरीक्षण हेतु मेदिनीनगर एमएमसीएच भेज दिया। जानकारी मिलते ही पाटन पश्चिमी जिप संग्राम सिंह पहुंचे और अपने देखरेख में पोस्टमार्टम कराया। उन्होंने बीडीओ से बात कर सरकारी मुआवजा जल्द दिलाने की बात कही है।

### बगला के ईंट भट्टा में यूपी के मजदूरों का शोषण



**तरहसी पलामू।** थाना क्षेत्र के उदयपुर टू पंचायत के बगला में ईंट भट्ठा में काम करने लाये गये उत्तर प्रदेश के मजदूरों के साथ शोषण का मामला प्रकाश में आया है। जब मजदूरों के बच्चे बीमार पड़ने लगे, इसकी जानकारी सदर एसडीएम सुलोचना मीणा को मिली। उन्होंने तत्काल तरहसी सीओ सह बीडीओ बालेश्वर राम को मामले पर पर कार्रवाई की बात कही। भट्ठा मालिक इसपर मौन है।

# पलामू : मेले की तैयारी अंतिम चरण में भव्यता से मनायी जायेगी महाशिवरात्रि

- शिव घाट मेला समिति ने की बैठक

**खबर मन्त्र संवाददाता**



कार्यक्रम की जानकारी देते लोग व आनेवाले गायक-गायिका।

**चैनपुर पलामू।** शिवघाट मेला आयोजन समिति ने बैठक का आयोजन किया। बैठक की अध्यक्षता मेदिनीनगर नगर निगम के प्रथम उपमहापौर राकेश कुमार सिंह उर्फ मंगल सिंह ने किया तथा संचालन चैनपुर प्रखंड उपप्रमुख सह मेला समिति संरक्षक सुनील सिंह ने किया। उपस्थित सभी सदस्यों और पदाधिकारियों ने मेला की भव्यता हेतु अपने अपने विचार प्रकट किये। मेला समिति अध्यक्ष दिवाकर दूबे ने कहा कि 2025 के महाशिवरात्रि का मेला भव्य और ऐतिहासिक होगा। मेला में सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन होगा, जिसमें बिहार के औरंगाबाद से गायक पवन बाबू और बिहार के पटना से सुप्रसिद्ध गायिका अंतरा सिंह प्रियंका अपनी गीत से दर्शकों का मनोरंजन करेंगे। संरक्षक श्यामलाल चौरसिया ने कहा कि मेला में दुकानदार भाईयों को किसी प्रकार की समस्या नहीं होगी, लोग भयमुक्त वातावरण में मेला में आएं और पलामू जिले के सबसे पुराने मेले में से एक इस मेले की भव्यता और दिव्यता को बढ़ाएं । उपमहापौर मंगल सिंह ने कहा कि इस मेले से हमारे पूरे परिवार का आत्मीय लगाव रहा है, मैं बचपन से ही इस मेले में शामिल होता रहा हूं और सौभाग्य है मेरा कि मेला समिति में शामिल होकर भगवान भोलेनाथ की सेवा का अवसर प्राप्त हो रहा है । उन्होंने कार्यक्रम के आयोजन के बारे में बताया कि मेले में सांस्कृतिक कार्यक्रम के आयोजन से मेले में चार चांद लगता है, ऐसे आयोजन से लोगों को आपस में मिल-जुलकर सामाजिक कार्य करने की प्रेरणा मिलती है। बैठक में आसपास के दर्जनों गांव के लोग शामिल हुए जिसमें सूरज पाण्डेय, विकास दूबे, लोकेंद्र दूबे, जितेंद्र चौरसिया, राहुल चौरसिया, दीपक चौरसिया, सोनू चौरसिया सहित दर्जनों लोग शामिल थे।

# राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित नेशन बिल्डिंग क्वीज केस कंपिटीशन में ऐश्वर्य बना प्रथम विजेता

- 57,200 प्रतिभागियों ने लिया था कार्यक्रम में भाग
- आईआईटी, आईआईएम, एनआइटी एवं दिल्ली विवि के विद्यार्थियों ने लिया था भाग

**खबर मन्त्र संवाददाता**



केंद्रीय मंत्री से पुरस्कृत होता एश्वर्य।

**मेदिनीनगर।** राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित नेशन बिल्डिंग क्वीज कंपिटीशन 2025 का प्रथम विजेता एश्वर्य कुमार सिंह बना है। केंद्रीय मंत्री मन्सुख मंडाविया ने पांच लाख रुपये नगद एवं एप्पल का लैपटॉप देकर ऐश्वर्य को पुरस्कृत किया। ऐश्वर्य के पिता राकेश सिंह एवं माता शुभांगी सिंह अपने बेटे की इस सफलता से काफी उत्साहित हैं। ऐश्वर्य ने बताया कि इस कंपिटीशन में आईआईटी, आईआईएम, एनआइटी एवं दिल्ली विवि के 57,200 विद्यार्थियों ने भाग लिया था। उस कंपिटीशन का फाइनल विजेता बनने पर ऐश्वर्य भी काफी खुश हैं।

**मुख्य बातें :** ऐश्वर्य के पिता राकेश कुमार सिंह ने बताया कि जब वह अपने बेटे को कंपिटीशन में भाग लेने के लिए भेज रहे थे तो उन्हें उम्मीद नहीं था कि इतने बड़े राष्ट्रीय स्तर के कंपिटीशन में उनका बेटा प्रथम विजेता बनेगा। लेकिन जातें समय एश्वर्य ने अपने माता-पिता को आश्वस्त कराया था कि वह जरूर विजेता बनेगा। एश्वर्य ने कहा कि लक्ष्य निर्धारित कर ईमानदार प्रयास किया जाए सफलता निश्चित रूप से मिलती हैं। हमेशा सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ना चाहिए। प्रतिभा जन्मजात नहीं मिलती है। कठिन व लगन के साथ मेहनत करने पर आप कोई भी लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं। एश्वर्य के पिता राकेश कुमार सिंह मेदिनीनगर के बाइपास रोड में रहते हैं। वर्तमान में वे कठौतिया ओपन कास्ट कोल माइंस में एक अधिकारी के पद पर कार्यरत हैं।

# मैट्रिक व इंटरमीडिएट की परीक्षा में अफवाह फैलाने वालों पर होगी कड़ी कार्रवाई : डीसी

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** जिला दण्डाधिकारी सह डीसी शेखर जमुआर ने कहा है कि झारखंड अधिविद्य परिषद (जैक), रांची द्वारा आयोजित वार्षिक माध्यमिक परीक्षा 2025 का संचालन निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार जिला में पूरी सतर्कता के साथ संचालित हो रहा है। उन्होंने कहा कि परीक्षा को लेकर सोशल मीडिया में कुछ अफवाह फैलाने का मामला जिला प्रशासन के संज्ञान में आया है, साईबर सेल एवं प्रशासनिक पदाधिकारी द्वारा जांच कर कार्रवाई की गई है। डीसी श्री जमुआर ने बताया कि जैक से प्राप्त प्रश्न-सह-उत्तर पुस्तिका को कोषागार एवं संबंधित बैंक के बज्रगृह में सुरक्षित रखा गया है।

बज्रगृह में सीसीटीवी सहित सुरक्षा बल प्रतिनियुक्त रहते हैं। परीक्षा की तिथि को निर्धारित विषय का प्रश्न-सह-उत्तर पुस्तिका गश्तीदल दण्डाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी के द्वारा विडियोग्राफी/ सीसीटीवी कैमरा की निगरानी में केन्द्राधीक्षक को उपलब्ध कराया जाता है। पुनः


डीसी शेखर जमुआर

परीक्षा समाप्ति के उपरांत गश्तीदल दण्डाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी के द्वारा प्रश्न-सह-उत्तर पुस्तिका कोषागार, गढ़वा के बज्रगृह में सुरक्षित रखा जाता है। जैक के पदाधिकारी व कर्मी सुरक्षा के साथ ले जाते है। डीसी ने बताया कि गढ़वा जिला में साईबर सेल नियमित रूप से कार्यशील है, सोशल मीडिया पर पूरी तरह से नजर बनाए हुए है। साईबर सेल गढ़वा के कंट्रोल रूम का संपर्क नम्बर 7643984021 है। उन्होंने कहा कि पेपर लीक का अफवाह फैलाना एक संगीन अपराध है, आरोपी के विरूद्ध भारतीय न्याय संहिता के सुसंगत धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी। साथ ही झारखण्ड अधिविद्य परीक्षा नियमावली में निहित प्रावधान के तहत भी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

डीसी ने गढ़वा जिला के सभी आमजनों से अपील कर कहा कि वार्षिक माध्यमिक परीक्षा को लेकर किसी प्रकार का अफवाह न फैलाएं, यदि किसी भी प्रकार के अफवाह या अन्य जानकारी प्राप्त हो तो उसे सोशल मीडिया पर शेयर न करे। सोशल मीडिया में इस तरह की भ्रांतियां उजागर होने पर साईबर सेल गढ़वा द्वारा तत्काल कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# नाबार्ड के मुख्य महाप्रबंधक ने की किसानों के साथ बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता

**कांडी।** प्रखण्ड के डगर गांव में शुक्रवार को नाबार्ड के मुख्य महाप्रबंधक एसके जहांगीरदार, डीजीएम राकेश सिन्हा व डीडीएम दीपक कुमार का आगमन हुआ। आगमन का मुख्य उद्देश्य भारत सरकार के द्वारा चलाई जा रही केंद्र प्रायोजित योजना किसान उत्पादक संगठन एफपीओ के अंतर्गत कांडी प्रखंड में बने सोनग्रीन फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड के किसानों के साथ बैठक कर योजना के द्वारा किसानों को कहां तक फायदा पहुंच रहा है और आगे किसानों को किस प्रकार से फायदा पहुंचाया जा सकता है, उसके बारे में किसानों से सलाह मशवरा करना रहा। बैठक का आयोजन डगर गांव के प्रगतिशील किसान अखिलेश कुमार सिंह के


किसानों का अभिवादन करते नाबार्ड के मुख्य महाप्रबंधक

सब्जी फार्म पर आयोजित की गई। बैठक में एफपीओ से जुड़े सदस्य और अन्य किसान भी लगभग 100 की संख्या में शामिल हुए। किसानों ने मुख्य महाप्रबंधक नाबार्ड के समक्ष प्रखंड में किसानी करने में हो रहे बहुत सारी समस्याओं के बारे में चर्चा की। मौके पर मुख्य महाप्रबंधक नाबार्ड ने कहा कि आपकी सारे फसलों के बाजार की व्यवस्था करना एफपीओ का काम है। जो बहुत जल्द आपके लिए एफपीओ करेगी।

सभी किसान को कोई भी उन्नत खेती करने के लिए कोई भी ट्रेनिंग की आवश्यकता हो तो उसकी व्यवस्था भी नाबार्ड करेगी। नीलगाय के मुद्दे पर उन्होंने कहा की नीलगाय की समस्या बहुत सारे राज्यो में है जिसका समाधान नाबार्ड तो नहीं कर सकती लेकिन इस मुद्दे को आगे रखने का काम करेंगी। मुख्य महाप्रबंधक ने अपने व्यक्तव्य में एफपीओ के साथ 1500 किसानों के जुड़ने पर खुशी व्यक्त किया एवं इस कृत के लिए एफपीओ को बधाई दिया। मौके पर काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# गायत्री महायज्ञ के प्रभारी चयनित, कलश वितरण


उपस्थित लोग

खबर मन्त्र संवाददाता

**मझिआंव।** नगर पंचायत के वार्ड नंबर 12 स्थित खजूरी गांव के शिव मंदिर परिसर में 24 से 27 फरवरी तक आयोजित नौ कुंडीय गायत्री महायज्ञ को सफल बनाने के लिए बैठक की गई। इसकी अध्यक्षता गायत्री परिवार के प्रखंड संयोजक नागेंद्र सिंह द्वारा की गई।

बैठक की शुरूआत गायत्री महामंत्र के उच्चारण के साथ की गई। इस दौरान महायज्ञ को सफल बनाने के लिए कई विभागों के प्रभारी का चयन किया गया। जिसमें गायत्री महायज्ञ के दौरान शिव मंदिर में होने वाले रुद्राभिषेक की जिम्मेवारी यज्ञ के अध्यक्ष गुड्डू उर्फ रमेश विश्वकर्मा, रामायण शर्मा एवं शैलेंद्र शर्मा को दी गई। जबकि पूर्व नगर पंचायत उपाध्यक्ष भरत कुशवाहा, उपेंद्र मेहता एवं मनोरंजन मेहता को हवन कुंड एवं कलश यात्रा का प्रभार सौंपा गया। यज्ञशाला का प्रभार देवधारी महतो एवं उपेंद्र मेहता को दिया गया। कंचन कुशवाहा को सफाई प्रभारी बनाया गया।

इसी तरह यज्ञशाला के अंदर कुंड का प्रभार सरिता देवी, लीला देवी, मीना देवी, दीपमाला शर्मा, सीमा देवी एवं संध्या देवी को दिया गया। भोजनालय की जिम्मेवारी उपाध्यक्ष दिलीप सिंह, बलराज मेहता, गया मेहता, जितेंद्र विश्वकर्मा एवं भगवान शर्मा को दी गई। जबकि राम अवतार यादव को पंडाल का प्रभारी बनाया गया। महायज्ञ के दौरान मंच संचालन की जिम्मेवारी वरिष्ठ गायत्री परिजन अशोक शाह को सौंपी गई। इस अवसर पर गायत्री महायज्ञ का संरक्षक वार्ड पार्षद प्रमोद पाल एवं पूर्व नगर पंचायत उपाध्यक्ष भरत कुशवाहा को बनाया गया। मौके पर अशोक शाह ने बताया कि गायत्री महायज्ञ में खजूरी गांव के सभी लोगों का सक्रीय सहयोग मिल रहा है। बैठक के अंत में 24 फरवरी को होने वाले कलश यात्रा के लिए निवर्तमान नगर पंचायत अध्यक्ष सुमित्रा देवी द्वारा कलश वितरण की सुरुआत की गई।

मौके पर शांतिकुंज हरिद्वार केंद्रीय टोली के सदस्य अच्युतानंद तिवारी, युवा मंडल के गढ़वा जिला संयोजक वीरेंद्र सोनी, शिक्षक शिव प्रसाद, अशोक चौरसिया, बेचन राम, अशोक विश्वकर्मा, विश्वनाथ शर्मा, रमेश विश्वकर्मा, निशांत कुमार सिंह, अखिलेश विश्वकर्मा, बंशीधर मेहता, विष्णु देव प्रजापति सहित खजूरी, बीरबंधा आमर, लकड़ही, बकोइया एवं मझिआंव के लोग उपस्थित थे।

### कबाड़ी दुकान के कर्मी की पिटाई के बाद

# भवनाथपुर पुलिस को सौंपने का मामला प्रकाश में

खबर मन्त्र संवाददाता

**भवनाथपुर।** भवनाथपुर के कबाड़ी दुकानदार के द्वारा यूपी के एक कबाड़ी दुकान के कर्मी को बीती शाम जम कर मारपीट करने और भवनाथपुर पुलिस को सौंपने का मामला प्रकाश में आया है। पिटाई से गंभीर रूप से घायल यूपी के अजित पासवान पिता स्व. राज किशोर पासवान ने थाने में मारपीट करने की लिखित शिकायत किया है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है। दिए आवेदन में कहा है कि गुरुवार को मैं अपना ऑटो से यूपी से निकलकर खरौंधी में कुछ कबाड़ा खरीद किया था। इसके बाद भवनाथपुर एचपी पेट्रोल पंप के पास अपने रिश्तेदार लक्ष्मण पासवान के घर चावल लेने के लिए गाड़ी से आया था। इसी बीच मेरे गाड़ी के पास दो युवक बाईक से आए और मेरे साथ गाली गलौज करते हुए लाठी से पिटाई करने लगे। जिसमें मेरे साथ सहयोगी धीरज लाल पिता जवाहिर राम यूपी के रोरवा निवासी भी गंभीर रूप से घायल हो गया। इसके बाद उक्त लोगों ने धीरज को अपने बाईक से जबरन बैठाकर लाया। जबकि दूसरा व्यक्ति के द्वारा मेरे मैजिक ऑटो को भवनाथपुर बाजार में जबरन लाकर रख लिया गया। जहां से पुलिस के द्वारा हम दोनों को थाना लाया गया। उक्त दोनों आरोपियों को पता करने पर जानकारी हुई कि भवनाथपुर बाजार निवासी आनंद गुप्ता और परमानंद गुप्ता पिता प्रदीप साह है जो कबाड़ी का कार्य करते है। इस संबंध में पूछे जाने पर प्रभारी थाना प्रभारी परवेज आलम ने बताया कि आवेदन प्राप्त हुआ है जांचों उपरांत कार्रवाई की जाएगी।

# जीएन कॉन्वेंट में मना अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस


उपस्थित बच्चे

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** शहर के ज्ञान निकेतन कॉन्वेंट (10+2) स्कूल के सभागार में अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के निदेशक सह शिक्षाविद मदन प्रसाद केशरी और उपप्राचार्य बसंत ठाकुर ने सम्मिलित रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।

मौके पर निदेशक श्री केशरी ने कहा कि यह दिवस आमतौर पर हर साल 21 फरवरी को मनाया जाता है। इसका मुख्य उद्देश्य लुप्तप्रायः भाषाओं के संरक्षण के माध्यम से भाषाई विविधता को बढ़ावा देना है। यह दिन सांस्कृतिक पहचान और संचार को निर्धारित करने में मातृभाषाओं के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। भाषा मानव जीवन में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। भाषा के माध्यम से ही एक व्यक्ति दूसरे व्यक्ति के साथ अपने विचारों का आदान-प्रदान करता है। दुनिया भर के कई देशों, राज्यों, कस्बों और क्षेत्रों में अलग-अलग भाषाएं बोली जाती हैं।

भाषा वह डोर है जो सभी को एक साथ बांधती है। भाषा वह दर्पण है जिसमें व्यक्ति की संस्कृति और सभ्यता झलकती है। मौके पर शिक्षक खुर्शीद आलम, वीरेंद्र शाह, कृष्ण कुमार, विकास कुमार, नीरा शर्मा, नीलम कुमारी, सुनीता कुमारी, रागिनी कुमारी, शिवानी गुप्ता, ऋषभ श्रीवास्तव, पूजा, संतोष प्रसाद सहित काफी संख्या में बच्चे उपस्थित थे।

# छात्र-छात्राओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है झारखंड सरकार : रामलाला

खबर मन्त्र संवाददाता

**कांडी।** गढ़वा भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश कार्य समिति सदस्य रामलाला दुबे ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि लगातार झारखंड सरकार कर्णधार छात्र-छात्राओं की भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है। राज्य के अहम विभाग शिक्षा विभाग जिससे राज्य के विकाश का भविष्य टिका है, उस पर भी राज्य सरकार उदासीन है। पहले जेपीएससी फिर जेएसएससी ऐसे महत्वपूर्ण प्रतियोगी परीक्षाओं का पेपर लीक कर झारखंड को शर्मसार किया गया।

उसकी आज तक सही जांच नहीं हुई और न ही दोषी के खिलाफ कोई कार्रवाई की गई। फिर झारखंड के इतिहास में पहली बार मैट्रिक का प्रश्न पत्र लीक हुआ हुआ। यह घटना झारखंड ही नहीं देश को शर्मसार कर रहा है। इस राज्य में रक्षक ही खेती खा रहा है तो किसान का क्या हाल होगा। जैक बोर्ड के पेपर लीक से साफ जाहिर होता है कि सरकार पूरी तरह हर मोड़ पर विफल है या फिर झारखंड सरकार यही चाहती है की झारखंड के भविष्य आगे बढ़े नहीं। छात्रों ने इसकी जांच सीबीआई से कराए जाने का मांग किया है।

# अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस एवं लीगल लिट्रेसी क्लास का आयोजन


बच्चों के साथ पीएलवी

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में 90 दिवसीय आउटरीच प्रोग्राम के तहत प्रखण्ड के चिरौंजिया मध्य विद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस एवं लीगल लिट्रेसी क्लास कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

मौके पर पीएलवी रामाशंकर चौबे ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस की 21 फरवरी 1999 ई को यूनेस्को ने स्वीकृति दी थी। संयुक्त राष्ट्र संघ ने 2008 ई को इस दिवस के महत्व को दर्शाया।

इस दिवस को मनाने का उद्देश्य है कि विश्व में भाषाओं और सांस्कृतिक विविधता और बहुभाषिता को बढ़ावा मिल सके।

पीएलवी अरविंद तिवारी ने शिक्षा अधिकार अधिनियम 2009, बाल विवाह प्रतिषेध, बाल मजदूरी अधिनियम आदि की जानकारी दी। मौके पर प्रधानाध्यापक रविंद्र कुमार ओझा, शिक्षक शांतनु कुमार चौबे, शिव शंकर प्रसाद, संतोष कुमार कुशवाहा सहित काफी संख्या में बच्चे उपस्थित थे।

## 351 बहनों की शादी के बाद सचिव सम्मानित

**गढ़वा।** गढ़वा स्थित दानरो नदी छठ घाट पर बुधवार को 351 असहाय बहनों की सामूहिक शादी का आयोजन किया गया, जो अपने आप में एक ऐतिहासिक कार्य था। इस सामूहिक विवाह के सफल आयोजन के लिए कन्या विवाह और विकास समिति के सचिव विकास माली द्वारा किए गए प्रयासों को सराहते हुए सोसाइटी की महिला सदस्य और शहर की अन्य महिलाओं ने उन्हें सिक्कों से तौल कर सम्मानित किया।

## 108 वर्षीय बुजुर्ग का निधन

**मझिआंव।** नगर पंचायत क्षेत्र के बस स्टैंड निवासी कुंवर साह का 108 वर्ष की उम्र में निधन हो गया है। कुंवर साह मझिआंव प्रखंड के राशन डीलर के साथ साथ सबसे पुराने बुजुर्ग भी थे। उनके निधन से परिवार तथा मुहल्ले में शोक का माहौल है। उनकी मृत्यु गुरुवार की रात्रि में हुई। जिसके बाद परिजनों द्वारा आनन फानन में उन्हें रेफरल अस्पताल मझिआंव ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। दूर दराज के परिजनों के अंतिम दर्शन हेतु उनके शव को शुक्रवार सुबह तक रखा गया।

# सीएसपी संचालक ने उड़ाये वृद्ध विधवा के खाते से हजारों रुपए

खबर मन्त्र संवाददाता

**सगमा।** प्रखण्ड में सीएसपी संचालक के द्वारा वृद्ध विधवा दलित महिला के खाते से हजारों रुपए उड़ाने का मामला प्रकाश में आया है। भुक्तभोगी ने भारतीय स्टेट बैंक श्री बंसीधर नगर को आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। आवेदिका मोहरी देवी पति स्व. शिवनाथ राम ग्राम घघरी थाना धुरकी द्वारा दिए आवेदन में कहा गया है कि मेरे गांव घघरी में संतोष कुमार यादव के द्वारा भारतीय स्टेट


भुक्तभोगी वृद्ध विधवा

बैंक का सीएसपी का संचालन किया जाता है। मेरे स्व. पति का इसी बैंक में स्थित खाते में 89 हजार रुपया जमा था। पति की मृत्यु के बाद संतोष कुमार यादव के द्वारा कहा गया कि मृत्यु प्रमाण पत्र के आधार पर मैं आपके खाते में शिवनाथ राम का पैसा ट्रांसफर करवा दूंगा। जिनका खाता संख्या 34219829370 था। खाता ट्रांसफर के बाद मेरा खाता संख्या 34219829370 में नवासी हजार रुपया आ गया। इसके बाद मैं पैसा निकालने के लिए 23 जनवरी को सीएसपी गई तो मुझसे तीन बार अंगूठा लगवाया गया इसके बाद मुझे तीन हजार पांच सौ रुपया दिया गया। दूसरी बार दस हजार रुपया दिया गया। तीसरी बार आठ हजार रुपया दिया गया। शक होने के बाद ग्रामीणों की मदद से स्टेटमेंट निकलवाया तो पता चला की खाते से नवासी हजार रुपया भिन्न भिन्न तारीख को नवासी हजार रुपया निकासी कर लिया गया है। जबकि मुझे एकाइस हजार पांच सौ रुपया मिला है, इसे देखते हुए शाखा प्रबंधक महोदय से आग्रह है की मुझे सड़सठ हजार पांच सौ रुपया सीएसपी संचालक संतोष कुमार यादव से दिलाने की कृपा किया जाए।


## अभिहित अधिकारी–सह–अपरमुख्य चिकित्सापदाधिकारी का कार्यालय, लोहरदगा।
(खाद्य सुरक्षा–शाखा)

**आम सूचना।**

खाद्य सुरक्षा एवं मानकअधिनियम, 2006(Food Safety and Standard Act,2006) के तहत् खाद्य सुरक्षा एवंमानकों से जुड़े मामलों कोनियंत्रित करने वाला कानून है। इस कानून के तहत् खाद्य पदार्थों के विनिर्माण, भंडारण, वितरण, बिक्रि और आयातको नियंत्रित किया जाता है। इस अधिनियम के तहत् खाद्य सुरक्षा एवंमानकों के लिए भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण(FSSAI) की स्थापना की गयीहै। इस अधिनियम के तहत् खाद्य व्यवसाय शुरू करने से पहले लाईसेंस/रजिस्ट्रेशन लेना अनिवार्य है।

1. FSS Act-2006की धारा–63 के तहत् सभी खाद्य कारोबारियोंको(जैसे–किराना दुकान, खुदरा बिक्रेता, थोकविक्रेता, उत्पादक, वितरक, पूर्तिकार, प्रसंस्करणकर्त्ता, भण्डारक, पैकेजिंग, परिवाहक, मीट, मछली एवंचिकन बिक्रीकर्त्ता, होटल, ढ़ाबा, रेस्टोरेन्ट, दवाखाना, मिठाई बिक्रीकर्त्ता, फल और सब्जीदुकान,राईस मिल, आटा मिल, तेल मिल, पानी पैकेजिंग, चाय दुकान,गन्नाजूस,फुचका–चाट–छोला दुकान इत्यादि) को बिना बैध FSSAI License/Registrationके कारोबार करना दंडनीय अपराध है, एवं इसमें धारा–63 के तहत् 10 लाख रूपयेतक का जूर्माना किया जा सकता है।
2. FSSAI Registrationके लिए आवश्यक दस्तावेज–पासपोर्ट साइज फोटो, आधारकार्ड, पैनकार्ड और दुकान का बिजली बिल लेकर आना सुनिश्चित करेंगे।
3. FSSAI License के लिए आवश्यक दस्तावेज–आधार कार्ड और दुकान का बिजलीबिल, FSMS Plan form, Self Declaration form, GST Certificate,और पैनकार्ड लेकर आना सुनिश्चित करेंगे। सभीमीट, मछली एवं चिकन दुकान के लिए स्थानीय पंचायत या नगरनिगम से आवश्यक अनापत्ति प्रमाणपत्र लेकर आना सुनिश्चित करेंगे।
4. सभी होटल/रेस्टोरेंट संचालक कोसूचित किया जाता हैकि खाद्य पदार्थ में उपयोग किये जानेवाले पानी की गुणवत्ता किसी भी FSSAI/ NABL Accredited Notified Lab से जाँच कराकर जाँच प्रतिवेदन प्राप्त करना सुनिश्चित करेंगे।
5. FSSAI एवं स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा एंव परिवार कल्याणविभाग, झारखण्ड के आदेश संख्या–226(F) दिनांक–11.10. 20219 के आदेशानुसार सभी तरह के खाद्य कारोबारकर्त्ता को FoSTaC का प्रशिक्षण लेना अनिवार्य है। सभी खाद्य कारोबारी FoSTaC का प्रशिक्षण लेना सुनिश्चितकरें। FoSTaC प्रशिक्षण हेतु आयोजन की सूचना खाद्य सुरक्षा कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी, लोहरदगा।
PR 346935 Lohardaga(24-25)D
अभिहित अधिकारी–सह–अपरमुख्य चिकित्सा पदाधिकारी,लोहरदगा।



## झारखण्ड शिक्षा परियोजना, हजारीबाग
नया समाहरणालय भवन, Ground Floor (B-002), हजारीबाग – 825301
*Email Id - ssa_hazaribagh@rediffmail.com*

**निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 (आर0टी0ई0) के अंतर्गत सत्र 2025–26 में प्रवेश कक्षा के 25 प्रतिशत सीट पर नामांकन से संबंधित सूचना**

निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 की धारा 12(1)(ग) एवं विभागीय अधिसूचना संख्या–237 दिनांक–16.02.2016 के अनुपालन में गैर सरकारी सहायता प्राप्त निजी विद्यालय (अल्पसंख्यक छोड़कर) के प्रवेश कक्षा में 25 प्रतिशत सीटों पर पड़ोस के (क्रमशः 1 कि0मी0, 3 कि0मी0 एवं अंततः 6 कि0मी0 दूरी की सीमा तक) अभिवंचित समूह (अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अत्यंत पिछड़ा वर्ग, पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक समुदाय, 40% से अधिक निःशक्त बच्चे एवं अनाथ बच्चे) एवं कमजोर वर्ग (जिनके परिवार की सभी स्त्रोतों से वार्षिक आय रू0 72,000/– से कम हो) के बच्चों का नामांकन पूर्ण किया जाना है।

अभिभावकों की सुविधा के लिए सूचित किया जाता है कि (क) पास पड़ोस की दूरी सीमा का निवासी होने के लिए पालक/अभिभावक का आधार कार्ड, मतदाता परिचय पत्र, मनरेगा जॉब कार्ड, राशन कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, बिजली बिल जिसमें उनका नाम एवं निवास का पता अंकित हो, मान्य होंगे, (ख) अभिवंचित एवं कमजोर वर्ग की मान्यता के लिए पालक/अभिभावक का जाति प्रमाण पत्र, निःशक्त बच्चे के लिए चिकित्सा पदाधिकारी द्वारा निर्गत निःशक्तता प्रमाण पत्र एवं आय के लिए अंचलाधिकारी द्वारा निर्गत आय प्रमाण पत्र मान्य होगा, (ग) नर्सरी/एल0के0जी0 में नामांकन हेतु उम्र सीमा न्यूनतम 3 वर्ष 6 माह से अधिक एवं 4 वर्ष 6 माह से कम तथा प्रवेश कक्षा 1 में नामांकन हेतु उम्र सीमा 5 वर्ष 6 माह से अधिक एवं 7 वर्ष से कम होगी (घ) उम्र की गणना 31 मार्च 2025 होगी। आवेदन कार्यालय के वेबसाईट **www.rtehazaribag.in** पर ऑनलाईन 20.02.2025 से 08.03.2025 तक भरा जायेगा एवं भरे गये आवेदन पत्र (सभी अनुलग्नक सहित) का प्रिंट निकालकर सभी दस्तावेज को संलग्न करते हुए झारखण्ड शिक्षा परियोजना कार्यालय, नया समाहरणालय भवन, हजारीबाग में दिनांक–12.03.2025 तक अनिवार्य रूप से जमा करेंगे।

जमा किये गये आवेदन पत्र एवं प्रमाण पत्रों का संबंधित वेबसाईट से सत्यापन के क्रम में कोई भी गलत प्रमाण पत्र संलग्न किये जाने की पूरी जवाबदेही संबंधित पालक/अभिभावक की होगी। आवेदन हेतु तालिका के कॉलम 4 में प्रवेश कक्षा/कक्षाओं का नाम अंकित है। कॉलम 05 में प्रवेश कक्षा/कक्षाओं में कुल सीटों की संख्या एवं कॉलम 06 में आर0टी0ई0 नामांकन हेतु 25 प्रतिशत सीटों की संख्या अंकित है।

| SL. | BLOCK | School Name | Entry Class | Total No. of Seat | No. of seat Under RTE |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | BARKAGAON | DAV PUBLIC SCHOOL URIMARI | LKG | 32 | 8 |
| 2 | BARKATHA | DIVINE PUBLIC SCHOOL GANGPACHO | CLASS-1 | 80 | 20 |
| 3 | CHAUPARAN | SUREKHA PRA.BHAI PUB.SCHOOL BAHERA | CLASS-1 | 80 | 20 |
| 4 | HAZARIBAGH | DELHI PUBLIC SCHOOL, HAZARIBAGH | CLASS - 1 | 60 | 15 |
| 5 | HAZARIBAGH | JACK AND JILL SCHOOL, SINGHANI | NURSERY | 40 | 10 |
| 6 | HAZARIBAGH | LORD KRISHNA SCHOOL, AMRITNAGAR | CLASS - 1 | 40 | 10 |
| 7 | HAZARIBAGH | ST.PAUL'S SCHOOL | CLASS - 1 | 40 | 10 |
| 8 | HAZARIBAGH | SARSWATI SISHU MANDIR KUMHAR TOLI | CLASS-1 | 40 | 10 |
| 9 | HAZARIBAGH | NATIONAL PUB.SCHOOL | CLASS - 1 | 60 | 15 |
| 10 | HAZARIBAGH | ST STEPHENS SCHOOL | CLASS 1 | 100 | 25 |
| 11 | HAZARIBAGH | SRI RAMKRISHNA SARDA MATH & MISSION | NURSERY | 48 | 12 |
| 12 | HAZARIBAGH | MOUNT EGMONT SCHOOL | LKG | 60 | 15 |
| 13 | HAZARIBAGH | D.A.V. PUBLIC SCHOOL, HAZARIBAGH | NURSERY | 60 | 15 |
| 14 | HAZARIBAGH | NAMAN VIDYA, HAZARIBAGH | NURSERY | 30 | 7 |
| 15 | HAZARIBAGH | ROSEBUD SCHOOL, HAZARIBAGH | LKG | 30 | 7 |
| 16 | ICHAK | CAMPION BASIC ACADEMY,ICHAK | CLASS - 1 | 80 | 20 |
| 17 | KATKAMDAG | ANGELS HIGH SCHOOL SIRSI | UKG | 52 | 13 |
| 18 | KATKAMDAG | DELHI PUBLIC SCHOOL, HAZARIBAGH | LKG | 40 | 10 |
| 19 | KATKAMSANDI | ST. AUGUSTINE HIGH SCHOOL, KANCHANPUR | CLASS - 1 | 40 | 10 |

नोट :–
1. आवेदकों की सुविधा हेतु झारखण्ड शिक्षा परियोजना कार्यालय, हजारीबाग के प्रवेश द्वार के सामने हेल्प डेस्क कार्य करेगा, जिसमें फॉर्म भरने एवं संबंधित जानकारी उपलब्ध करायी जाएगी।
2. इच्छुक अभिभावकों से अनुरोध किया जाता है कि अपने पाल्य के नामांकन हेतु उसी विद्यालय के लिए आवेदन पत्र समर्पित करेंगे, जो उनके पास पड़ोस (क्रमशः 1 कि0मी0, 3 कि0मी0, अंततः 6 कि0मी0 दूरी सीमा तक) में अवस्थित है तथा जहां उनके पाल्य के उम्र अनुरूप प्रवेश कक्षा की सुविधा उपलब्ध है।
3. कृपया निम्नलिखित विकल्प में से प्रत्येक का कोई एक प्रमाण प्रस्तुत करेंगे :

* जन्म प्रमाण–पत्र का प्रमाण :
1. जन्म, मृत्यु एवं विवाह प्रमाण–पत्र अधिनियम के अंतर्गत जन्म प्रमाण–पत्र।

** आवास प्रमाण–पत्र का प्रमाण :
1. बच्चे का नाम वाले पिता/माता के नाम पर जारी राशन कार्ड।
2. बच्चे का या उसके माता–पिता के निवास का प्रमाण–पत्र।
3. माता–पिता/अभिभावक में से किसी एक का निवास का प्रमाण–पत्र।
4. माता–पिता/अभिभावक में से किसी एक का बिजली बिल/टेलीफोन बिल।
5. आधार कार्ड।
6. माता–पिता/अभिभावक में से किसी एक का जॉब कार्ड।

*** आय प्रमाण–पत्र का प्रमाण :
1. अंचलाधिकारी द्वारा जारी आय प्रमाण–पत्र।

**** अभिवंचित वर्ग का प्रमाण :
1. उपायुक्त/अनुमण्डलाधिकारी/अंचलाधिकारी कार्यालय द्वारा जारी जाति प्रमाण–पत्र।
2. सरकारी अस्पताल का चिकित्सा प्रमाण पत्र यदि बच्चा निःशक्त हो।
3. अनाथ बच्चे की स्थिति में अंचलाधिकारी/मुखिया/वार्ड कमिश्नर द्वारा जारी प्रमाण–पत्र।

जिला शिक्षा अधीक्षक, हजारीबाग
PR 346956 School Education and Literacy(24-25)D
उपायुक्त,हजारीबाग

# प्रदूषण पर प्रहार

राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण यानी एनजीटी द्वारा वायु व मिट्टी प्रदूषण फैलाने के लिये पानीपत थर्मल पावर स्टेशन पर 6.93 करोड़ रुपये का जुमार्ना लगाना, तमाम प्रदूषक उद्योगों के लिये सबक है। ट्रिब्यूनल की कार्रवाई कानूनों का उल्लंघन करके पर्यावरण व जन-स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाने वालों के लिये संदेश है कि लक्ष्मण रेखा पार की तो बख्शे नहीं जाएंगे। पर्यावरण को क्षति पहुंचाने पर भारी मुआवजा देना होगा। दरअसल, इस थर्मल प्लांट से निकलने वाली राख आस-पास के ग्रामीणों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ कर रही है। जिससे श्वसन समेत कई तरह के रोग बढ़ रहे हैं। इतना ही नहीं सड़कों पर प्रदूषण के चलते दृश्यता कम होने से दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। वहीं दूसरी ओर एनजीटी ने थर्मल प्लांट के प्रबंधकों द्वारा पर्यावरण की क्षतिपूर्ति के लिये पेड़ों को लगाने में की गई खानापूर्ति को आड़े हाथ लिया। ट्रिब्यूनल ने कहा कि आप ने पौधे लगाने का दावा तो किया है लेकिन क्या सुनिश्चित किया है कि उन पौधों में से कितने पेड़ बन पाए। हरित न्यायाधिकरण का कहना था कि पौधरोपण से ज्यादा महत्वपूर्ण पेड़ों की उत्तरजीविता सुनिश्चित करना है। यह उपाय पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने वाले प्रदूषकों के निवारण के आधे-अधूरे प्रयासों को ही उजागर करता है। निश्चित रूप से एनजीटी की जुमार्ना लगाने की यह कार्रवाई प्रदूषण फैलाने वाली औद्योगिक इकाइयों को अपने तौर-तरीके बदलने को बाध्य करेगी। उल्लेखनीय है कि भारत सरकार ने पिछले एक दशक में तेल व गैस क्षेत्र में राजकोषीय सब्सिडी कम करने की दिशा में सार्थक पहल की है। स्वच्छ ऊर्जा से बिजली क्षमता का आधा हासिल करने के महत्वाकांक्षी लक्ष्य प्राप्त करने हेतु बड़े प्रयासों की जरूरत है। तभी भारत वर्ष 2030 तक गैर जीवाश्म ईंधन स्रोतों से ऊर्जा हासिल करने के लक्ष्य को हासिल कर पाएगा।

## कार्टून वर्ल्ड






**मेष : अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। जल्दबाजी में कोई भूल संभव है। आय-व्यय की स्थिति समान्य रहेगी। शुभांक-5-7-8**

**वृष : आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। दूसरों के कार्यों में अनावश्यक हस्तक्षेप न करें। निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते है। भय तथा शत्रुहानि की आशंका रहेगी। एकाकी प्रवृति का त्याग करें। यात्रा न करें। शुभांक-4-6-7**

**मिथुन : शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपत्ति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। शुभांक-4-6-8**

**कर्क : नये-नये व्यापारिक अनुबंध होंगे। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। हरि करे सो खरी इसीलिए पूरे मनोयोग से कार्य करें। शुभांक-3-6-9**

**सिंह : कार्यक्षेत्र में खुशनुमा माहौल बनेगा। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास होंगे। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर-प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। अतः आलस्य का त्याग करें। शुभांक-4-6-8**

**कन्या : भावनाओं का उद्वेग बढ़ेगा। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। धार्मिक कार्य शुभ रहेगा। शुभांक-2-4-6**

**तुला : योजना क्रियान्वन के लिए समय अच्छा व सकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। जीवन साथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। सफलता मिलेगी। सुनियोजित तरीके से कार्यारम्भ करें। शुभांक-3-6-7**

**वृश्चिक : व्यवसाय में प्रतिद्वंद्वी परेशान कर सकते हैं। समय व्ययकारी सिद्ध होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। दिमाग में निर्मूल तर्क-कुतर्क पैदा होंग। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। मनोरथ सिद्धि का योग है। शुभांक-2-5-7**

**धनु : लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। धार्मिक यात्रा का योग बना है। शुभांक-2-5-7**

**मकर : मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें। पुराने मित्र के कारण कार्य बाधा हटेगी। शुद्ध गोचर का लाभ। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। आर्थिक लाभ हेतु किये गए कार्यो का तत्काल प्रतिफल मिलेगा। शुभांक-3-6-8**

**कुंभ : मनोरंजन के साधनों पर धन-व्यय होगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंग। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। शुभांक-6-8-9**

**मीन : सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां पैदा होगी। अल्प-परिश्रम से ही लाभ होगा। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। नियोजित धन से लाभ होने लगेगा। जान-पहचान का दायरा बढ़ेगा। शुभांक-5-8-9**

# जनजातीय हितों व श्रद्धा पर केंद्रित हो नयी वन नीति


**वनग्राम,** वनों से सटे राजस्व ग्राम, जनजातीय समाज, वनों के भीतर कृषि का अधिकार, जनजातीय समाज को वनों के सीमित उपयोग की अनुमति आदि-आदि विषय मप्र में एक बड़ा सामाजिक सरोकार का प्रश्न रहे हैं। यह प्रश्न अब गहरा रहा है। मप्र सरकार कंपनी, संस्था, व्यक्ति या स्वयंसेवी संस्था को बिगड़े जंगल अनुबंध पर साठ वर्ष हेतु देने के प्रस्ताव पर विचाररत है। नई नीति में निजी क्षेत्र को विभाग के अनुसार नए पौधे लगाने होंगे। दो वर्ष में पौधे नहीं उगे तो अनुबंध समाप्ति का अधिकार शासन के पास सुरक्षित रहेगा। इन वनों का कार्बन क्रेडिट, वन विभाग के माध्यम से विक्रय करेंगे। इस नीति के अनुसार एक हजार हेक्टेयर तक के जंगल को यदि कोई निजी कंपनी विकसित करना चाहेगी तो वनों की पुनर्स्थापना का भी प्रावधान है। अनुबंधित वनों से प्राप्त वनोपज का पांचवां भाग वन समिति और शेष चार भाग वन विकास निगम और निजी कंपनी को मिलेंगे। फल वनोपज का आधा भाग निजी कंपनी को प्राप्त होगा।

मप्र में 37 लाख हेक्टेयर क्षेत्र बिगड़े वन हैं, इसे ही निजी क्षेत्र में सौंपने की तैयारी है। नई नीति के अन्तर्गत निजी निवेशकों का इन वनीय क्षेत्रों की उपज व कार्बन क्रेडिट पर प्रथम अधिकार होगा। नई नीति का नाम ह्लसीएसआर एवं कंपनी एन्वायरमेंट रिस्पांसिबिलिटी एवं अशासकीय निधियों के उपयोग से वनों की पुनर्स्थापनाह्व है। इसके अंतर्गत मप्र में निजी निवेशक न्यूनतम दस हेक्टेयर वन का चयन कर सकेंगे।

नई वन नीति में कई विसंगतियाँ हैं, जिससे वनीय विविधता की हत्या हो जाएगी। जिस प्रकार समर्थन मूल्य के कारण मप्र व अन्य प्रदेशों की कृषि विविधता समाप्त हो गई है, उसी प्रकार वन विविधता समाप्त हो जाएगी। जब वनीय विविधता समाप्त होगी तो सर्वप्रथम वनीय जैव विविधता, बड़ी तीव्रता से समाप्त होगी। वनवासियों हेतु हर वृक्ष का हर उत्सव व ऋतु में अलग-अलग आस्था का सम्बंध होता है। हजारों-लाखों प्रकार के जीव-जंतुओं का भोजन, उनकी औषधियां, उनकी रहवासी आवश्यकताएँ सभी कुछ समाप्त हो जाएंगे। जीव-जंतु तो छोड़िए जनजातीय समाज और नगरीय समाज




को मिलने वाली हजारों वनीय औषधियां, जड़ी-बूटियाँ, रसायन, मौसमी उत्पाद सभी कुछ समाप्त हो जाएँगे। प्रकृति की अविरल धारा के समक्ष एक बड़ा अवरोध व परिवर्तन उपस्थित होगा जिससे कई प्रकार की असंगतियाँ-विसंगतियाँ देखने को मिलेंगी। अनुबंध पर जंगल लेने वाले व्यसायी केवल लाभ से सरोकार रखेंगे। निजी वन व्यवसायी और कम्पनियाँ आदि; राष्ट्रीय, पर्यावरणीय, सामाजिक, धार्मिक विषयों के प्रति कोई सरोकार या संवेदनशीलता रखने से तो रहे। व्यावसायिक लाभ ही एकमेव लक्ष्य होगा, इससे वनोपज में असंतुलित वृद्धि तो हो सकती है किंतु पर्यावर्णीय हानि, जैव व वन विविधता की हानि व वनवासी समाज के साथ शासन व शेष समाज के सम्बंध बिगड़ सकते हैं। नई वन नीति की सम्पूर्ण समीक्षा की आवश्यकता है। या तो यह नीति रद्द हो या फिर इस नीति में वनीय, विविधता, जैव विविधता, जलीय सरंचनाओं, वनीय पशु-पक्षियों की आवश्यकताओं, वनवासी बंधुओं की आजीविका आदि विषय में सुरक्षा की गारंटी हो।


-डॉ प्रवीण

> नई वन नीति में कई विसंगतियाँ हैं, जिससे वनीय विविधता की हत्या हो जाएगी। जिस प्रकार समर्थन मूल्य के कारण मप्र व अन्य प्रदेशों की कृषि विविधता समाप्त हो गई है, उसी प्रकार वन विविधता समाप्त हो जाएगी। जब वनीय विविधता समाप्त होगी तो सर्वप्रथम वनीय जैव विविधता, बड़ी तीव्रता से समाप्त होगी। वनवासियों हेतु हर वृक्ष का हर उत्सव व ऋतु में अलग-अलग आस्था का सम्बंध होता है।

नई वन नीति में जिसे बिगड़े वन कहा जा रहा है, उसकी परिभाषा भी तय नहीं है। ग्राम सभा की अनुमति की शर्त भी बड़ी ही आसान व एक औपचारिकता मात्र है। केवल मूल्यवान लकड़ी प्रदान नहीं करने वाले वनों को बिगड़ा हुआ वन मान लेना एक बड़ी प्रदूषित, शोषक, स्वार्थी व एकपक्षीय नीति है।

वनवासी बंधुओं की धार्मिक, सामाजिक, आर्थिक आवश्यकताओं एवं पर्यावरण को दृष्टिगत रखते हुए वनीय विविधता बनी रहे, यह परम आवश्यक है। इस नई वन नीति से हमारी आने वाली पीढ़ियाँ कई वन उत्पादों के केवल नाम ही सुन पाएगी। आज जिस प्रकार कृषि क्षेत्र में केवल दो चार प्रकार के अन्न का उत्पादन हो रहा है व शेष फसलों का उन्मूलन होता जा रहा है, वही स्थिति वनों में भी देखने को मिलेगी। प्रत्येक ऐसे वृक्ष को जिससे आर्थिक लाभ नहीं होता है या कम लाभ होता है, उसे कुल्हाड़ी की बलि चढ़ाकर वहाँ व्यावसायिक लाभ की दृष्टि से मूल्यवान पेड़ लगा दिए जाएँगे। लाभमात्र के मूलमंत्र से पारिस्थितिकी संतुलन व इको सिस्टम समाप्त होगा। वनों में ये कंपनियां बेतहाशा इको टूरिज्म को बढ़ावा देंगी, यह लाभप्रद तो अवश्य ही होगा किंतु इसके गंभीर साइड इफेक्टस भी हो सकते हैं। आशंका है कि वनों को लेकर अंधाधुंध दोहन की या केवल लाभ की नीति से पर्यावरण असंतुलन उत्पन्न हो सकता है।

वर्ष 2020 में मुख्यमंत्री शिवराज चौहान के समय भी इस प्रस्ताव को लाया गया था जो बाद में फाइलों में बंद हो गया। फाइलों में बंद इस जिन्न को मप्र वन विभाग के नौकरशाहों ने पुनः बाहर निकाला है। यद्यपि यह मध्यप्रदेश की डॉ. मोहन यादव सरकार की संवेदनशीलता ही है कि सरकार ने अभी एकतरफा निर्णय नहीं लिया है तथापि मुख्यमंत्री को जनजातियों के प्रति असंवेदनशील, वन नीति से सावधान रहना होगा। मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में कुछ ही दिन पहले एक टास्क फोर्स की मीटिंग हुई थी, जिसमें वन अधिकार कानून के तहत ग्राम सभाओं को अपने परंपरागत वन क्षेत्र के पुनर्निर्माण, संवर्धन, संरक्षण एवं प्रबंधन के अधिकार देने का निर्णय हुआ था। संभवतः इसी को ध्यान में रखकर मुख्यमंत्री ने इस वन नीति के प्रारूप को अभी सहमति नहीं दी होगी। मप्र शासन ने नई वननीति के संदर्भ में पर जनता से सुझाव व आपत्तियाँ माँगी हैं। सभी पर्यावरणविदों को सुझाव देना चाहिए, कहीं ऐसा न हो कि शासकीय आय बढ़ाने के इस उपक्रम को वन शोषण का धत्कर्म बना दिया जाए।

वन विकास के नाम पर कहीं हमारे वन, व्यवसाइयों व दलालों की भेंट न चढ़ जाएँ। मप्र की जनता से प्राप्त होने वाले सुझावों और आपत्तियों को देखते हुए नीति में वांछनीय परिवर्तन या संपूर्णतः अस्वीकृत भी किया जा सकता है। मप्र की भाजपा सरकार की ओर से यह शुभ संकेत है और एक अवसर भी।

## लेटर टू एडिटर

### महज विरोध

**कांग्रेस** केंद्र सरकार की अंध विरोध की खतरनाक राजनीति के सहारे है। उसके क्षत्रपों की मानसिकता मात्र विरोध तक ही सीमित रह गई है। राजनीति में विरोध तार्किक आधार पर होना चाहिए। महज विरोध करने के लिए विरोध करना लोकतंत्र में सही नहीं ठहराया जा सकता। जब मोदी सरकार सत्ता में आई, तब से लेकर अब तक राहुल गांधी केवल अनावश्यक विरोध के जरिए ही राजनीति करते आए हैं। 70 साल बनाम 11 साल का आकलन भी कांग्रेस के खिलाफ ही जाता है। बीते सालों में विकास को जो गति मिली है, उससे आम आदमी काफी संतुष्ट है।

**- अमृतलाल मारू, रांची**

### दुर्भाग्यपूर्ण घटना

चंपारण में कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा, क्षतिग्रस्त कर दी गई। इस तरह की घटनाओं का अचानक बढ़ना गांधी के देश में सभ्य समाज का प्रतीक नहीं है।

**-नितेश कुमार सिन्हा, बरही**

## ट्वीट

**भ्रष्टाचार** की भेंट चढ़ी शिक्षा व्यवस्था, पेपर लीक का सिलसिला कब तक रहेगा जारी...

यह झारखंड के लिए अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति है। राज्य के लाखों छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ किया जा रहा है। जहां पहले महागठबंधन सरकार के कार्यकाल में जेएसएससी और जेपीएससी की परीक्षाओं के पेपर लीक हो रहे थे, अब मैट्रिक परीक्षा भी इसकी चपेट में आ गई है।

मैट्रिक परीक्षा का पेपर लीक होना पूरी तरह अस्वीकार्य है। सरकार से अपील है कि इस मामले को गंभीरता से लें, दोषियों की पहचान कर उन पर कठोर कार्रवाई सुनिश्चित करें।

**- सुदेश महतो आजसू**

# किसी भी क्षेत्र में गुणवत्ता सुधारना है तो वहां प्रतिस्पर्धा बढ़ायी जाये



**अजयदीप बाधवा**

टैक्स ऑडिट और कॉस्ट अकाउंटेंट्स किसी भी क्षेत्र में गुणवत्ता सुधारना है तो यह अति आवश्यक है कि वहां प्रतिस्पर्धा बढ़ाई जाए। सेवा या वस्तु प्रदान करने वाली संस्थाओं की संख्या बढ़ेगी तो वे उपभोक्ता को खुश करने के लिए अपनी सेवाओं में सुधार करेगी। हम यह भी जानते हैं कि भारत में सरकार की आय का एक बहुत बड़ा स्रोत आय कर या इनकम टैक्स है।

सरकार को आय कर से जितनी ज्यादा आय प्राप्त होगी उतना भारत सरकार आम आदमी को देने वाली स्वास्थ्य, परिवहन, सुरक्षा और जन कल्याण सेवाओं या सुविधाओं में अधिक खर्च कर पाएगी। साथ ही आय बढ़ने से सरकार आम आदमी से मिलने वाली करों की दरों में कमी भी कर पाएगी जिस से आम आदमी को राहत मिलगी।

इसी उद्देश्य से भारत के आय कर प्रावधानों में टैक्स ऑडिट या कर अंकेक्षण की व्यवस्था है। अगर किसी कर दाता की वार्षिक आय एक करोड़ या 10 करोड़ (जैसी स्थिति हो) से ज्यादा है तो उसे अपना टैक्स ऑडिट करवाना है। यह अनिवार्य है।

वर्तमान में टैक्स ऑडिट सिर्फ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स कर सकते हैं। हाल के वर्षों में यह पाया गया है कि सरकार के प्रयासों से निरन्तर आय कर दाताओं में वृद्धि हो रही है पर उस हिसाब से ऑडिटर की संख्या में वृद्धि नहीं हो रही है जिसके कारण अनेक केसों में टैक्स ऑडिट मात्र एक वार्षिक रिचुअल बन कर रह गई है। इसकी गुणवत्ता में सुधार न होने के कारण सरकार की आय में भी विशेष वृद्धि नहीं हो रही है।

## आर्थिक



इसी कारण अब बेहद यह आवश्यक हो गया है कि टैक्स ऑडिटर्स की संख्या में न सिर्फ वृद्धि की जाए बल्कि अन्य प्रोफेशन, जैसे कॉस्ट एवं मैनेजमेंट अकाउंटेंट, को भी इसमें आने का अवसर दिया जाए जिस से कर और गुणवत्ता दोनों में वृद्धि हो सके। भारत में दी इंस्टीट्यूट ऑफ कॉस्ट अकाउंटेंट ऑफ इंडिया की स्थापना संसद के एक विशेष अधिनियम से हुई थी और इसके सदस्य कॉस्ट एवं मैनेजमेंट अकाउंटेंट कहलाते हैं। वे भी अपने कोर्स वही सारे आय कर के नियम पढ़ते हैं जो चार्टर्ड अकाउंटेंट्स पढ़ते हैं। पर भारत सरकार ने आय कर अधिनियम में इन्हें सिर्फ इन्वेंटरी वैल्युएशन के कार्य तक सीमित रखा है। अब जबकि भारत सरकार आय कर नियमों में अमूल चूल परिवर्तन लाना चाहती है और इसी कारण संसद के वर्तमान बजट सत्र में नए कानून की रूपरेखा सरकार ने पेश की है जिसे संसद की विशेष समिति को विचार हेतु भेजा गया है, में सरकार टैक्स ऑडिट में सुधार ला सकती है। समिति और सरकार को इस नए प्रस्तावित कानून में कॉस्ट अकाउंटेंट्स को टैक्स ऑडिट करने वाले अकाउंटेंट्स की श्रेणी में शामिल करना चाहिए; इस से न सिर्फ ऑडिट की गुणवत्ता में सुधार आएगा बल्कि सरकार की आय भी बढ़ेगी। आज जब सरकार हर क्षेत्र में प्रतिस्पर्धात्मक गुणवत्ता लाना चाहती है तो उसे टैक्स ऑडिट में ऐसा आम जन हित में लाना ही चाहिए।

( कॉस्ट अकाउंटेंट, ऑडिट विशेषज्ञ

# विकसित हो भीड़ नियंत्रण का प्रभावी तंत्र, पुलिस को मिले प्रशिक्षण

**रमेश सर्राफ धमोरा**

**देश** में हम आए दिन भीड़ में भगदड़ मचने से कई लोगों के मरने की खबरें पढ़ते रहते हैं। हाल ही में महाकुंभ स्नान के दौरान प्रयागराज में भीड़ में भगदड़ के चलते 37 लोगों को जान गंवानी पड़ी थी। इस घटना के कुछ दिनों बाद नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर महाकुंभ जाने वालों की भीड़ में अचानक भगदड़ मचने से 18 लोगों की मौत हो गई थी। यह दोनों ही दुर्घटनाएं बहुत दुर्भाग्यपूर्ण व दुखद हैं।

देश में भगदड़ में मरने वालों की सूची बहुत लंबी है। सभी को पता है कि जहां बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ एकत्रित होगी वहां कभी भी भगदड़ मचने की स्थिति पैदा हो सकती है।

भगदड़ भीड़ प्रबंधन की असफलता की स्थिति में पैदा हुई मानव निर्मित आपदा है। भगदड़ प्रायः भीड़ भरे इलाको में किसी अफवाह के कारण भी पैदा हो सकती है। इसके अलावा प्राकृतिक आपदाएं एवं प्रशासनिक अव्यवस्था के कारण भी यह आपदा पैदा होती है। इसमें संपत्ति से अधिक जान की क्षति होने की संभावना रहती है। भीड़ दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों के वैश्विक डेटाबेस के मुताबिक सन 2000 के बाद से भारत में 50 से ज्यादा विनाशकारी सामूहिक समारोहों में दो हजार से ज्यादा लोगों की जान चली गई। इन दुर्घटनाओं को देखते हुए प्रभावी भीड़ प्रबंधन तंत्र विकसित करने की बहुत जरूरत महसूस की जा रही है। खासकर कुंभ जैसे बड़े आयोजनों में इसकी काफी जरूरत महसूस होती है।

भगदड़ बेहद खतरनाक और घातक स्थिति होती है। किसी भी जगह जब भीड़ उसकी क्षमता से अधिक हो जाती है और लोगों के पास निकलने का रास्ता नहीं होता है, भीड़ की वजह से लोगों को पैर रखने की जगह नहीं मिलती है, ऐसी स्थिति में किसी तरह की अफवाह या दुर्घटना होने पर भीड़ बेकाबू हो जाती है। इसे भीड़ में हलचल भी कहा जाता है। इसकी वजह से ही भगदड़ की स्थिति बनती है। इसी तरह भीड़ में हलचल का मतलब भीड़ का बेतरतीब तरीके से एक से ज्यादा दिशाओं में एक ही समय में आगे बढ़ना है। ऐसे में लोगों को चलने के लिए जगह कम होती है वो एक-दूसरे के बीच दब जाते हैं। जब लोग एक-दूसरे से बहुत नजदीक होते हैं तो ह्यफोर्सेज का ट्रांसमिशनह्व यानी बल का संचरण हो सकता है। इस फोर्स ट्रांसमिशन को आपने भी कभी न कभी तब महसूस

## सामयिक

किया होगा जब आप एक बहुत भीड़भाड़ वाली किसी लाइन में खड़े हुए होंगे। जब पीछे से अचानक धक्का लगता है तो व्यक्ति खुद भी उस धक्के को अपने से आगे खड़े व्यक्ति को ट्रांसफर कर देते हैं। ऐसे में अपना संतुलन बनाए रखना और अपने पैरों पर खड़े रहना लोगों के लिए बहुत मुश्किल हो जाता है।

ये पहली बार नहीं था जब किसी धार्मिक कार्यक्रम के दौरान भगदड़ मची हो। इसके पहले भी समय-समय पर भगदड़ मचने की खबरें सामने आती रही हैं। इन घटनाओं में कई लोगों की जान भी चली गई। 27 अगस्त 2003 महाराष्ट्र के नासिक जिले में कुंभ मेले में स्नान के दौरान भगदड़ मचने से 39 लोगों की मौत हो गई थी। 25 जनवरी 2005 को महाराष्ट्र के सतारा जिले में मंधारदेवी मंदिर में भगदड़ मच गई थी। जिसमें 340 से ज्यादा श्रद्धालु कुचले गए थे। 3 अगस्त 2008 हिमाचल प्रदेश के बिलासपुर जिले में नैना देवी मंदिर में मची भगदड़ में 162 लोगों की मौत हो गई थी। 30 सितंबर 2008 राजस्थान के जोधपुर शहर में चामुंडा देवी मंदिर में मची भगदड़ में लगभग 250 श्रद्धालुओं की मौत हो गई थी। 4 मार्च 2010 को उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ जिले में कृपालु महाराज के राम जानकी मंदिर में भगदड़ में 63 लोगों की मौत हो गई थी.। 14 जनवरी 2011 को केरल के इडुक्की जिले के पुलमेडु में सबरीमाला मंदिर में एक जीप की टक्कर से मची भगदड़ में 104 श्रद्धालुओं की मौत हो गई थी। 8 नवंबर 2011 को हरिद्वार में गंगा नदी के किनारे हर की पौड़ी घाट पर मची भगदड़ में लगभग 20 लोगों की मौत हो गई थी। 19 नवंबर 2012 को पटना में गंगा नदी पर छठ पूजा के दौरान एक अस्थायी पुल के ढह जाने से भगदड़ मच गई थी जिसमें 20 लोगों की मौत हो गयी थी।

13 अक्टूबर 2013 मध्य प्रदेश के दतिया जिले में रतनगढ़ मंदिर के पास नवरात्रि के जश्न के दौरान भगदड़ मचने से 115 लोगों ने अपनी जान गंवाई थी। 3 अक्टूबर 2014 को दशहरे का जश्न समाप्त होने के तुरंत बाद पटना के गांधी मैदान में भगदड़ मच गई जिसमें 32 लोगों की मौत हो गई थी। 14 जुलाई 2015 को आंध्र प्रदेश के राजमुंदरी में पुष्करम उत्सव के पहले दिन गोदावरी नदी के तट पर भगदड़ मचने से 27 लोगों ने अपनी जान गंवा दी थी। 1 जनवरी 2022 को जम्मू-कश्मीर में माता वैष्णो देवी मंदिर में भगदड़ मचने से 12 लोगों की मौत हो गई थी। 31 मार्च 2023 को इंदौर शहर के एक मंदिर में रामनवमी के मौके पर एक प्राचीन बावड़ी के ऊपर बनी स्लैब के ढह जाने से 36 लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी थी।

इसी तरह रेलवे स्टेशनों पर भी भगदड़ के कारण कई बड़ी दुर्घटनाएं हो चुकी हैं। 28 सितंबर 2002 को लखनऊ में बसपा की रैली से वापस लौटते समय ट्रेन की छत पर चढ़ने से चार लोगों की करंट लगने से मौत हो गई थी। 13 नवंबर 2004 को नई दिल्ली स्टेशन पर छठ पूजा के दौरान बिहार जाने वाले ट्रेन का प्लेटफार्म अचानक बदलने से दूसरे प्लेटफार्म पर जाने के लिए ओवरब्रिज पर मची भगदड़ में चार यात्रियों की मौत हुई थी। 03 अक्टूबर 2007 को मुगलसराय जंक्शन पर भगदड़ मचने के कारण 14 महिलाओं की मौत हो गई थी। 10 फरवरी 2013 को इलाहाबाद में कुंभ मेला के दौरान रेलवे जंक्शन पर भगदड़ मचने से 38 लोगों की मौत हो गई थी। 29 सितंबर 2017 के दिन मुंबई के एलफिंस्टन रेलवे स्टेशन में बने फुट ओवरब्रिज पर भगदड़ मचने के कारण 22 लोगों की मौत हुई थी।

# नैना अस्पताल में गर्भवती की मौत

## परिजनों ने डॉक्टरों व प्रबंधन पर लगाया लापरवाही का आरोप

खबर मन्त्र संवाददाता

**हजारीबाग।** शहर के नैना अस्पताल के डॉक्टरों और प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगाया गया है ।बताया जा रहा है कि इसके चलते एक गर्भवती महिला की दर्दनाक मौत हो गई। पीड़ित बसंत कुमार मेहता ने सदर थाना में आवेदन देकर अस्पताल प्रबंधन और डॉक्टरों पर कार्रवाई की मांग की है। बसंत कुमार के अनुसार, 15 फरवरी को वह अपनी पत्नी रानी कुमारी को बेहतर इलाज के लिए हजारीबाग ला रहे थे। रास्ते में वीणा कुमारी नामक एक महिला ने उन्हें नैना अस्पताल में इलाज कराने की




सलाह दी। अस्पताल पहुंचने के एक घंटे बाद ही वहां मौजूद अयोग्य डॉक्टरों ने ऑपरेशन कर बच्ची का जन्म तो करा दिया, लेकिन जल्द ही रानी कुमारी की तबीयत बिगड़ने लगी। महिला को पेशाब और मलत्याग में दिक्कत होने लगी, जिससे उसका दर्द असहनीय हो गया। दो दिन बाद, अस्पताल ने गंभीर स्थिति का हवाला देकर रांची रेफर कर दिया। रिम्स, रांची ने भी उसे संभालने में असमर्थता जताई, जिसके बाद महिला को मेडिका अस्पताल में भर्ती कराया गया। जांच के दौरान डॉक्टरों ने पाया कि ऑपरेशन के दौरान पेशाब की नली को सिल दिया गया था, जिससे उसकी किडनी भी फेल हो गई। महिला की हालत बिगड़ती चली गई, और अंततः मेडिका अस्पताल ने भी जवाब दे दिया। जब उसे दोबारा रिम्स लाया गया, तो डॉक्टरों ने महिला को मृत घोषित कर दिया।

रानी कुमारी की मौत के बाद मायके और ससुराल पक्ष में मातम पसरा है। परिजनों को बच्ची के पालन-पोषण की चिंता सता रही है, जबकि गरीब मजदूर पति लाखों रुपए खर्च कर पहले ही आर्थिक तंगी से जूझ रहा है। पीड़ित परिवार ने दोषी डॉक्टरों और अस्पताल प्रबंधन के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

## स्पीड न्यूज

### रामगढ़ कॉलेज में पब्लिक रिलेशन सेल व सिविल सोसाइटी की बैठक



**रामगढ़।** रामगढ़ महाविद्यालय में 21 फरवरी को पब्लिक रिलेशन समिति और सिविल सोसाइटी की मीटिंग आयोजित हुई। इस मीटिंग में सुरेश प्रसाद अग्रवाल, अमित सिन्हा,बालकृष्ण जलान,महेश कुमार अग्रवाल, रामगढ़ कालेज की प्राचार्या डॉ. रत्ना पांडे, कोऑर्डिनेटर डॉ. कामना राय, आईक्यूएसी की कोऑर्डिनेटर विजेता तिग्गा, रामगढ़ महाविद्यालय की प्राचार्या सरिता सिंह ने भाग लिया। इस मीटिंग में कॉलेज को समाज से कैसे जोड़ा जाए और इसकी बेहतरी के लिए कार्य कैसे हो इसपर चर्चा की गई। साथ ही महाविद्यालय में बेहतर शैक्षणिक माहौल उपलब्ध कराने को लेकर भी मीटिंग में चर्चा हुई। मीटिंग में बताया गया कि महाविद्यालय में छात्र, छात्राओं की सुविधा के लिए शीघ्र ही कैंटीन आरंभ किया जाएगा। वहीं, महाविद्यालय को हरा भरा रखने के लिए यहां पार्क का विकास किये जाने की भी योजना है। इसके अलावे मीटिंग में महाविद्यालय के छात्र, छात्राओं के स्कूल डेवलपमेंट पर भी चर्चा की गई। इसके अलावे आगामी कुछ दिनो में महाविद्यालय में रक्तदान शिविर के आयोजन पर भी मीटिंग में चर्चा की गई। बताया गया कि रक्तदान शिविर में विधायक ममता देवी बतौर अतिथि शामिल होंगी।

### पंचबहनी स्कूल का मना स्थापना दिवस



भुरकुंडा (रामगढ़)। डोमन महतो जय मां पंचबहनी पब्लिक स्कूल गेगदा में शुक्रवार को विद्यालय का 29वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के सचिव डोमन महतो ने केक काटकर किया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं और छात्र-छात्राओं ने अपने-अपने विचार रखते हुए विद्यालय की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। मौके पर सचिव डोमन महतो ने कहा कि सबों का सहयोग रहा तो आने वाले दिनों में विद्यालय शिक्षा के क्षेत्र में अपनी एक अलग पहचान बनायेगी। उन्होंने कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ बच्चों का सर्वांगीण विकास ही विद्यालय का उद्देश्य है। छात्र-छात्राओं को हर क्षेत्र में अव्वल बनाने के लिए विद्यालय प्रबंधन हर सार्थक कदम उठाते रहेगा। सचिव श्री महतो ने कहा कि हमारा विद्यालय बच्चों को बेहतर शिक्षा के साथ-साथ अच्छे संस्कार भी दे रहा है। इस अवसर पर सबों के बीच केक और मिठाई का वितरण किया गया। मौके पर विद्यालय के प्राचार्य सुकरा महली, प्रशासक बिरेन्द्र प्रसाद, प्रह्लाद भट्टाचार्य, अवधेश मुंडा, दीपक मुंडा, रवि पाहन, गीता यादव, दिव्या कुमारी, लीलावती कुमारी, आरती कुमारी, कुमारी शिखा, प्रिया कुमारी, गीता कुमारी, प्रिया पंडित, रोजी परवीन सहित छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

### गुलशन-ए-रजा में रक्तदान शिविर कल

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** युवा ब्लड डोनर ग्रुप ऑफ भुरकुंडा के तत्वावधान में रविवार को सुबह 11 बजे से सिटी हॉस्पिटल ब्लड बैंक रामगढ़ के सौजन्य से मेन रोड भुरकुंडा स्थित मदरसा गुलशन-ए-रजा में रक्तदान शिविर लगाया जायेगा। ब्लड डोनर ग्रुप ऑफ भुरकुंडा रामगढ-झारखंड अध्यक्ष सह संस्थापक मेराज अंसारी ने बताया कि अस्पतालों में हो रही रक्त की कमी और मरीजों की परेशानी दूर करने को लेकर शिविर का आयोजन किया जा रहा है। उक्त शिविर में दर्जनों लोग रक्तदान करेंगे, ताकि इमेरजेंसी के समय जरूरतमंदों को रक्त मिल सके और इस इस कमी को पूरा किया जा सके। उन्होंने बताया कि युवा ब्लड डोनर ग्रुप ऑफ भुरकुंडा ग्रुप का निर्माण लगभग 6 वर्ष पहले जिस उद्देश्य के साथ किया गया था वह पूरा होता दिख रहा है। इस ग्रूप के माध्यम से अब तक तीन हजार से ज्यादा जरूरतमंदों को रक्तदान का सहयोग किया गया है, जो आगे भी जारी रहेगा। उन्होंने रक्तदान महादान का नारा बुलंद करते हुए भुरकुंडा में 23 को लगने वाले शिविर में ज्यादा से ज्यादा लोगों को रक्तदान करने का अपील की। इस ग्रुप के सचिव भुरकुंडा बाजार निवासी सचिव किशोर कुमार ने अब तक सबसे अधिक 37 बार, मांडू निवासी जितेंद्र कुमार 34 बार, भुरकुंडा निवासी जयशंकर गुप्ता 32 बार, हुरूमगढ़ा भुरकुंडा निवासी निर्मल साहु 26 बार, सुंदरनगर भुरकुंडा निवासी सह ग्रुप के अध्यक्ष मेराज अंसारी 23 बार और भदानीनगर कोल कम्पनी निवासी बबलू अंसारी ने 20 बार रक्तदान कर लोगों की जान बचाने में अपना सामाजिक दायित्व निभाया है। वहीं इस ग्रुप के कई सदस्यों ने भी रक्तदान किया है।

### हनुमान मंदिर में अखंड हरिकीर्तन शुरू



**कुजू।** भरेचनगर बरवाटांड़ स्थित हनुमान मंदिर का वार्षिकोत्सव को लेकर अखंड हरिकीर्तन शुरू हुआ। पश्चिम बंगाल से आए तीन कीर्तन मंडली जिसमें एक महिला मंडली कलाकारों की टीम द्वारा हरे रामा हरे रामा, रामा रामा हरे-हरे, हरे कृष्णा हरे कृष्णा कृष्णा-कृष्णा हरे-हरे के जय घोष से पूरा क्षेत्र गुंजायमान हो रहा है। कार्यक्रम आयोजन समिति के अध्यक्ष शंकर मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि शनिवार दिन के 1 बजे 24 घंटे का अखंड हरि कीर्तन समाप्त होने के साथ हीं भव्य भंडारा कार्यक्रम प्रारंभ होगा। मौके पर काफी संख्या में लोग शामिल थे।

# पतरातू फिल्टर प्लांट में अपराधियों ने सुरक्षा कर्मियों के साथ की मारपीट

## कई कीमती सामान ले गये अपराधी

खबर मन्त्र संवाददाता




**रामगढ़।** रामगढ़ जिला के पतरातू थाना क्षेत्र में स्थित सीसीएल वाटर प्लांट में गुरूवार देर रात 30 -35 की संख्या में अपराधियों ने धावा बोलकर लूट की घटना को अंजाम देने की कोशिश की। अपराधियों ने सुरक्षा कर्मियों को बुरी तरह घायल कर दिया। घटना के बाद सीसीएल सुरक्षाकर्मी काफी डरे हुए हैं। पतरातू थाना क्षेत्र में अब आए दिन लूट और चोरी की घटना हो रही है। इसी कड़ी में सीसीएल के फिल्टर प्लांट में गुरूवार की रात 30 से 35 की संख्या में लुटेरे लूट की घटना को अंजाम देने के लिए पहुंचे और पहले गेट में लगे ग्रिल को जबरन खोल दिया और वहां मौजूद सुरक्षाकर्मियों के साथ मारपीट किया। इसके बाद लुटेरे फिल्टर प्लांट के अंदर घुसे और कीमती सामान को काटने लगे और कई कीमती सामान को वे लोग अपने साथ उठाकर ले गए। इस दौरान कुछ सुरक्षाकर्मियों ने अपने अधिकारियों को फोन किया। इसके बाद अधिकारियों ने पतरातू पुलिस को फोन किया। कहा जा रहा है कि पुलिस घटनास्थल पर तो पहुंची लेकिन अपराधियों के जाने के बाद। घटना की जानकारी मिलने के बाद सीसीएल के अन्य सुरक्षाकर्मी घटनास्थल पर पहुंचे और घायल सुरक्षाकर्मियों को इलाज के लिए अस्पताल ले गए। देर रात हुई वारदात में पुलिस अब तक सीसीएलकर्मियों द्वारा दिए जाने वाले आवेदन का इंतजार कर रही है ताकि आवेदन मिलने के बाद कार्रवाई किया जा सके। सीसीएलकर्मियों का कहना है कि यदि पुलिस रात में ही सक्रिय हो जाती तो संभवत इस लुटेरे पकड़े जाते। सीसीएल के सिक्योरिटी इंचार्ज विक्रम सिंह ने बताया कि देर रात 30-35 की संख्या में अपराधियों ने वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट पर धावा बोला और यहां मौजूद जवानों को बुरी तरह घायल कर दिया। घटना की जानकारी मिलने के बाद हम लोगों द्वारा पुलिस को फोन किया गया. पुलिस के आने से पहले ही लुटेरे गैंग के लोग फरार हो गए थे. चार जवानों को काफी चोट लगी है. जिनमें दो की हालत अभी गंभीर बताई जा रही है. जिनका इलाज जारी है। पतरातू थाना प्रभारी संजय गुप्ता ने बताया कि घटना की जानकारी मिली थी। पुलिस घटनास्थल पर भी पहुंची। पर वहां कोई अपराधी नही दिखा।

### बरही में पतंजलि चिकित्सालय खुला

**बरही।** बरही में पतंजलि चिकित्सालय और आयुर्वेद केंद्र का उद्घाटन सांसद मनीष जायसवाल, विधायक मनोज कुमार यादव, व्यवसायी संघ के अध्यक्ष कपिल केशरी, संचालक अनिल केशरी और आशीष केशरी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। पतंजलि चिकित्सालय खोलने के लिए स्वामी रामदेव और आयुर्वेदाचार्य बालकृष्ण जी ने शुभकामना दी है। सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि पतंजलि चिकित्सालय खुलने से क्षेत्रवासियों को स्वदेशी उत्पाद और आयुर्वेदिक चिकित्सा का लाभ मिलेगा। विधायक मनोज कुमार यादव ने कहा कि योग और आयुर्वेद भारतीय संस्कृति की धरोहर है। पतंजलि चिकित्सालय से लोगों को प्राकृतिक चिकित्सा का लाभ मिलेगा। यह स्वास्थ्य और आत्मनिर्भरता की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। मौके पर जिला परिषद के उपाध्यक्ष किशुन यादव, भाजपा के जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, व्यवसायी संघ के अध्यक्ष कपिल केशरी, भाजपा के मंडल अध्यक्ष भगवान केशरी, भुनेश्वर यादव व अन्य मौजूद थे।

# बॉन सेकोर्स स्कूल के सांस्कृतिक कार्यक्रम में शामिल हुये सदर विधायक प्रदीप प्रसाद

**हजारीबाग।** सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने शुक्रवार को बॉन सेकोर्स स्कूल में आयोजित भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। विद्यालय परिवार ने उनका आत्मीय स्वागत किया और विशेष सम्मान प्रदान किया। इस अवसर पर विधायक ने शिक्षकों, विद्यार्थियों और विद्यालय प्रबंधन समिति का आभार व्यक्त किया।



कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने नृत्य, संगीत, नाट्य, भाषण और लोक संस्कृति से जुड़ी मनमोहक प्रस्तुतियां दीं, जिन्होंने उपस्थित दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। बच्चों की अद्भुत प्रतिभा और आत्मविश्वास देखकर विधायक ने उनकी भूरि-भूरि प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी देश का भविष्य हैं और इस प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम उनके सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। विधायक ने विद्यालय परिवार को इस शानदार आयोजन के लिए बधाई दी और कहा कि शिक्षा के साथ-साथ संस्कार और आत्मविश्वास भी जरूरी हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि सांस्कृतिक गतिविधियां बच्चों के मानसिक और सामाजिक विकास में सहायक होती हैं और ऐसे कार्यक्रमों से उनमें अनुशासन, टीम वर्क और आत्मनिर्भरता विकसित होती है। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य, शिक्षकगण, अभिभावक और वरिष्ठ पत्रकार मुरारी सिंह सहित कई गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। सभी ने विधायक के प्रति आभार व्यक्त किया और भविष्य में भी उनके सहयोग व मार्गदर्शन की अपेक्षा जताई।

### रजरप्पा से लापता लड़की को लेकर दो समुदाय के बीच तनाव

**रामगढ़।** रामगढ़ जिले के रजरप्पा थाना क्षेत्र से लापता हुई 28 वर्षीय लड़की को लेकर दो संप्रदायों में बढ़ा तनाव। एक तरफ जहां लड़की के घर वाले और समाज के लोग उतावले हो रहे हैं, वहीं दूसरे समुदाय के लड़के के परिवार वाले भी दहशत में हैं। यह मुद्दा तब और ज्यादा चर्चित हुआ जब शुक्रवार को गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने इस मामले पर टिप्पणी कर दी। उन्होंने पुलिस को 72 घंटे का अल्टीमेटम दिया है। साथ ही यह भी कहा है कि लड़की वापस नहीं आ रही है जिसे लेकर समाज में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। अगर किसी भी तरह का विवाद होता है तो उसकी जिम्मेदारी पुलिस प्रशासन की होगी। रजरप्पा थाना क्षेत्र के चितरपुर की एक लड़की खुशबू (काल्पनिक नाम) मुस्लिम समुदाय के एक लड़के मो गालिब उर्फ राजा पिता मुख्तार खान के साथ चली गई थी। खुशबू के परिजनों ने इस मामले में नौ फरवरी को ही लड़की के लापता होने की सूचना थाने में दर्ज कराई। पुलिस ने जब छानबीन की तो पता चला कि यह मामला गुमशुदगी का नहीं, बल्कि प्रेम प्रसंग का है। रजरप्पा थाना प्रभारी नवीन प्रकाश पांडे ने इस मामले की सूचना लड़की के परिजनों को दी। साथ ही फोन पर बात भी कराई। पुलिस ने बताया कि लड़की अपने परिवार वालों के साथ संपर्क में है। सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने 23 फरवरी तक लड़की को सुपूर्द करने का अल्टीमेटम पुलिस को दिया है। उन्होंने कहा कि लड़की को लाए नहीं तो माहौल बिगड़ा तो इसकी जिम्मेवार सरकार और यहां की पुलिस प्रशासन होगी।

# सीसीएल प्रबंधन व संघर्ष समिति के बीच हुई वार्ता

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** महाप्रबंधक कार्यालय बरका-सयाल में शुक्रवार को सीसीएल प्रबंधन एवं विस्थापित प्रभावित संघर्ष समिति के बीच द्विपक्षीय वार्ता हुई। बैठक में बरका-सयाल महाप्रबंधक अजय कुमार सिंह, भुरकुंडा परियोजना पदाधिकारी राकेश कुमार सत्यार्थी, प्रबंधक अविनाश चंद्रा तथा समिति की ओर से गिरधारी गोप, रामदास बेदिया, कार्तिक मुंडा, संतोष यादव, प्रेम कुमार साहू, मनोज मांझी, जयदेव सिंह, राजदेव मुंडा, गणेश बेदिया, राजन तुरी, ताराचंद करमाली, धनेश्वर मुंडा, शिवलाल बेदिया, दिनेश बेदिया, रघुनाथ सिंह, कालेश्वर बेदिया, इंद्रदेव मुंडा, शिवचरण बेदिया मुख्य रूप से उपस्थित थे। बैठक में सीसीएल प्रबंधन ने समिति द्वारा सौंपे गए 12 सूत्री मांगों पर विस्तार पूर्वक चर्चा की। साथ ही प्रबंधन ने समिति को आश्वास्त किया कि समस्या के समाधान हेतु साकारात्मक कदम उठाया जाएगा। इस दौरान प्रबंधन ने एक सप्ताह में समिति को लिखित मिनिट्स

**▸▸ समिति के 12 सूत्री मांगों पर हुई चर्चा, प्रबंधन ने सभी मांगों को पूरा करने का दिया आश्वासन**

भी उपलब्ध कराने की बात कही। जिस पर समिति ने लिखित मिनिट्स का अध्यन एवं समीक्षा करने के बाद अगली कदम उठाने की बात कही। बैठक में महाप्रबंधक ने खास तौर पर वैकल्पिक रोजगार, रोड सेल, सीएसआर, पेयजल, चिकित्सा, सौर ऊर्जा कार्यों को प्राथमिकता देने का निर्देश अपने अधीनस्त अधिकारियों और कर्मचारियों को दी। साथ ही 15 दिनों के अंदर पुनः प्रबंधन और समिति के सदस्यों के बीच वार्ता करने की बात कही।

प्रबंधन ने भुरकुंडा कोलियरी से प्रभावित कुरसे, देवरिया, बलकुदरा, दुंदुवा सहित अगल-बगल के दर्जनों गांवों में युद्ध स्तर पर सीएसआर कार्यों को धरातल पर उतरने की भी बात कही। विस्थापित प्रभावित संघर्ष समिति की 12 सूत्री मांगों में भुरकुंडा कोलियरी



अंतर्गत बलकुदरा खुली खदान से उत्पादित कोयला का 75 प्रतिशत आवंटन रोड सेल में देने, रोड सेल चालू कर विस्थामित-प्रभावित गांव के रैयतों/ग्रामीणो और स्थानीय बेरोजगारों को वैकल्पिक रोजगार देने, बलकुदरा खुली खदान में प्रबंधन द्वारा दिये गये आश्वासन के आलोक में पीएसएमई कम्पनी में विस्थापित-प्रभावित संघर्ष समिति द्वारा सौंपे गये सूची के अनुसार बीस लोगों को अविलंब रोजगार देने, भुरकुंडा कोलियरी अन्तर्गत खाली भूमि/अनुपयोगी भूमि को प्राथमिकता के आधार पर स्वरोजगार/वैकल्पिक रोजगार के साधान हेतू विस्थापित प्रभावित गाव (देवरिया, कुरसे, दुंदुवा, बलकुदरा के रैयतों को आवंटित करने, भुरकुंडा कोलियरी रोड सेल में पेलोडर लोडिंग की जगह मैनुअल लोडिंग की व्यवस्था करने, भुरकुंडा कोलियरी से विस्थापित-प्रभावित गांव में सीसीएल प्रबंधन द्वारा निःशुल्क पेयजल एवं विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने, भुरकुंडा आर्दश क्षेत्रीय अस्पताल में निःशुल्क समुचित चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने की मांग की।

## एक नजर में

### गरीबों को मिला साड़ी, धोती और लुंगी



टाटीझरिया। झारखंड सरकार की महत्वाकांक्षी सोना सोबरन योजना के तहत झरपो पंचायत में गरीब और जरूरतमंद लाभुकों के बीच मात्र 10 रुपए में साड़ी, धोती और लुंगी का वितरण किया गया। वितरण कार्य जन वितरण प्रणाली दुकानदार विजय प्रकाश मेहता और झमन राम के माध्यम से किया गया। कार्यक्रम में पंचायत मुखिया एवं 20 सूत्री प्रखंड अध्यक्ष शिबू प्रसाद सोनी, टाटीझरिया उपप्रमुख रवि वर्णवाल ने लाभुकों को वस्त्र वितरित किए। इस दौरान उन्होंने सरकार की इस योजना की सराहना करते हुए कहा कि यह गरीबों के लिए बहुत लाभदायक सिद्ध हो रही है। इस मौके पर लाभार्थियों में ईश्वर महतो, सहदेव महतो, पिंकी, सावित्री, गोविंद सोनी, कौशल्या देवी, शिव शंकर प्रसाद, खगिया देवी, शांति, मुनिया देवी, बिमला देवी, सेवा महतो, मो. सीता देवी, कर्मी देवी, कोलेश्वरी देवी, सुमा देवी, भोला साव, राजू सोनी, सबूता देवी, मंजू देवी सहित कई अन्य लोग उपस्थित रहे। सरकार की इस योजना के तहत गरीब परिवारों को बेहद कम कीमत में वस्त्र उपलब्ध कराए जा रहे हैं, जिससे उन्हें आर्थिक राहत मिल रही है।

### विष्णुगढ़ के रमुवा में पेवर पथ का उद्घाटन



**विष्णुगढ़।** पंचायत बेड़ा हरियारा के ग्राम रमुवा में सांसद निधि से निर्मित पेवर ब्लॉक पथ का उद्घाटन शुक्रवार को विधिवत रूप से किया गया। यह पथ छोटन साव के घर से कोमल साव के जमीन तक बनाया गया है, जिससे ग्रामीणों को अब आवागमन में सुविधा होगी। उद्घाटन समारोह में मुख्य रूप से मंडल अध्यक्ष किशोर कुमार मंडल, प्रभु प्रसाद विश्वकर्मा, शंभू नाथ पांडेय, अंजू देवी, गायत्री देवी, सुनील अकेला, अनूप कसेरा, राजू श्रीवास्तव, गौतम भारती, शशि लहकर, अनुभव भारती, सुखदेव प्रसाद मंडल, राजेश सोनी, कन्हैया यादव, झल्लू पंडित, गोवर्धन महतो, द्वारका साव, संतोष साव, भीमा प्रसाद गुप्ता, सुरेश बर्मन, रतनलाल साहू, संतोष कसेरा, अरविंद लहकर, प्रवीण कुमार महतो, कुंदन कुमार वर्मा, संदीप लहकर और मुन्ना सिंह सहित बड़ी संख्या में स्थानीय कार्यकर्ता एवं ग्रामीण उपस्थित रहे। इस पेवर ब्लॉक पथ के निर्माण से ग्रामीणों को अब बारिश के दिनों में भी सुरक्षित और आरामदायक यात्रा का लाभ मिलेगा। स्थानीय लोगों ने इस पहल की सराहना की और सांसद निधि से हुए इस विकास कार्य के लिए आभार व्यक्त किया।

### हजारीबाग जिला स्कूल में जल रिचार्ज का लोकार्पण




**हजारीबाग।** जिला स्कूल हजारीबाग में शुक्रवार को पेंटेड वर्षा जल रिचार्ज प्रणाली का भव्य लोकार्पण किया गया। यह प्रणाली जल गुरु महेंद्र मोदी (पूर्व डीजीपी, उत्तर प्रदेश और जिला स्कूल के पूर्व छात्र) द्वारा आविष्कृत की गई है। कार्यक्रम में उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल के आयुक्त पवन कुमार ने बतौर मुख्य अतिथि स्मारक पट्टिका का अनावरण कर इस जल संरक्षण पहल की शुरूआत की। विद्यालय के छात्रों ने एनसीसी परेड और उत्साहजनक स्वागत के साथ मुख्य अतिथि एवं जल गुरु महेंद्र मोदी का अभिनंदन किया। इसके बाद आयोजित संगोष्ठी में आयुक्त पवन कुमार ने जल संरक्षण के महत्व और वर्षा जल रिचार्ज प्रणाली के लाभों पर प्रकाश डाला। जल गुरु महेंद्र मोदी ने जल संकट की गंभीरता पर चर्चा करते हुए कहा कि पूरे विश्व में जल की बबार्दी हो रही है, और यदि समय रहते इसे नहीं रोका गया, तो भविष्य में पानी की भारी समस्या उत्पन्न हो सकती है। उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि अपने घरों और अन्य आवश्यक स्थानों पर वर्षा जल संचयन प्रणाली अपनाएं ताकि आने वाली पीढ़ियों को जल संकट का सामना न करना पड़े। कार्यक्रम के दौरान जिला शिक्षा अधिकारी, वर्तमान एवं पूर्व प्रधानाचार्य, शिक्षकगण और पूर्व छात्र भी उपस्थित रहे। सभी ने जल संरक्षण अभियान को आगे बढ़ाने और समाज में जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया।

### रांची रोड में चला अतिक्रमण हटाओ अभियान



कुजू। रांची रोड रेलवे ओवरब्रिज से लेकर नईसराय की ओर जिला प्रशासन द्वारा शुक्रवार को अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। इस दौरान जिला प्रशासन की ओर से रामगढ़ नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी मनीष कुमार, रामगढ़ अंचल के अंचलाधिकारी सुदीप कुमार एक्का के निर्देशन में 11 बजे जैसे हीं उक्त अधिकारी अपने अभियान टीम, जेसीबी मशीन, नगर परिषद के ट्रैक्टर आदि लेकर रांची रोड पहुंचे, सड़क के दोनों ओर स्थित झुग्गी-झोपड़ियों, गुमटियों व सब्जी बेच रहे लोगों में अफरातफरी मच गई। सभी लोग अपने-अपने सामान को समेटने, खोलने व उतारने लगे। अधिकारियों के निर्देश पर अतिक्रमित भूमि पर स्थित दुकानों को जेसीबी तथा परिषद कर्मियों द्वारा हटाया गया। अभियान के दौरान एक वाहन पर लगे चोंगे के माध्यम से सड़क के किनारे स्थित दुकानदारों को अपने सामान को स्वयं हटा लेने अन्यथा कार्रवाई के दौरान उसे जब्त कर लेने की चेतावनी दी जा रही थी। अभियान में नगर परिषद व रामगढ़ अंचल राजस्व कर्मचारी, अमीन व पुलिस बल के जवान शामिल थे।

## जैक बोर्ड दसवीं परीक्षा के प्रश्नपत्र लीक मामले में डीईओ ने करायी प्राथमिकी दर्ज

# भाजपा नेता के पुत्र प्रशांत व आशीष को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल, एक की तलाश जारी

- **हिंदी और विज्ञान प्रश्न-पत्र लीक होने के बाद जैक बोर्ड ने दोनों विषयों की परीक्षा रद्द कर दी है**

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मरकच्चो (कोडरमा)।** जैक बोर्ड दसवीं परीक्षा हिंदी और विज्ञान प्रश्न-पत्र लीक होने के बाद जैक बोर्ड ने दसवीं की दोनों विषयों की परीक्षा रद्द कर दी है और इसके तार कोडरमा और गिरिडीह से जुड़े होने के कारण इन दोनों जिला प्रशासन से जैक बोर्ड ने स्पष्टीकरण मांगा है। दरअसल दो दिन पहले जैक बोर्ड परीक्षा प्रश्न पत्र पेपर 2025 नाम से एक व्हाट्सएप ग्रुप क्रिएट किया गया था। इसमें एक स्कैनर का इस्तेमाल करते हुए छात्रों से प्रश्न-पत्र देने के बदले में 350 रुपये की मांग की जा रही थी। इस ग्रुप में जुड़ने के लिए इस ग्रुप का लिंक दूसरे सोशल मीडिया साइट्स पर वायरल किया गया और देखते ही देखते उस लिंक के जरिए प्रश्न पत्र पेपर वाले ग्रुप से 1000 से ज्यादा लोग जुड़ गए। ग्रुप से जुड़ने के बाद जिन लोगों ने प्रश्नपत्र की डिमांड की, उनसे पहले बार कोड पर 350 रुपए मंगाया गया। उसके बाद उनके पर्सनल नंबर पर उत्तर समेत प्रश्न पेपर पीडीएफ में भेजा गया और पैसे मिलने के बाद उसे पीडीएफ खोलने का पासवर्ड उक्त विद्यार्थी या उसके अभिभावक को दिया गया। 20 फरवरी को साइंस की परीक्षा खत्म होने के बाद कोडरमा के दो अलग-अलग स्कूलों में जब इसकी जांच पड़ताल की गई तो छात्राओं ने प्रश्न पत्र से हूबहू मिलते हुए प्रश्न पत्र मिलने की बात की पुष्टि की और बताया कि इसी तरह का प्रश्न पत्र सोशल मीडिया के अलग-अलग साइट्स पर वायरल हो रहा था। हालांकि कुछ बच्चों ने पूछे जाने पर वायरल प्रश्न पत्र से आज मिले प्रश्न पत्र के हूबहू होने की बात भी स्वीकार की। वहीं जिला शिक्षा पदाधिकारी अविनाश राम ने मरकच्चो थाना में आवेदन देकर पेपर लीक करने में संलिप्त लोगों पर प्राथमिकी दर्ज कराई है। वहीं आवेदन के आलोक में मरकच्चो थाना प्रभारी सौरभ कुमार शर्मा ने कांड संख्या 14/25 के तहत मामला दर्ज करते हुए प्राथमिक अभियुक्त भाजपा नेता प्रकाश साव के पुत्र प्रशांत कुमार साव उर्फ प्रिंस कुमार एवं आशीष कुमार साव पिता भीम साव, पंचायत जामू हरलाडीह को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। वहीं पुलिस तीसरे युवक की तलाश में जुटी है। इसके बाद पूरे मामले का खुलासा हो सकता है। गिरफ्तार आरोपियों में प्रशांत शाह निजी विद्यालय व कोचिंग का संचालक है, जबकि आशीष कक्षा 11वीं का छात्र है और हजारीबाग में रहकर पढ़ाई करता है। इन दोनों ने अपने मोबाइल से दसवीं के प्रश्नपत्र को वायरल किया था।

### डीडीसी के नेतृत्व में टीम कर रही जांच

इधर, प्रश्नपत्र लीक मामले को लेकर कोडरमा जिला प्रशासन ने विज्ञप्ति जारी कर दावा किया है कि पूरे मामले को लेकर प्रशासन गंभीर है। वहीं डीडीसी ऋतुराज के नेतृत्व में टीम का गठन कर जांच कराई जा रही है। टीम में एसी, एसडीओ, डीएसओ व डीईओ शामिल हैं। वहीं डीसी मेघा भारद्वाज ने इस मामले पर सभी परीक्षार्थियों से अपील करते हुए कहा है कि वे किसी प्रकार के भ्रामक पोस्ट या सूचना पर ध्यान न दें तथा अपनी परीक्षा की तैयारियों पर ध्यान केंद्रित करें, इस तरह के मामले में शामिल असामाजिक तत्वों पर सख्त कार्रवाई की जायेगी।

# केंद्रीय मंत्री और जिप अध्यक्ष की पहल पर रूपनडीह विवाद सुलझा

- **दोनों पक्षों में बनी सहमति, निर्णय को किया स्वीकार**

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**कोडरमा।** डोमचांच थाना क्षेत्र के रूपनडीह स्थित रैदास मंदिर परिसर में लगे होर्डिंग्स को हटाने को लेकर गत दिन रैदास जयंती के मौके पर दो पक्षों के बीच हुई हिंसक घटना विवाद का मामला कोडरमा सांसद सह केंद्रीय मंत्री महिला बाल विकास मंत्रालय अन्नपूर्णा देवी और जिला परिषद अध्यक्ष रामधन यादव की पहल पर खत्म हो गया। यहां यह भी गौरतलब हो कि दोनों पक्षों के बीच उपजे विवाद को खत्म कराने को लेकर गत दिन कोडरमा विधायक डॉ. नीरा यादव और जिप अध्यक्ष श्री यादव ने काफी प्रयास किया था। वहीं शुक्रवार को उक्त मामले को लेकर स्थानीय परिसदन में केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी और जिप अध्यक्ष रामधन यादव के नेतृत्व में दोनों पक्षों के बीच सकारात्मक वार्ता हुई। इस दौरान दोनों पक्षों ने बारी बारी से अपनी अपनी भावनाओं को केंद्रीय मंत्री के समक्ष रखा। बैठक के दौरान केंद्रीय मंत्री और जिप अध्यक्ष गम्भीरतापूर्वक दोनों पक्षों की भावनाओं से अवगत हुए और एकता व भाईचारा बनाये रखने के लिए दोनों पक्षों के बीच सुलह करवाते हुए सर्वसम्मति से सुलहनामा तैयार करवाया, जिसे दोनों पक्षों ने स्वीकार किया। बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार रैदास मंदिर यथावत बना रहेगा, वहीं श्रीराम का होर्डिंग बैनर पोस्टर का स्थान परिवर्तन कर उत्तर पश्चिम दिशा में लगाने, रैदास मंदिर के सामने लगा झंडा यथावत रहेगा, झंडा केवल बजरंग बली का ही होगा, इसके अलावे लुगवार पिंडा का छोटा बोर्ड भी यथावत रहेगा। आपसी सुलहनामे में दोनों पक्षों के द्वारा एक-दूसरे के विरुद्ध दर्ज किए गए मुकदमे को वापस लेने में दोनों पक्षों द्वारा एक-दूसरे को मदद करने की बात कही गयी है। बैठक में दोनों पक्षों को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री और जिप अध्यक्ष ने दोनों पक्षों में शांति बहाल रखने की अपील करते हुए कहा कि आपसी भाईचारा से बढ़कर कुछ नहीं है, गांव के छोटे-मोटे झगड़े को आपस में बैठकर सुलझाएं। मौके पर भागवत खटीक, सुजित मेहता, राजू दास, अजय दास, महेश दास, बाबूलाल दास, अनिल कुमार, धीरज दास, बालदेव दास, गणेश दास, जयनारायण दास, संतोष दास, सुरेश विश्वकर्मा, सतीश मेहता, संजय कुमार मेहता, मुकेश कुमार मेहता, दिनेश साव, अनिल पंडित, राजेश कुमार सिंह आदि मौजूद थे।

## तिलैया में श्री अल्ट्रासाउंड का शुभारंभ



**कोडरमा।** झुमरीतिलैया शहर के राजगढ़िया रोड स्थित राधे कृष्ण कॉम्प्लेक्स में शुक्रवार को श्री अल्ट्रासाउंड का शुभारंभ कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सह झारखंड विधि महाविद्यालय के कार्यकारी अध्यक्ष गणेश प्रसाद स्वर्णकार व सुधा देवी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। उद्घाटन समारोह में जिले के कई प्रतिष्ठित डॉक्टर, समाजसेवी व गणमान्य लोग शामिल हुए। सभी ने उक्त अल्ट्रासाउंड सेंटर के पुष्पित व पल्लवित होने की कामना की। वहीं श्री स्वर्णकार ने कहा कि श्री अल्ट्रासाउंड खुलने से क्षेत्र में लगातार बढ़ रहे मरीजों खास कर गर्भवती महिलाओं को सहूलियत होगी। वहीं अल्ट्रासाउंड के संचालक आकाश वर्मा ने बताया कि सेवा भावना के साथ हम बेहतर सुविधा प्रदान करने के लिए कृत संकल्पित हैं, हमारे यहां आधुनिक मशीन से अल्ट्रासाउंड किया जाएगा। अल्ट्रासाउंड रेडियोलॉजिस्ट डॉ.रोहित भगत (एमबीबीएस डीएमआरडी डीएनबी) करेंगे। मौके पर सदर अस्पताल कोडरमा के अधीक्षक डॉ.रंजीत कुमार, डीएमओ डॉ.मनोज कुमार, रेडियोलॉजिस्ट डॉ.रोहित भगत, डॉ.सागर मणि, डॉ.राजन कुमार, डॉ.प्रियांशु कुमारी, डॉ.शालिनी कुमारी, डॉ.रूपा कुमारी, डॉ.शिल्पी काजल, डॉ.पूनम कुमारी, डॉ.आशीष चंद्, डॉ.अशोक विश्वास, शिक्षाविद् डॉ.बीएनपी बर्णवाल, भाजपा नेता नितेश चंद्रवंशी, आनंद कुमार, नवीन जैन, सुधीर सिंह, सूर्यदेव मोदी, रवि तिवारी व अन्य मौजूद थे।

## अवैध उत्खनन कर रहे एक जेसीबी एवं बालू लदा ट्रैक्टर जब्त



**मरकच्चो (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत तेलोडीह पंचायत स्थित खरगु मौजा में अवैध रूप से मोरम उत्खनन कर रहे एक जेसीबी को सीओ परमेश्वर कुशवाहा ने जब्त किया है। इस दौरान जेसीबी ड्राइवर व दो ट्रैक्टर भागने में सफल रहे। वहीं सीओ ने जब्त जेसीबी को मरकच्चो थाना को सुपुर्द करते हुए आवश्यक कार्रवाई के लिए खनन विभाग को सूचना दे दी है। वहीं दूसरी ओर शुक्रवार सुबह थाना क्षेत्र के नावाडीह 2 से अवैध रूप से ले जा रहे बालू लदा ट्रैक्टर को भी जब्त किया गया है।

## डीडीसी ने अबुआ आवास के लाभुकों को किया प्रशिक्षित

कोडरमा। उप विकास आयुक्त ऋतुराज ने शुक्रवार को जिले के विभिन्न प्रखंडों में भ्रमण कर अबुआ आवास योजना के लाभुकों को जियो टैग किये जाने वाले एप से संबंधित जानकारी दी और लाभुकों को उनके मोबाइल पर एप्प को इंस्टॉल कराते हुए आवास का जियो टैग करने से संबंधित प्रशिक्षण दिया। इस दौरान डीडीसी ने लाभुकों को संबोधित करते हुए कहा कि अब आप अपने आवास का जियो टैग स्वयं कर सकेंगे। वहीं सम्बंधित क्षेत्र के मुखिया, जेएसएलपीएस की दीदी को निर्देशित करते हुए कहा कि आवास योजना को जल्द से जल्द पूर्ण करवाएं, आवास पूर्ण कर चुके लाभुकों को समय पर राशि का भुगतान सुनिश्चित हो, इसके लिए झारखंड सरकार द्वारा एप्प तैयार किया गया है, इस एप्प के माध्यम से लाभुक स्वयं अपने आवास का जियो टैग कर सकेंगे। वहीं उन्होंने पंचायत सचिवों को 7 दिनों के अंदर स्थल सत्यापन करते हुए उसे एप्रूव अथवा कारण सहित रिजेक्ट करने, अबुआ आवास योजना में प्रगति लाने आदि का निर्देश दिया।

## झारखंड संध्या कालीन महाविद्यालय में नए सत्र के नव-आगंतुक विद्यार्थियों के लिए स्वागत समारोह आयोजित



**कोडरमा।** झारखंड संध्या कालीन महाविद्यालय में सत्र 2024-28 के नव-आगंतुक छात्राओं के लिए स्वागत समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर शिक्षा शास्त्री यश विश्वास व संस्था के सचिव डॉ. डीएन. मिश्रा थे। कार्यक्रम का संचालन कॉलेज की सहायक प्राध्यापिका महजबी प्रवीण ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि द्वारा मां सरस्वती की छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर की गयी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने छात्र-छात्राओं को नई शिक्षा नीति 2020 के तहत संचालित पाठ्यक्रमों से अवगत कराया। साथ ही उन्होंने ज्ञान अर्जन के साथ-साथ जीवन में कठिन चुनौतियां एवं समस्याओं से निजात पाने का मूल मंत्र दिया। कार्यक्रम को झारखंड इवनिंग कॉलेज के प्राचार्य डॉ.मनीष पंकज, झारखंड विधि महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.विकास राय, फार्मेसी कॉलेज के प्राचार्य डॉ.मिथिलेश कर एवं जीटीसी के प्राचार्य डॉ.अजय यादव ने छात्र-छात्राओं को संबोधित किया। अंत में झारखंड इवनिंग कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य डॉ.शशि भूषण मिश्रा ने आए हुए नव आगंतुक छात्राओं को जीवन में संघर्ष करते हुए विकास करने तथा सफलता प्राप्त करने का मूल मंत्र दिया। इस अवसर पर महाविद्यालय की सहायक प्राध्यापिका महाजबी, प्रोफेसर आरपी दत्त, प्रोफेसर ए. भट्टाचार्य, प्रधान लिपिक नीलम, प्रमोद सिंह, धर्मेंद्र, सीता देवी, धनेश्वर महतो, राजकुमार पांडेय, शंभू सिंह, लल्लन कुमार, प्रसून कुमार आदि मौजूद थे।

# डीएवी के बच्चों ने सीपीएस ओलंपियाड में किया बेहतर प्रदर्शन

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**डोमचांच (कोडरमा)।** डीएवी पब्लिक स्कूल के बच्चों ने सीपीएस ओलंपियाड फाउंडेशन द्वारा आयोजित परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रौशन किया है। आयोजित परीक्षा में ऋषि कुमार मेहता, प्रियांशु राणा, राज नंदनी कुमारी, श्रुति रानी, सागारिका घोसाल, सत्यम कुमार और ऋषिका कुमारी ने गोल्ड मेडल प्राप्त किया। जबकि नितिन कुमार, स्नेह कुमारी, रंजन कुमार, मयंक कुमार, दीपिका कुमारी, आलोक कुमार ने सिल्वर मेडल प्राप्त किया। वहीं श्रुति कुमारी, आयुष रंजन और आकाश कुमार ने ब्रॉज मेडल लाकर विद्यालय और अपने क्षेत्र का नाम रोशन किया। सभी बच्चों को मेडल और सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया।

इस मौके पर विद्यालय के निर्देशक दिलीप कुमार यादव ने बच्चों को संबोधित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी और भविष्य में और भी बेहतर परफॉर्मेंस करने की सलाह दी। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के शिक्षक गणेश कुमार गोस्वामी ने किया।

मौके पर विद्यालय के शिक्षक अंजनी कुमार, राजदीप दास, श्रवण यादव, अनुज मेहता, अमन साव, इंद्रेश दास, रोहित शर्मा, सुमंत मिश्रा, शालिनी बर्णवाल, खुशबू बर्णवाल, बुलबुल सिन्हा, प्रियंका भारती, सुनीता राणा, हनी, रानी, प्रीति सिन्हा, कविता सिंह के साथ-साथ विद्यालय के सभी बच्चे उपस्थित थे।

# गोद लिए गांव इंदरवाटांड़ में स्वयंसेवकों ने चलाया स्वच्छता अभियान

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**कोडरमा।** ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वावधान में आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर के तीसरे दिन के प्रथम सत्र में विवेकानंद सदन के सभी स्वयंसेवकों ने लक्ष्य गीत गाया। तत्पश्चात् स्वयंसेवक रवि एवं इंद्रदेव ने व्यायाम करवाया। इसके बाद सभी स्वयंसेवकों ने गोद लिए गांव इंदरवाटाड़ में स्वच्छता अभियान चलाया और जागरूकता रैली के साथ ग्रामीणों को अपने आस पड़ोस को स्वच्छ रखने के प्रति जागरूक किया। सभी स्वयंसेवकों ने सामूहिक भोजन किया। द्वितीय सत्र में स्वयंसेविका दीपानाथ एवं रवीना ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ विषय पर व्याख्यान के माध्यम से ग्रामीणों को जागरूक किया। गांव में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें दन्त चिकित्सक डॉ. सागर मणि सेठ, स्त्री रोग विशेषज्ञ चिकित्सक डॉ. नम्रता सेठ, सर्जन डॉ. सुजीत राज, बाल विशेषज्ञ डॉ. मणिकांत गुप्ता उपस्थित थे। वहीं महाविद्यालय की उपनिदेशिका डॉ.संजीता कुमारी ने चिकित्सकों को पौधे देकर सम्मानित किया। जिसमें राखी कुमारी, रीना देवी, सुहानी कुमारी, समता देवी, अरविंद कुमार और कई ग्रामीणों ने अपनी समस्या बता कर चिकित्सकों से सुझाव लिए। शिविर में स्वयं सेवक नैन्सी कुमारी, डॉली कुमारी, संजय कुमार, खुशबू कुमारी, पूर्णिमा कुमारी, बलराम, कल्पना भारती, कोमल, संदीप कुमार एवं सहायक अध्यापक संजीत सिंह, शिक्षकेत्तर कर्मचारी सूचित कुमार उपस्थित रहे। संपूर्ण कार्यक्रम राष्ट्रीय सेवा योजना पदाधिकारी सौरभ शर्मा की देखरेख में हुआ।

# विभिन्न स्थानों से लावारिस हालत में अंग्रेजी शराब बरामद

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**कोडरमा।** आरपी.एफ ने ऑपरेशन सतर्क के तहत निरीक्षक प्रभारी कोडरमा बल के सदस्यों द्वारा विभिन्न स्थानों से लावारिस हालत में अंग्रेजी शराब की बरामदगी की गई। जिसका विवरण इस प्रकार है गाड़ी संख्या 13553 आसनसोल वाराणसी पैसेंजर में कोडरमा-गझंडी स्टेशन के बीच जनरल कोच में सीट के नीचे लावारिस हालत में रखे एक बैग में कुल 18 अदद रॉयल स्टैग डीलक्स प्रीमियम व्हिस्की जिसमें प्रत्येक की क्षमता 375 एमएल एवं कीमत 370 रुपये, गझंडी रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या 2 पर दिल्ली इंड साइड लावारिस अवस्था में रखे एक बैग में कल 12 अदद रॉयल स्टैग डीलक्स प्रीमियम व्हिस्की जिसमें प्रत्येक की क्षमता 180 एमएल एवं कीमत 190 रुपए, कोडरमा रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या चार पर स्थित न्यू फुट ओवर ब्रिज के नीचे लावारिस अवस्था में एक सफेद प्लास्टिक के बोरी में रखा हुआ 10 अदद स्टर्लिंग रिजर्व बी7 जिसमें प्रत्येक की क्षमता 375 एमएल व कीमत 370 रुपये, दो अदद रॉयल चैलेंज व्हिस्की जिसमें प्रत्येक की क्षमता 375 एमएल एवं कीमत 370 रुपए तथा कोडरमा रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या 2 पर खड़ी गाड़ी संख्या 03321 राजगीर स्पेशल के जनरल कोच में सीट के नीचे लावारिस अवस्था में एक पिठू बैग में कुल तीन अदद रॉयल स्टैग डीलक्स प्रीमियम व्हिस्की जिसमें प्रत्येक की क्षमता 750 एमएल एवं कीमत 740 रुपए अंकित पाया गया।

उपरोक्त सभी विभिन्न स्थानों से बरामद शराब की बोतलों को जब्त कर रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट कोडरमा लाया गया। जब्त सभी अंग्रेजी शराब की कुल क्षमता 15660 एमएल तथा कुल कीमत 15600 रुपये आंका गया। बरामद सभी शराब को उत्पाद विभाग कोडरमा को सुपुर्द कर दिया गया। वहीं छापेमारी दल में सहायक उपनिरीक्षक वशिष्ठ नारायण यादव, आरक्षी जितेंद्र कुमार, आरक्षी भोला कुमार प्रधान आरक्षी शंकर कुमार आदि शामिल थे।

## एक नजर में

### सहीया दीदी का पांच दिवसीय प्रशिक्षण जारी



**गिद्धौर।** प्रखंड में संचालित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में शुक्रवार से सहीया दीदी का पांच दिवसीय प्रशिक्षण शुरू हो गया है। प्रशिक्षण का संचालन एसटीटी प्रमोद दांगी, सहिया साथी सुचिता कुमारी और रंगीना कुमारी द्वारा किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण में जिले के विभिन्न प्रखंडों से आई सहिया दीदियों को स्वास्थ्य से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां दी जा रही हैं। प्रशिक्षण के दौरान मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, टीकाकरण, पोषण, स्वच्छता और अन्य प्राथमिक चिकित्सा से संबंधित विषयों पर विस्तृत जानकारी साझा की जा रही है। सहिया दीदी ग्रामीण स्तर पर स्वास्थ्य सेवाओं को सशक्त बनाने में अहम भूमिका निभाती हैं। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य उन्हें नवीनतम स्वास्थ्य जानकारी और कार्यशैली से अवगत कराना है, ताकि वे अपने क्षेत्र में और प्रभावी रूप से कार्य कर सकें। प्रशिक्षण कार्यक्रम में सहिया दीदियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और विभिन्न स्वास्थ्य विषयों पर अपनी शंकाओं का समाधान प्राप्त किया। यह प्रशिक्षण अगले पांच दिनों तक जारी रहेगा।

### दुवारी पंचायत भवन में विशेष ग्राम सभा आयोजित



**गिद्धौर।** प्रखंड क्षेत्र के दुवारी पंचायत भवन में शुक्रवार को विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया। इस बैठक की अध्यक्षता पंचायत मुखिया जगदीश यादव ने की। ग्राम सभा में ग्रामीणों को विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई और उनके चयन पर चर्चा की गई। इसमें पीसीसी सड़क, कुआं, डोभा, नाली, चबूतरा सहित अन्य विकास कार्यों को शामिल किया गया। इस मौके पर पंचायत सचिव उज्ज्वल कुमार सिंह सहित कई ग्रामीण उपस्थित रहे।

### वन संरक्षण को लेकर चलाया जागरूकता अभियान

**गिद्धौर।** प्रखंड के द्वारा व गंगापुर में शुक्रवार को वन विभाग दक्षिणी के तहत वन संरक्षण को लेकर जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान का नेतृत्व पंचायत मुखिया जगदीश यादव ने किया। जागरूकता अभियान के दौरान ग्रामीणों के साथ बैठक आयोजित की गई, जिसमें जंगल को आग से बचाने और मवेशियों द्वारा जंगल को नुकसान पहुंचाने से रोकने पर चर्चा हुई। इस मौके पर सागर मुंडा सहित कई ग्रामीण उपस्थित रहे।

### कुलेश्वरी मंदिर परिसर की सफाई कार्य संपन्न



**गिद्धौर।** प्रखंड मुख्यालय स्थित कुलेश्वरी मंदिर परिसर की सफाई शुक्रवार को की गई। यह कार्य मंदिर प्रबंधन समिति के सचिव निरंजन दांगी के नेतृत्व में किया गया। सचिव निरंजन दांगी ने बताया कि आगामी महाशिवरात्रि और दस दिवसीय पशु मेले को देखते हुए मंदिर परिसर की सफाई की जा रही है। मंदिर में उगे खरपतवार हटाने के साथ-साथ रंग-रोगन का कार्य भी किया जा रहा है। इस अवसर पर प्रणाथ दांगी, कृष्णा दांगी, राजेश कुमार दांगी, हितनारायण दांगी, आशीष कुमार समेत अन्य लोग उपस्थित रहे।

### गांजा तस्करों पर पुलिस की सख्त कार्रवाई, तीन गिरफ्तार



**चतरा।** जिले में नशा तस्करों के खिलाफ पुलिस का अभियान लगातार जारी है। एसपी विकास पांडेय को मिली गुप्त सूचना के आधार पर प्रतापपुर थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए गांजा की खेप के साथ तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है। एसडीपीओ संदीप सुमन ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि घोरीघाट से हुमाजांग की ओर मोटरसाइकिल से गांजा तस्करी की जा रही है। इस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम गठित कर छापेमारी की गई। जांच के दौरान हुमाजांग गांव के पास वाहन चेकिंग में एक मोटरसाइकिल सवार दो संदिग्ध पकड़े गए। तलाशी लेने पर सफेद बोरे में छिपाकर रखा गया 2 किलो 300 ग्राम गांजा बरामद हुआ। गिरफ्तार तस्करों की पहचान लिपदा गांव निवासी मुरारी सिंह और गजेन्द्र सिंह के रूप में हुई है। पूछताछ में उन्होंने बताया कि उन्होंने यह गांजा मथुरापुर गांव निवासी सुनील कुमार पाठक से खरीदा था, जिसे होली के मौके पर बेचने और पीने के लिए ले जाया जा रहा था। पुलिस ने तस्करों की निशानदेही पर सुनील कुमार पाठक को भी उनके घर से गिरफ्तार कर लिया। एसडीपीओ ने कहा कि जिले में नशे के कारोबार पर सख्त कार्रवाई की जा रही है और सभी थाना प्रभारियों को भी इस दिशा में कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। अभियान में अंचल अधिकारी विकास कुमार टुडू, थाना प्रभारी कासिम अंसारी, एसआई प्रेम कुमार सांगा, जुवैल गुड़िया, एएसआई दुर्गा चरण बिरुआ समेत सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

### पेंशन की राशि का किया जा रहा भुगतान : सहायक निदेशक

**कोडरमा।** सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा नीतीश कुमार निशांत ने बताया कि केंद्र प्रायोजित और राज्य योजना के अंतगर्त पेंशनधारियों को पेंशन का भुगतान किया जा रहा है। वहीं उन्होंने कहा कि केंद्र प्रायोजित पेंशन योजनाएं इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना (60 से 79 वर्ष) के 17,313 लाभुक तथा 80 वर्ष से अधिक आयु वाले 3358 लाभुक, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन योजना के 10,521 लाभुकों के बीच 3 माह (अक्टूबर से दिसंबर 2024 तक का) भुगतान किया गया है। वहीं राज्य संचालित योजनाएं मुख्यमंत्री राज्य वृद्धावस्था पेंशन के 54,832, मुख्यमंत्री राज्य आदिम जनजाति पेंशन योजना के 349, मुख्यमंत्री राज्य निराश्रित महिला सम्मान योजना के 8111, मुख्यमंत्री राज्य एचआईवी, एड्स सुरक्षा पेंशन योजना के 478, स्वामी विवेकानंद नि:शक्त स्वावलंबन प्रोत्साहन योजना के 6017 लाभुकों के बीच एक माह (फरवरी 2025) का पेंशन राशि का भुगतान किया गया है। इसके अलावे मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के 1,38,821 लाभुकों का भौतिक सत्यापन की प्रक्रिया जारी है, भौतिक सत्यापन कार्य पूर्ण होते ही राशि का भुगतान शुरू कर दिया जाएगा।

### लापता युवक का शव कुएं से बरामद

**कोडरमा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत चुटीयारो निवासी किरण देवी पति स्व हरखू राणा के लापता पुत्र का शव चाराडीह स्थित सामंतो के कुआं से बरामद किया गया। 20 वर्षीय उपेंद्र कुमार बीते 18 फरवरी से बिना बताये गायब हो गया था, काफी खोजबीन के बाद भी उसका पता नहीं चल पाया, इसे लेकर उसकी मां ने एसपी से आवेदन देकर खोजबीन की गुहार लगाई थी। उसकी मां दोनों आंखों से दिव्यांग है, पति की मौत पूर्व में हो गयी है। घर में दो बेटियां और एक छोटा पुत्र है, पति के मौत के बाद घर की जिम्मेवारी बड़ा बेटा उपेंद्र ही संभाल रहा था। उसकी मौत होने से सभी लोग बेसहारा हो गए हैं। वहीं शव मिलने पर परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।

# राजकीय इटखोरी महोत्सव के दूसरे दिन हुए रंगारंग कार्यक्रम

- **बॉलीवुड गायकों और स्थानीय कलाकारों ने मोहा दर्शकों का मन**

**खबर मन्त्र संवाददाता**






श्रोताओं के बीच गीत प्रस्तुत करते रवि त्रिपाठी, गीत प्रस्तुत करते जॉली मुखर्जी, गायक जॉली मुखर्जी को सम्मानित करते डीसी तथा गीत प्रस्तुत करती स्थानीय गायिका साक्षी प्रिया दुबे

**इटखोरी।** राजकीय इटखोरी महोत्सव के दूसरे दिन गुरुवार को सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रंगारंग प्रस्तुति हुई। बॉलीवुड के प्रसिद्ध गायकों के साथ-साथ स्थानीय कलाकारों ने भी अपनी बेहतरीन प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। लोकगीत, नृत्य, नाटक और संगीतमय कार्यक्रमों ने पूरे माहौल को संगीतमय बना दिया। महोत्सव की शुरूआत सुप्रीम कुमारी एंड ग्रुप, चतरा के स्कूली बच्चों द्वारा योगासन पर आधारित नृत्य प्रस्तुति से हुई। इसके बाद उभरती हुई शास्त्रीय, भजन, सूफी और गजल गायिका साक्षी प्रिया दुबे ने अपनी मधुर आवाज में एक से बढ़कर एक गीत प्रस्तुत कर दर्शकों का दिल जीत लिया। उनकी गायकी को खूब सराहना मिली और तालियों की गड़गड़ाहट से माहौल गूंज उठा। बॉलीवुड गायक रवि त्रिपाठी ने मंच पर आते ही अपने लोकप्रिय गीतों से माहौल को और भी संगीतमय बना दिया। उन्होंने इंडिया से आया मेरा दोस्त सलाम करो... और ऐ जी ओ जी सुनो जी...जैसे गीत गाकर उपस्थित दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। इतना ही नहीं, उन्होंने बच्चों को भी मंच पर बुलाकर उनके साथ नृत्य किया, जिससे माहौल और भी उत्साहपूर्ण हो गया। इसके बाद सुप्रसिद्ध गायक जॉली मुखर्जी ने अपनी शानदार प्रस्तुति देते हुए गोरिया रे...गोरिया रे मेरा दिल चुरा के ले जा..., तिनक धिन तिन... और ये शहर है अमन का...जैसे गानों से दर्शकों का मन मोह लिया। इसके अलावा, उन्होंने अपनी साथी गायिका के साथ आज हम और तुम सनम मिलके ये वादा करें... और रंग भरे बादल से, दो नैनों के काजल से... जैसे सदाबहार गीत गाए, जिससे पूरा माहौल संगीतमय हो गया। कार्यक्रम के दौरान जिला प्रशासन द्वारा सभी कलाकारों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। महोत्सव में उमड़ी भारी भीड़ ने इस रंगारंग संगीतमय संध्या का भरपूर आनंद लिया और कलाकारों की प्रस्तुतियों की सराहना की।

## ई है टाटा नगरिया, देख बबुआ...



**ट्राइबल कल्चर सोसायटी, सोनारी के प्रांगण में टाटा स्टील फाउंडेशन के सौजन्य से बना है भव्य ओपन एयर थिएटर। इस थिएटर की डिजाइन एवं भव्यता देखने योग्य है। इस मंच पर देश-विदेश के कई आदिवासी कलाकार एवं उनकी टीम अपनी प्रस्तुति दे चुकी है।**

# सूर्य मंदिर समिति ने निकाली भव्य शोभायात्रा

- शोभायात्रा में उमड़ा भक्तों का जनसैलाब
- लोगों ने बरसा;२ फूल, जय श्रीराम के नारों से गुंजायमान हुआ सिदगोड़ा क्षेत्र
- पूर्व सीएम रघुवर दास ने माथे पर श्रीरामायण रखकर की पदयात्रा
- आज से प्रारंभ होगी संगीतमय श्रीराम कथा





**माथे पर श्री रामायण लेकर शोभायात्रा में पैदल चलते पूर्व सीएम रघुवर दास और शोभा यात्र का दृश्य।**

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** सिदगोड़ा स्थित सूर्यधाम परिसर में बने श्रीराम मंदिर के पंचम वर्षगांठ पर सूर्य मंदिर समिति द्वारा धूमधाम से शोभायात्रा निकाली गई। शुक्रवार दोपहर करीब 4 बजे न्यू बारीडीह क्षेत्र के सुगना कॉलोनी स्थित बाबा विश्वनाथ मंदिर से सुसज्जित रथ पर मर्मज्ञ कथा वाचक आचार्य राजेन्द्र जी महाराज, प्रयागराज महाकुंभ के साधु-संतों एवं श्रीराम दरबार और वीर बजरंगबली की मनोरम झांकी, घोड़े, डीजे संगीत, आतिशबाजी व केसरिया ध्वजों के साथ निकाली गई भव्य शोभायात्रा में शहर के हजारों श्रद्धालुओं के संग राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री सह सूर्य मंदिर समिति के मुख्य संरक्षक रघुवर दास एवं संरक्षक चंद्रगुप्त सिंह मुख्यरूप से शामिल हुए।

भगवान श्रीराम की शोभा यात्रा को देखने और स्वागत करने के लिए सड़क के दोनों ओर भारी भीड़ मौजूद रही। महिलाएं, बच्चे, पुरुष सभी ने जय श्री राम के जयकारे लगाते हुए शोभा यात्रा पर पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। शोभा यात्रा में पूर्व सीएम रघुवर दास ने माथे पर श्रीरामायण लेकर नंगे पांव पैदल यात्रा की। इस दौरान विभिन्न स्थानों पर सामाजिक संगठनों ने शिविर लगाकर सेवा प्रदान की। तो वहीं, शहरवासियों ने श्रीरामायण एवं शोभायात्रा पर पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। पूरे रास्ते में आतिशबाजी, भक्तिमय संगीत और जय श्री राम के ओजस्वी नारों से पूरा क्षेत्र भगवामय हो गया।

इससे पहले, सुगना कॉलोनी स्थित श्रीहनुमान मंदिर में संकल्प के पश्चात शोभा यात्रा बारीडीह मुख्य सड़क, बारीडीह गोलचक्कर, सिदगोड़ा 28 नंबर रोड होते हुए सूर्यधाम पहुँची। सूर्य मंदिर पहुंचने पर पूर्व सीएम रघुवर दास ने माथे पर श्रीरामायण को लेकर श्रीराम मंदिर में पूजा-अर्चना कर सभी के खुशहाली और समृद्धि की कामना की। इसके पश्चात, श्रीराम दरबार की आरती की गई और भक्तों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया।

**रघुवर दास ने जताया आभारः** पूर्व सीएम सह सूर्य मंदिर समिति के मुख्य संरक्षक रघुवर दास ने भव्य एवं सफल शोभायात्रा के लिए शहरवासियों का आभार जताया। उन्होंने कहा कि मंदिर समिति, भाजपा कार्यकर्ता, युवा मोर्चा और मातृशक्ति के रूप में शामिल हुई माताओं-बहनों के समर्पण और भक्तिभाव से शोभायात्रा सफलतापूर्वक संपन्न हुई। श्री दास ने राम काज में सहयोग करने वाले सभी दानदाताओं को धन्यवाद व्यक्त करते करते हुए आभार जताया। उन्होंने जमशेदपुर की जनता, दुकानदार भाइयों एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रति भी आभार व्यक्त किया। वहीं, उन्होंने शहरवासियों से श्रीराम कथा में शामिल होने की अपील की।

## स्पीड न्यूज



### रेडियंट झारखंड का समापन आज

**जमशेदपुर।** विजुअल मिथ्स की ओर से लौहनगरी (होटल रमाडा) में पहली बार आयोजित रेडिएंट झारखंड प्रदर्शनी के दूसरे दिन शुक्रवार को कोल्हान के अलग-अलग क्षेत्रों से काफी संख्या में लोग प्रदर्शनी देखने पहुंचे जिसमें ज्यादातर युवा शामिल रहे। दूसरे दिन कोल्हान के अलग-अलग शैक्षणिक संस्थानों से आये विद्यार्थियों ने वहां लगाये गये एक-एक स्टॉल का दौरा किया तथा ज्ञानवर्धक, कैरियर एवं प्लेमेंट से जुड़ी जानकारियां प्राप्त की। प्रदर्शनी में सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थानों के 30 से ज्यादा स्टॉल लगाए गए हैं जहां लोग जाकर केंद्र सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर रहे हैं। प्रत्येक स्टॉल पर एक्सपर्ट्स उन्हें विभाग की गतिविधियों की जानकारी साक्षा कर रहे हैं। इस दौरान विभाग से जुड़ी जानकारी के लिए लोगों को निःशुल्क पंपलेट्स, लिफलेट्स एवं कॉफी टेबल बुक भी दिए जा रहे हैं। प्रदर्शनी में छात्रों की ज्यादा भीड़ भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के स्टॉल (जीएसआई), सीएसआईआर राष्ट्रीय धातुकर्म प्रयोगशाला (एनएमएल) के स्टॉल, भारतीय रिजर्व बैंक के स्टॉल, केंद्रीय खनन और ईंधन अनुसंधान संस्थान के स्टॉल पर देखी गई।

### वरिष्ठ भाजपा नेता सच्चिदानंद की स्मृति में शोक सभा कल

**जमशेदपुर।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता स्व. सच्चिदानंद राय की पुण्य स्मृति में एक शोक सभा का आयोजन आगामी 23 फरवरी, 2025 दिन रविवार को प्रातः 11 बजे बिष्टुपुर स्थित परमहंस लक्ष्मीनाथ गोस्वामी मंदिर परिसर के सभागार में किया जाएगा। जमशेदपुर पश्चिम के विधायक श्री सरयू राय ने जानकारी देते हुए बताया कि श्री सच्चिदानंद राय जनसंघ कालीन राजनीतिक कार्यकर्ता थे। जनसंघ से लेकर भाजपा तक के अपनी राजनीतिक यात्रा में वे अनेकों दायित्व पर रहे।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड)834006 से मुद्रित एवं लुबी सर्कुलर रोड, धनबाद 826001 से प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर
स्थानीय संपादकः ज्ञानवर्द्धन मिश्र *
फोन : 9431124480
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No. ( आवेदित )
* पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।


# जमशेदपुर में इंफ्रा प्लान शीघ्र पूरा करायें सीएम

## पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने सीएम हेमंत सोरेन को लिखा पत्र

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता रघुवर दास ने राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पत्र लिखकर जमशेदपुर में लंबित आधारभूत संरचना विकास योजनाओं को शीघ्र पूरा करने की मांग की है। शुक्रवार को प्रेषित पत्र में उन्होंने उल्लेख किया कि जमशेदपुर देश का एक प्रमुख औद्योगिक शहर है, जहां आर्थिक गतिविधियां, भारी वाहनों का परिचालन और अन्य व्यावसायिक कारणों से आम जनता को यातायात जाम और असुविधाओं का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही, बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं के कारण बहुमूल्य जान-माल की हानि हो रही है, जो अत्यंत चिंता का विषय है। पत्र में उल्लेख किया कि पूर्व में राज्य सरकार द्वारा जमशेदपुर की यातायात व्यवस्था सुधारने के लिए कई महत्वपूर्ण परियोजनाएं स्वीकृत की गई थीं, लेकिन दुर्भाग्यवश उनका कार्यान्वयन लंबित है, जिससे स्थिति और भी गंभीर हो गई है। उन्होंने निम्नलिखित योजनाओं के शीघ्र क्रियान्वयन पर बल देते हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से आवश्यक कदम उठाने की अपील की है।

1. गोविंदपुर उपरी पथ एवं बाईपास निर्माण- रघुवर दास ने पत्र में लिखा कि 138.74 करोड़ रुपये की लागत से इस परियोजना की निविदा प्रक्रिया पूरी हो चुकी थी, लेकिन निर्माण कार्य अब तक लंबित है।



**पूर्व सीएम रघुवर दास।**

2. लिट्टी चौक से स्वर्णरेखा नदी तक एनएच-33 को जोड़ने वाले पुल एवं पथ का निर्माण- इस योजना का शिलान्यास पहले ही किया जा चुका है, लेकिन अब तक कोई ठोस प्रगति नहीं हुई है। जनहित में टाटा मोटर्स से थीम पार्क होते हुए लिट्टी चौक को एनएच-33 से जोड़ने वाले पथ एवं पुल का निर्माण कार्य शीघ्र शुरू किया जाना आवश्यक है।

3. मानगो में एनएच-33 पर नया इंटर स्टेट बस टर्मिनल निर्माण-मानगो पुल के पास स्थित वर्तमान बस स्टैंड को स्थानांतरित करने के लिए एनएच-33 पर नए इंटर स्टेट बस टर्मिनल निर्माण योजना की स्वीकृति दी गई थी। लेकिन अब तक केवल बाउंड्री वॉल का निर्माण हुआ है और शेष कार्य अभी भी लंबित है। यदि इस परियोजना को शीघ्र पूरा किया जाता है तो शहर में यातायात दबाव कम होगा और यात्रियों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी।

पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने पत्र में लिखा कि इन परियोजनाओं का समय पर पूर्ण होना बेहद आवश्यक है, क्योंकि इससे जमशेदपुर की जनता को न केवल यातायात जाम और दुर्घटनाओं से राहत मिलेगी, बल्कि औद्योगिक क्षेत्र को भी नई गति मिलेगी। उन्होंने मुख्यमंत्री से आग्रह किया कि इन सभी योजनाओं का कार्य शीघ्रता से पूरा कराया जाए, जिससे जमशेदपुर के नागरिकों को यातायात, जाम और अन्य समस्याओं से निजात मिल सके।

## एक नजर में

### करीना मार्डी की स्मृति में 30 यूनिट रक्त संग्रह



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर ब्लड सेंटर में सामाजिक संस्था नई जिंदगी परिवार, जमशेदपुर और मार्डी ब्रदर्स इनिशिएटिव के सौजन्य से दिवंगत करीना मार्डी की दुसरी पुण्यतिथि पर 30 युवाओं ने पारंपरिक परिधान में आकर रक्तदान किया। इस शिविर का नेतृत्व ट्राइबल ब्लड मैन के नाम से चर्चित 76 बार के आदिवासी रक्तदाता राजेश मार्डी ने किया। सर्वप्रथम उनकी दिवंगत माँ करीना मार्डी के चित्र पर जमशेदपुर ब्लड सेंटर के जीएम संजय चौधरी और बड़े भाई धीरेन मार्डी व समाजसेवी विरधन सोरेन ने माल्यार्पण कर शिविर का विधिवत उद्घाटन किया। करनडीह के गैंताडीह निवासी रवि मुर्मू ने अपने जीवन में कुल 32वीं बार रक्तदान कर साहसिक परिचय दिया। वहीं इस शिविर में ईचागढ़ प्रखंड से 10 युवाओं ने अपने जीवन में पहली बार रक्तदान कर बहुत खुश दिखाई दिये। सभी रक्तदाताओं को धीरेन मार्डी व विरधन सोरेन ने प्रशस्ति सम्मान पत्र, पारंपरिक अंग वस्त्र एवं संताली कैलेंडर देकर सम्मानित किया गया। रक्तदान करने वालों में बिमल किस्कू, कुंवर माझी, उपेश टुडू, सहदेव मार्डी, सीताराम मार्डी, सुशील कुमार टुडू, अकलू माझी, शंभू टुडू, सुधीर किस्कू, हेमंत मार्डी, प्रधान किस्कू, सुदामा टुडू, विश्वनाथ टुडू, सुनील कुमार हांसदा, दुर्गा चरण टुडू, सुरेश सोरेन, सुरज मुर्मू, सोमाय मार्डी थे।

### पोटका में समेकित बिरसा ग्राम विकास योजना सह कृषक पाठशाला का शिलान्यास

**जमशेदपुर/पोटका।** पोटका प्रखंड के बालिजुड़ी में झारखंड सरकार के कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग द्वारा स्वीकृत समेकित बिरसा ग्राम विकास योजना सह कृषक पाठशाला का विधिवत शिलान्यास पोटका विधायक संजीव सरदार द्वारा किया गया। 3.17 करोड़ की लागत से बनने वाले इस कृषक पाठशाला में 10 गांवों के 750 किसानों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। यहाँ किसानों को मधु पालन, मशरूम उत्पादन, बागवानी, गाय, बकरी, बतख और सुअर पालन के साथ जैविक खेती की आधुनिक तकनीकों की ट्रेनिंग मिलेगी। इसके अलावा, कृषि, पशुपालन, मत्स्य और सहकारिता विभाग की विभिन्न योजनाओं की भी जानकारी दी जाएगी। यह पूर्वी सिंहभूम जिले का छठा और पोटका प्रखंड का पहला कृषक पाठशाला होगा, जो किसानों की क्षमता को विकसित करने में अहम भूमिका निभाएगा। शिलान्यास समारोह में विधायक संजीव सरदार ने कहा, यह कृषक पाठशाला क्षेत्र के किसानों के लिए मील का पत्थर साबित होगी। इससे न सिर्फ उनकी आय में वृद्धि होगी बल्कि वे आधुनिक खेती और पशुपालन के नए आयाम भी सीख सकेंगे। इस अवसर पर जिला कृषि पदाधिकारी विवेक बिरुआ, बीटीएम कौशल झा, मुखिया विधन सरदार, पंचायत समिति सदस्य सीताराम हांसदा, पूर्व जिला परिषद हीरामणि मुर्मू सहित कई ग्रामीण और किसान उपस्थित रहे।

### विश्व मातृभाषा दिवस पर डीसी को मांग पत्र



**जमशेदपुर।** शहीद स्मारक समिति, झारखंड भाषा संघर्ष मंच, बोधि सोसायटी, झारखंड लोक कला साहित्य संगीत अकादमी, झारखंड कौमी एकता मंच, मुक्त मंच एंव एन. वाई. एस. टी ने संयुक्त तत्वावधान से विश्व मातृ भाषा दिवस के अवसर पर झाड़खंड सरकार को ज्ञापन सौंपा गया कि हमारे राज्य में भी अन्य राज्यों जैसे कला परिषद की गठन किया जाये। जिसमें ललित कला अकादमी, लोकसाहित्य अकादमी, एवं लोकसंगीत नाटक अकादमी होंगे। ज्ञात हो कि झाड़खंड एक आदिवासी बहुल, बहुभाषी राज्य है जैसे संताली, मुंडारी, हो, कुड़ुख, खाड़िया, कुड़मालि, नागपुरी, खोरठा, पंचपरगनिया आदि मातृ भाषाओं को स्कूली पाठ्यक्रम में शामिल किया जाए। यहां की जनजातिओं के कला लोक साहित्य, संगीत एवं इन भाषाओं में आदिम संस्कृति की मौलिक उपादान आज भी संचित है। इसके संरक्षण एवं विकास सिर्फ राज्य के ही नहीं देश के धरोहर को भी लाभ पहुंचा सकता है। ये अमूल्य संपदा और सम्भावना नष्ट हो जाने के पहले ही इसका संरक्षण और विकास के लिए अकादमी स्थापित कराने को लेकर आज उपायुक्त के माध्यम से राज्य के मुख्यमंत्री ज्ञापन सौंपा गया है। मौके पर विश्वनाथ महतो, गौतम कुमार बोस, सुनील विमल, अनिमा बोस, हाराधन प्रामाणिक, देवाशीष मुखर्जी, नासिर खान, प्रणब नाहा आदि शामिल थे।

### ग्रामीणों के लिए आठ जलमीनार जल्द बनवायेगा यूसिल, स्वतंत्र निदेशक ने किया शिलान्यास



**जादूगोड़ा।** यूसिल सी एस आर के स्वतंत्र निर्देशक प्रभात कुमार पांडा दो दिवसीय दौरे पर शुक्रवार को जादूगोड़ा पहुंचे व ग्रामीणों को गर्मी से पूर्व पेयजल संकट से निपटने के लिए आधा दर्जन गांव में कुल आठ जलमीनार का तोहफा दिया भाटीन गांव पहुंच कर जलमीनार का शिलान्यास किया। जिसे मार्च महीने तक संवेदक को पूरा करने का निर्देश दिया। इस मौके पर आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए श्री पांडा ने कहा कि यूसिल ग्रामीणों की सेवा के लिए है। यूरेनियम यहां के लोगों का है व उन्हीं की जमीन पर हैं। जरूरत है यहां के बच्चों का भविष्य व उनमें राष्ट्रवाद की भावना जगाने की। इसके पूर्व समारोह के मुख्य अतिथि प्रभात कुमार पांडा जादूगोड़ा के लुगु मुर्मू आवासीय जनजातीय स्कूल गए व स्कूली बच्चों के जनजातीय वाद्य यंत्र, बैंड बाजा, जूट बैग, बोतल बोतल, वासुरी का वितरण किया।अंत झारखंड की संस्कृति को बढ़ावा देने व झारखंड की सांस्कृतिक पहचान बचाने के लिए पहले आसपास के 10 ग्रामप्रधानों को सम्मानित किया व उनके बीच धमसा, मादल प्रधानों को सौंपी।

# बैंककर्मियों ने बिष्टुपुर पोस्टल पार्क में किया विशाल प्रदर्शन

- 24 -25 को राष्ट्रीय बैंक हड़ताल सफल बनाने का संकल्प




खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस यूएफबीयू के आह्वान पर आगामी 24 और 25 मार्च को दो दिनों की राष्ट्रव्यापी बैंक हड़ताल के मद्देनजर आज दिनांक 21/02/2025 को संध्या 5.15 बजे भारतीय स्टेट बैंक के नजदीक पोस्टल पार्क बिष्टुपुर में बैंककर्मियों द्वारा प्रदर्शन किया गया। इस प्रदर्शन में यूएफबीयू के सभी नौ घटक दलों के बैंककर्मियों ने सरकार के अड़ियल रवैए की कड़े शब्दों में भर्त्सना की। यूएफबीयू के धरना-प्रदर्शन कार्यक्रम को सफल बनाने मे एआईबीइए की ओर से कामरेड आर बी सहाय, एनसीबीई की ओर से कामरेड कुन्दन कुमार बेफी की ओर से कामरेड सुजय राय, एनओबीडब्लु की ओर से कामरेड अमित कुमार एआइबीओसी की ओर से कामरेड गौरव कुमार और सत्य प्रकाश, आइएनबीओसी की ओर से कामरेड आंनद वर्मा एआइबीपीसी की ओर से कुमार देवेन्द्र एवं यूएफबीयू जमशेदपुर के संयोजक कामरेड रींटु रजक ने केंद्र सरकार की हठधर्मिता और अड़ियल रवैए की घोर भर्त्सना की एवं पूर्व मे हुँए लंबित मांगों को पूरा ना करने का आरोप लगाया।

# स्वास्थ्य, शिक्षा और आजीविका संवर्द्धन पर प्राथमिकता से खर्च हो डीएमएफटी फंड : सांसद

- पूर्वी सिंहभूम : डीएमएएफटी न्यास परिषद की बैठक में लिए गए कई निर्णय



**बैठक में सांसद विद्युतबरण महतो, डीसी अनन्य मित्तल व अन्य पदाधिकारी।**

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** टाउन हॉल, सिदगोड़ा में डीएमएफटी न्यास परिषद की बैठक जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त श्री अनन्य मित्तल की अध्क्षता में आयोजित की गई। सांसद जमशेदपुर विद्युत वरण महतो, विधायक जुगसलाई मंगल कालिंदी एवं विधायक बहरागोड़ा समीर मोहंती, विधायक जमशेदपुर पूर्वी एवं जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक प्रतिनिधि, मुखियागण, उप विकास आयुक्त अनिकेत सचान, सिविल सर्जन डॉ साहिर पाल, निदेशक एनईपी संतोष गर्ग व अन्य संबंधित पदाधिकारी बैठक में मौजूद रहे। बैठक में बताया गया कि प्रधानमंत्री खनिज क्षेत्र कल्याण योजना के तहत प्रत्येक जिले में डीएमएफटी कोष का उपयोग खनन प्रभावित क्षेत्रों के विकास और विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए किया जाता है।

बताया गया कि जनवरी मध्य से फरवरी अबतक आयोजित विभिन्न ग्रामसभाओं से कुल 14169 योजनायें प्राप्त हुई हैं जिनमें 9675 योजनाओं का चयन प्राथमिकता के आधार पर अभी किया गया है। चयनित योजनाओं में पेयजल आपूर्ति से संबंधित 1206 योजना, पर्यावरण संरक्षण एवं प्रदूषण नियंत्रण उपाय संबंधी 3 योजना, स्वास्थ्य क्षेत्र से 300, शिक्षा से 1367, महिला एवं बाल कल्याण से जुड़ी 60 योजनाएं, कौशल विकास और आजीविका सृजन के 78, स्वच्छता से जुड़ी 866 योजनाएं, कृषि क्षेत्र के 80, आधारभूत संरचना के 4755, सिंचाई के 348, ऊर्जा एवं जलग्रहण विकास के 581 व अन्य 32 योजनायें शामिल हैं।

# शताब्दी वर्ष इमैनुएल महोत्सव की भव्य शुरुआत

## इमैनुएल बैपटिस्ट चर्च, सीतारामडेरा में







खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** इमैनुएल बैप्टिस्ट चर्च के शताब्दी वर्ष के मद्देनजर तीन दिवसीय आत्मिक जागृति सभा इमैनुएल महोत्सव की शुरूआत बहुत ही शानदार तरीके से किया गया। इस शताब्दी वर्ष इमैनुएल महोत्सव की शुरूआत सुबह में झारखंड, ओडिशा, बंगाल एवं बिहार के मसीही महिलाओं के लिए तीन दिवसीय महिला सम्मेलन के साथ हुई। सुबह 9 से दोपहर 1 बजे तक यह सम्मेलन चला, जिसमें सैकड़ों महिलाओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज करायी। महिला सम्मेलन में कार्यक्रम की अध्यक्षता इमैनुएल बैप्टिस्ट चर्च की महिला समिति की अध्यक्ष बहन सुलेखा चौहान ने किया। चर्च के आराधना दल ने सुंदर मसीही गीतों के द्वारा पूरे सम्मेलन को ईश्वरमय कर दिया। तत्पश्चात मुख्य वक्ता पास्टर अजीत होरो एवं सिस्टर आराधना होरो का स्वागत महिला समिति के द्वारा किया गया। सम्मेलन में परमेश्वर के जीवित वचन को प्रचारित करते हुए सिस्टर आराधना होरो कहा कि महिलाओं को पिता परमेश्वर, पुत्र प्रभु यीशु मसीह एवं पवित्र आत्मा को अपने जीवन में सम्मिलित करते हुए उनके आदर्शों को इस जगत में प्रकट करने का प्रयास करना चाहिए।

# एसएसजी इंग्लिश स्कूल, साकची को आईसीएसई से मिली मान्यता



खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** साकची स्थित श्री साकची गुजराती (एसएसजी) इंग्लिश स्कूल को आईसीएसई (इंडियन सर्टिफिकेट ऑफ सेकेंडरी एजुकेशन) से आधिकारिक एफिलिएशन प्राप्त हो गया है। यह उपलब्धि स्कूल की उत्कृष्ट शैक्षणिक गुणवत्ता और विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती है। इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर स्कूल की प्रिंसिपल डॉ. मौसमी, मुख्य सचिव केतन आदेशरा और प्रेसिडेंट रश्मिन रामपारा ने अपनी खुशी व्यक्त की। उन्होंने कहा कि यह सफलता शिक्षकों, विद्यार्थियों और अभिभावकों की मेहनत का परिणाम है। इस मान्यता से हमें उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा प्रदान करने और विद्यार्थियों को बेहतरीन अवसर देने की प्रेरणा मिलेगी।

# खेलकूद एवं पर्यटन क्षेत्र में फोकस करे सरायकेला जिला प्रशासन : संजय सेठ

- समाहरणालय सभागार में केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री ने की दिशा की बैठक, योजनाओं की समीक्षा
- लंबित योजनाओं में सुधारात्मक प्रगति लाने तथा विकास योजनाओं को निश्चित समयावधी में पूर्ण करने के दिये गये निर्देश




**बैठक की अध्यक्षता करते रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ।**

खबर मन्त्र ब्यूरो

**सरायकेला।** जिला समाहरणालय सभागार में केंद्रीय राज्य मंत्री, रक्षा मंत्रालय, भारत सरकार की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक आयोजित किया गया। बैठक के दौरान जिले के विभिन्न विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं के क्रियान्वयन का क्रमवार समीक्षा किया गया। साथ ही पूर्व की बैठक में दिये गये दिशा-निर्देशों के अनुपालन की बिंदुवार समीक्षा और चर्चा की गयी। बैठक में माननीय सांसद सिंहभूम लोकसभा क्षेत्र श्रीमती जोबा मांझी, माननीय सांसद खूंटी लोकसभा क्षेत्र श्री कालीचरण मुंडा, माननीय विधायक खरसावां विधानसभा क्षेत्र श्री दशरथ गागराई, माननीया विधायक इचागढ़ सविता महतो, जिप अध्यक्ष सोनाराम बोदरा, उप विकास आयुक्त आशीष अग्रवाल समेत सभी प्रखंड प्रमुख, मुखिया एवं सभी विभागीय पदाधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में केंद्रीय मंत्री ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, विधुत, खाद्य आपूर्ति, पेयजल एवं स्वच्छता, मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना, केसीसी, शिक्षा, स्वास्थ्य, समाज कल्याण, पथ निर्माण विभाग समेत विभिन्न विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं की क्रमवार समीक्षा की गई।समीक्षा के क्रम में ऐसी योजना जिसके कार्य प्रगति धीमा पाया गया उसमे सुधारात्मक प्रगति लाने तथा योजनाओं को निश्चित समयावधी में पूर्ण करने को कहा। कहा कि विभिन्न माध्यमों से प्राप्त शिकायतों का निपटारा तय समय सीमा के अंदर करें। साथ ही उन्होंने जो गांव और टोले बिजली सेवा से वंचित हैं, वहां बिजली सेवा शुरू करने, जर्जर बिजली खम्भे को बदलने, झूलते तार को यथाशीघ्र दुरुस्त करने, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के लंबित कार्य में तेजी लाने, योजना अंतर्गत कार्य मे लापरवाही बरतने तथा तय समय मे कार्य ना पूर्ण करने वाले संवेदको पर नियमानुसार कार्रवाई करने, हर-घर जल-नल योजना से सभी गांव टोला को जोड़ने, खराब चापाकल-जलमिनार को चिन्हित कर मरमत्ती हेतु कार्य योजना निर्धारित करने को कहा है।

**बच्चों के भविष्य पर लगा ताला** हमेशा बंद रहता है आंगनबाड़ी केंद्र, नहीं आती कार्यकर्ता और सहायिका, जिम्मेदार अधिकारी मौन

# केंद्रों पर कारवाई के नाम पर की जाती है खानापूर्ति : सुशीला देवी

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरवाडीह।** सरकार बच्चों को कुपोषण मुक्त व शिक्षित करने लिए हर वर्ष लाखों रुपए खर्च कर रही है, लेकिन यह सिर्फ कागजी आंकड़ों में सिमट कर रह गई हैं। यहां बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है, तो वही विभाग के जिम्मेदार अधिकारी आफिस में बैठें-बैठें केवल कागजी आंकड़ों को उपर दिखा अपनी पीठ थपथपाने में व्यस्त है। जानकारी के बावजूद दोषी आंगनबाड़ी कार्यकताओं पर कभी कारवाई नहीं होती। जिसके चलते धरातल पर सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाएं आम जनमानस तक पहुंचने से पहले ही दम तोड़ती नजर आ रही है। ताजा मामला बरवाडीह प्रखण्ड के खुरा पंचायत से प्रकाश में आया है। जहां प्रमुख सुशीला देवी और उप प्रमुख बिरेंद्र जयसवाल ने शुक्रवार को बभंडीह स्थित आंगनबाड़ी केंद्र एक और दो का निरीक्षण किया। इस दौरान दोपहर



निरीक्षण करते प्रमुख व उप प्रमुख।

12 से 3 बजे तक दोनों आंगनबाड़ी केंद्र बंद पाया गया। स्थानीय लोगों ने पूछताछ में बताया कि यह आंगनबाड़ी केन्द्र कभी कभार खुलता हैं, जिसके चलते यहां आंगनबाड़ी में पढ़ने वाले बच्चे नहीं पढ़ पाते।

जिम्मेदारों की लापरवाही के चलते बच्चों को पुष्टाहार भी नहीं मिल पा रहा है। इससे वह कुपोषण के शिकार भी हो रहे हैं। यह आंगनबाड़ी केंद्र सिर्फ कागजों में चलता हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि आए दिन आंगनबाड़ी केंद्र बंद रहता हैं।

इस मनमानी से गांव के लोग आजिज आ गए हैं। अब देखना यह हैं कि इन आंगनबाड़ी केंद्रों में कब तक नौनीहालों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जाता है। वहीं जिम्मेदार अधिकारी मामले में क्या करते है, या फिर हर मामले की तरह कागजों में खुलने वाले केंद्रों पर कागजी कारवाई कर एक बार फिर मामले को ठंडे बस्ते में डाल दिया जाता है।

## अवैध अफीम की खेती मामले में 2 नामजद अभियुक्त गिरफ्तार, गए जेल

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** लातेहार पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव के निदेर्शानुसार पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी रणधीर कुमार की अगवाई में चंदवा पुलिस की टीम ने विशेष छापामारी अभियान चलाकर चंदवा थाना कांड संख्या 42/25 में एनडीपीएस एक्ट के दो नामजद अभियुक्त गणेश गंझू पिता विफई गंझू व सोमरा गंझू पिता शिवराज गंझू (दोनों तोरार हुटाप चंदवा) को गिरफ्तार कर अग्रतर कार्रवाई के बाद मंडल कारा भेज दिया गया। पुलिस ने बताया कि गत 16 फरवरी को थाना क्षेत्र अंतर्गत हुटाप पंचायत के तोरार स्थित बंद पड़े मध्य विद्यालय के समीप लगभग 15 एकड़ भूमि पर अवैध तरीके से लगाए गए मादक पदार्थ अफीम की खेती को नष्ट किया गया था। मामले को लेकर चंदवा थाना में कांड संख्या 42/25 में गिरफ्तार सोमरा गंझू व गणेश गंझू नौ लोगों के विरुद्ध नामजद प्राथमिकी दर्ज की गई थी। इसी मामले में कार्रवाई करते हुए दोनो को गिरफ्तार किया गया है। विदित हो कि जिले के उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता एवं पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव के निर्देशन में मादक पदार्थ अफीम की खेती के विरुद्ध पुलिस के द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। जिससे इस अवैध कारोबार में लिप्त लोगों में हड़कंप व्याप्त है। छापामारी अभियान में पुअनि श्रवण कुमार समेत पुलिस बल के जवान शामिल थे।

चंदवा के सासंग में फसल सुरक्षा योजनांतर्गत तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम की हुई शुरूआत

## किसानो को दी जा रही पौधा संरक्षण की जानकारी



खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** प्रखंड के सासंग पंचायत अंतर्गत सचिवालय प्रांगण में फसल सुरक्षा योजना अंतर्गत पौधा संरक्षण का तीन दिवसीय पंचायत स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसकी शुरूआत शुक्रवार को हुई। कार्यक्रम में बतौर प्रशिक्षक एटीएम जितेंद्र सिंह ने प्रशिक्षण में आये किसानों को फसलों की सुरक्षा एवं उसमें आवश्यक कीटनाशी का प्रयोग एवं अधिक उत्पादन हेतु प्रशिक्षण प्रदान किया गया। वहीं प्रभारी प्रखंड कृषि पदाधिकारी मनीष कुमार पांडेय ने किसानों को आवश्यक जानकारी प्रदान की व विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की साझा किया व लाभ उठाने की अपील की। इसके अलावे उन्होंने किसानों को कीटों और रोगों से बचाव के लिए सुरक्षित और गुणवत्ता वाले कीटनाशकों का इस्तेमाल करने, पौधों के संगरोध के उपाय, नए उच्च उपज वाले पौधों की शुरूआत, पौधों के संरक्षण के लिए प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण, पौध संरक्षण, रसायन, बायोपेस्टिसाइड, फेरोमोन ट्रैप, लाइट ट्रैप, बीज उपचार, खरपतवार और दीमक नियंत्रण समेत कई बिंदुओं पर विस्तार पूर्वक जानकारी दी। प्रशिक्षण के मौके पर जनसेवक लव कुमार पासवान, कृषक मित्र सकल गंझू, सहदेव उरांव, पंकज यादव समेत, सासंग बारी, बनहरदी, चेटर के दर्जनों किसान शामिल थे।

## 17 एकड़ पोस्ता खेती को किया नष्ट



खबर मन्त्र संवाददाता

**बारियातू।** थाना क्षेत्र बालूभांग पंचायत अंतर्गत ग्राम इंदुवा डाकादिरी के सीमावर्ती क्षेत्रों में अमानत नदी से सटे वन भूमि में करीब 17 एकड़ में लगे अवैध पोस्ता अफीम की फसल को बारियातू पुलिस ने नस्ट किया। जानकारी देते हुए थाना प्रभारी देवेंद्र कुमार सिंह ने बताया की बालूभांग पंचायत क्षेत्र सहित अन्य क्षेत्रों मे पुलिस द्वारा इस तरह की कार्रवाई जारी है। अफीम पोस्ता नशे की खेती करने वाले किसी हाल से नहीं बख्शे जायेंगे। दोषियों को चिन्हित कर कार्रवाई की जाती रहेगी। इसके पूर्व भी लगातार कार्रवाई कर पोस्ता खेती को नस्ट किया गया। पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव के निर्देश पर पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी बिनोद रवानी की देख रेख मे थाना प्रभारी के नेतृत्व मे ग्राम डाकादिरी व ग्राम इंदवा सीमावर्ती क्षेत्र अमानत नदी किनारे वन क्षेत्र में लगे पोस्ता की खेती के विनष्टीकरण किया गया। अभियान मे बारियातू थाना कर्मी मुख्य भूमिका निभा रहे हैं।

## आयुष्मान आरोग्य केंद्र का जिप सदस्य संतोषी शेखर ने किया उद्घाटन

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरवाडीह।** बरवाडीह प्रखंड के छेचा पंचायत में नव निर्मित आयुष्मान आरोग्य केंद्र का विधिवत उद्घाटन पश्चिमी जिला परिषद सदस्य संतोषी शेखर ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर कई गणमान्य व्यक्तियों सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। इस केंद्र के शुरू होने से पंचायत के ग्रामीणों को अब उनके ही क्षेत्र में बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध होंगी। विशेष रूप से गर्भवती महिलाओं के लिए यह केंद्र वरदान साबित होगा, क्योंकि अब उन्हें प्रसव के लिए दूर-दराज के अस्पतालों में जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। जिला परिषद सदस्य संतोषी शेखर ने उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि यह



स्वास्थ्य केंद्र ग्रामीणों को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं प्रदान करेगा और सरकारी योजनाओं का लाभ भी सीधे लोगों तक पहुंचाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने के लिए लगातार प्रयास कर रही है और यह केंद्र उसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। मौके पर मौजूद एमपीडब्लू (मल्टी पर्पस वर्कर) दिल्केश्वर राम ने बताया कि इस केंद्र में प्राथमिक उपचार, टीकाकरण, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध होंगी, जिससे ग्रामीणों को तत्काल चिकित्सा सहायता मिल सकेगी। ग्रामीणों ने जताया आभार स्वास्थ्य केंद्र के उद्घाटन से ग्रामीणों में खुशी का माहौल देखा गया। उन्होंने जिला प्रशासन और जनप्रतिनिधियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह केंद्र उनकी स्वास्थ्य संबंधी जरूरतों को पूरा करने में सक्षम रहेगा।

## वन क्षेत्र मे भारी मात्रा मे अवैध बालू का किया गया भंडारण



खबर मन्त्र संवाददाता

**बारियातू।** थाना क्षेत्र के साल्वे पंचायत अंतर्गत जबरा नदी के समीप वन क्षेत्र मे बालू माफियाओं द्वारा बड़ा खेल कर भारी मात्रा मे बालू भंडारण किया जा रहा है। जबरा नदी के उतर दिशा मे कोठा टांड जाने के पहले पूरब दिशा वन क्षेत्र के जंगल मे ट्रेक्टर से भारी मात्रा मे अवैध बालू भंडारण किया गया है। भंडारण किए गए बालू से महज कुछ दूर मे जबरा नदी का पुल निर्माण कार्य कराया जा रहा है। हालांकि जांच के बाद स्पष्ट हो पायेगा की यह अवैध बालू कहाँ से कौन भंडारण कर वन क्षेत्र मे छुपा कर रखा है। इस तरह के अवैध बालू का खेल करने से सरकार को राजस्व का चपत लग रहा है। उक्त संबंध मे वन रक्षी संतोष उरांव से बात किए जाने पर बताया की मुझे पहले जानकारी नहीं थी। जानकारी मिली है भंडारण स्थल वन क्षेत्र पहुंच कर जांच किया जायेगा जाँच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

**मिड-डे मील में गड़बड़ी:** एमडीएम में बच्चों की थाली से अंडे व फल गायब

## बच्चों को मिलने वाले पोषाहार पर गुरूजी डाल रहे है डाका


मध्यान भोजन से अंडा व फल गायब।

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरवाडीह।** बरवाडीह प्रखंड क्षेत्र में स्कूलों में चल रहे मध्याह्न भोजन योजना में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी की जा रही है। या यूं कहें कि बच्चों के निवाले पर डाका डाला जा रहा है। शुक्रवार को प्रखण्ड प्रमुख सुशीला देवी और उप प्रमुख बिरेंद्र जयसवाल ने राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय बभंडीह का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान बच्चों के थाली से अंडा और फल गायब देखकर नाराजगी जताई। प्रमुख ने बताया कि जानकारी मिली थी कि इस स्कूल में कभी कभार ही बच्चों को अंडा या फल दिया जाता है। जिसे लेकर आज विद्यालय का निरीक्षण किया गया और मामला सत्य पाया गया। उन्होंने बताया कि यह बहुत ही गंभीर विषय है इस तरह बच्चों के निवालों पर डाक डालने वाले शिक्षकों पर कारवाई की जानी चाहिए बावजूद विभाग खामोश बैठकर तमाशबीन रहती है।

बिरेंद्र जयसवाल ने कहा कि सरकारी विद्यालयों में छात्रों को जो भोजन परोसा जा रहा है, उससे नन्हे बच्चों का पेट तो भर रहा है, लेकिन उन्हें प्रोटीन नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने शिक्षा विभाग और विद्यालय की मनमानी को लेकर उपायुक्त से पत्राचार करते हुए मामले की उचित जांच और कारवाई की मांग करूंगी।

### दो वारंटी को गिरफ्तार

**बालूमाथ।** बालूमाथ पुलिस ने दो अलग-अलग कांडों के वारंटी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए बालूमाथ थाना प्रभारी अमरेंद्र कुमार ने बताया कि बालूमाथ थाना कांड संख्या 8/14 के आरोपी मनोज गंझु 27 वर्ष पिता स्व. लेदू गंझु ग्राम हेमपुर थाना बालूमाथ निवासी को गिरफ्तार किया गया। और मंडल कारा लातेहार भेज दिया गया। वहीं रांची जिले के नामकुम थाना के कांड संख्या 360/19 के आरोपी रोहित उरांव 22 वर्ष पिता बिलगु उरांव ग्राम ग्राम भगिया को गिरफ्तार किया गया। जिसे मंडल कारा रांची भेज दिया गया।

## मनिका प्रखंड के लैंपस में न्यू यादव होटल का फीता काट कर किया गया उद्घाटन

खबर मन्त्र संवाददाता

**मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय स्थित लैंपस शॉप परिसर में न्यू यादव होटल(शिवानी मिष्ठान भंडार) का दिन शुक्रवार को विधिवत रूप से पूजा-अर्चना करने के उपरांत मनिका विधायक प्रतिनिधि सह कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष दरोगी प्रसाद यादव,पूर्व बीस सूत्री प्रखंड अध्यक्ष विश्वनाथ पासवान,ग्राम प्रधान मुनेश्वर यादव,अरुण सिंह,थाना सब इंस्पेक्टर विपिन मिश्रा,समेत अन्यों ने संयुक्त रूप से


होटल का उद्घाटन करते लोग।

फीता काटकर उद्घाटन किया। वहीं न्यू यादव होटल संचालक सत्येंद्र यादव ने बताया कि हमारे होटल में क्षेत्र वासियों के लिए उत्तम भोजन की व्यवस्था, मिठाइयां, नाश्ता, समेत सभी तरह की सुविधा उपलब्ध रहेगी और ग्राहकों को उचित दामों में सभी सामग्री दी जाएगी।

मौके पर युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष मिथिलेश पासवान, योगेंद्र यादव, गोविंद यादव,विनोद यादव, केशव यादव,अमरेश यादव,समेत कई लोग उपस्थित थे।

## उपायुक्त के निर्देश पर गठित टीम ने निजी अस्पतालों में किया निरीक्षण



खबर मन्त्र संवाददाता

चंदवा। लातेहार उपायुक्त कुमार गौरव के निदेर्शानुसार गठित टीम के द्वारा शुक्रवार को चंदवा प्रखंड में संचालित निजी नर्सिंग होम व अस्पतालों में जांच पड़ताल की। टीम में शामिल अंचलाधिकारी जयशंकर पाठक, बीडीओ चंदन प्रसाद व प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ नीलिमा कुमारी जांच के क्रम में चंदवा मिशन स्थित निर्मला स्वास्थ्य केंद्र व इंदिरा अस्पताल में स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी ली व आवश्यक दिशा निर्देश भी दिया। बता दे कि जिले के उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता के द्वारा जिले में भ्रूण हत्या व लिंग परीक्षण पर रोक को लेकर पूरे जिले में संचालित सभी निजी नर्सिंग होम व अस्पतालों में जांच पड़ताल कराई जा रही है।

राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य लक्ष्मण यादव का परिसदन में हुआ आगमन

# पिछड़े वर्गों को आरक्षण दिये जाने की पात्रता निर्धारण हेतु डोर-टू-डोर सर्वे कार्य की समीक्षा

- एसटी, एससी और ओबीसी समाज के सामाजिक, आर्थिक, शैक्षणिक, रोजगार की स्थिति पर रिपोर्ट तैयार करने का दिया निर्देश



खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार।** राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य लक्ष्मण यादव की अध्यक्षता में शुक्रवार को परिसदन लातेहार में बैठक आयोजित की गई। उनके द्वारा पिछड़े वर्गों को आरक्षण दिये जाने की पात्रता निर्धारण हेतु डोर-टु-डोर सर्वे कार्य की समीक्षा किया गया। उन्होंने जाना कि जातिय जनगणना की पुष्टि किस आधार पर की जा रही है इस बाबत अपर समाहर्ता रामा रविदास के द्वारा बताया गया कि डोर टू डोर सर्वे जिला स्तरीय गठित टीम एवं नगर पंचायत के द्वारा, जाति प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, वेरिफिकेशन एवं वार्ड के लोगों के सहयोग से भौतिक रूप से किया जा रहा है। राज्य पिछड़ा आयोग के सदस्य लक्ष्मण यादव के द्वारा जिला शिक्षा पदाधिकारी को निर्देशित किया गया कि जिले के अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, ओबीसी वर्ग के लोगों की सामाजिक, आर्थिक, शैक्षणिक एवं रोजगार की स्थिति सामान्य वर्ग के बनिस्पत क्या है, इसका एक रिपोर्ट तैयार करें। समीक्षा बैठक के उपरांत माननीय सदस्य एवं राज्यस्तरीय टीम के द्वारा नगर पंचायत के विभिन्न वार्डों का निरीक्षण किया गया। बैठक में अपर समाहर्ता, लातेहार रामा रविदास, सांख्यिकी विशेषज्ञ सह नोडल पदाधिकारी ट्रिपल टेस्ट संजय कुमार सिंह, जिला शिक्षा पदाधिकारी प्रिंस कुमार, जिला कल्याण पदाधिकारी अनिल कुमार, जिला योजना पदाधिकारी समीर कुल्लू, सहायक प्रशाखा पदाधिकारी अनिल पाठक, नगर प्रबंधक राजकुमार वर्मा, सभी प्रतिनियुक्त प्रगणक सहित अन्य उपस्थित थे।

### मनिका प्रखंड के थाना के समीप शिव मंदिर के 9वीं वर्षगांठ का किया गया आयोजन

**मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय के थाना के समीप स्थित शिव मंदिर का दिन शुक्रवार को 9वीं वर्षगांठ का धूमधाम से आयोजन किया गया। वहीं सैकड़ो भक्तों ने उत्साह उमंग के साथ कार्यक्रम में भाग लिया। इस कार्यक्रम में मुख्य पुजारी अखिलेश पाठक ने भगवान भोलेनाथ का विधिवत रूप से पूजा-अर्चना किया। इस अवसर पर मंदिर परिसर को आकर्षक रूप से सजाया गया। साथ ही पूजा के उपरांत विशाल भंडारा का भी आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीण श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। वहीं बाबा भोलेनाथ के मंदिर का वर्षगांठ को लेकर पूरे क्षेत्र में भक्तिभाव का माहौल बना रहा। मौके पर शिव मंदिर के अध्यक्ष दिनेश राय, शंकर दुबे, कामाख्या प्रसाद, विकास कुमार, छोटू राजा, जयराम राय, गोविंद ठाकुर, विजय प्रसाद,अमित आनंद,डिम्पल राजा, रंजीत कुमार, नीरज प्रसाद, अमन गुप्ता, समेत कई श्रद्धालु उपस्थित थे।

स्पीड न्यूज

## पीएम आवास योजना को लेकर नप क्षेत्र में कैम्प का आयोजन

**बेरमो।** प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 अंतर्गत 21 फरवरी शुक्रवार को नगर परिषद् फुसरो के वार्ड 18 में कैम्प का आयोजन किया गया। जिसमें कच्चे मकान में निवास कर रहे निवासियों के मध्य प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 के बारे में विस्तृत रूप से चर्चा किया गया साथ ही पक्के मकान निर्माण हेतु आवश्यक दस्तावेजों के साथ आवेदन पत्र भी भराया गया। उक्त आयोजित कैम्प में 33 आवेदन प्राप्त हुए हैं जिसका भौतीक सत्यापन किया जाना है तत्पश्चात स्वीकृति हेतु विभाग भेजा जाना है। उक्त कैम्प में निवर्तमान वार्ड पार्षद, सी०एल०टी०सी० मनीषा कुजुर, शंकर कुमार, देवोजीत कुमार व अन्य आवेदनकर्ता उपस्थित थे।

## मोटर साइकिल चालकों की सुरक्षा को लेकर गोड्डा पुलिस प्रशासन चिंतित

**गोड्डा।** पुलिस अधीक्षक गोड्डा अनिमेष नैथानी के निर्देश पर जिला पुलिस द्वारा आज गोड्डा पाकुड़ मुख्य मार्ग पथरा चौक पर दोपहिया वाहन जांच अभियान चलाई गई, जिसमें बाईक चालक और सवारी यात्रियों के हेलमेट सहित गाड़ी के कागजात की जांच की गई। जिन्होंने हेलमेट पहनी थी उन लोगों को मिठाई खिलाकर माला पहनाया गया साथ ही एक जागरूक जनता के रूप मे उन्हें धन्यवाद भी दिया गया और उन सबको पांच लोगों को हेलमेट पहनने को लेकर जागरूक करने का अपील भी की गयी। मौके पर सदर एसडीपीओ अशोक प्रियदर्शी सहित नगर थाना प्रभारी दिनेश महली और कई अन्य पुलिस जवान शामिल थे।

## बाईक और ट्रक में टक्कर, बाईक सवार की घटना स्थल पर मौत, एक गंभीर

**दुमका।** जिले के हंसडीहा थाना क्षेत्र के दुमका भागलपुर मार्ग पर नोनीहाट मुरको नदी के समीप बाईक व ट्रक में टक्कर होने से बाईक सवार व्यक्ति एक की घटना स्थल पर मौत हो गई। वहीं एक गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार बाईक सवार नोनीहाट से हंसडीहा की ओर जा रहे था। ट्रक नो पार्किंग रहने के बावजूद पुल के नजदीक अंधेरे में खड़ी थी। बाईक इतनी तीव्र गति थी कि अंधेरा रहने के कारण ट्रक दिखी नहीं और बाईक खड़ी ट्रक से पीछे से जोरदार टक्कर मार दिया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी की बाईक सवार व्यक्ति एक की घटना स्थल पर मौत हो गई। वहीं एक की गंभीर रूप से घायल हो गया। थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर घायलों को बेहतर इलाज के लिए फूलों झानों मेडिकल कॉलेज एंबुलेंस के द्वारा भेज दिया गया। पुलिस दोनों गाड़ी को कब्जे में ले पड़ताल में जुट गई। बाईक की निबंधन संख्या (जेएच04जे1853) व ट्रक की निबंधन संख्या (जेएच12जे 3945) हैं। मृतक व घायल व्यक्ति की पहचान नहीं हो पाई है।

## प्रेम में धोखा खायी प्रेमिका ने फांसी लगा दी जान

**मसलिया।** दुमका जिलो के मसलिया थाना क्षेत्र के विगत रविवार को बड़ा चापुड़िया गांव के 32 वर्षीया युवती जयललिता हेम्ब्रम के फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मामले में मृतका का पिता के लिखित आवेदन थाना में देने के बाद शुक्रवार को डीएसपी एकुड डुंगडुंग मृतका के घरवालों से ही पूछताछ के लिए पहुंचे। जहां लगभग एक घन्टे मृतका के माता-पिता उनके भैया-भाभी से पूछताछ किया। जिसके बाद एकुड डुंगडुंग ने कहा कि उन्हीं बिंदुओ पर जांच करने के लिए पहुंचे थे। बस एक दो दिन में सब स्पष्ट बता दिया जाएगा। मृतका ने फांसी लगाने के पूर्व अपने पर्स में दर्जनों प्रेम पत्र व लिखी थी। जिसमें कठलिया निवासी अरुण हांसदा के नाम का जिक्र था। मृतका के लिए पिता गोविंद हेम्ब्रम ने मसलिया थाना में बेटी के मरने की बजह अरुण हांसदा का प्रेम में धोखा व आत्महत्या के प्रति उकसाने संबंधित आरोप लगाते हुए थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराया था। मौके पर थाना प्रभारी धनंजय प्रजापति समेत अन्य पुलिस बल मौजूद थे।

सेल में आधुनिकीकरण के निष्पादन में बेहतर प्रणाली सीखने के लिए

# कार्यशाला का आयोजन



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** बोकारो स्टील प्लांट के मानव संसाधन के ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग में परियोजना निष्पादन में सर्वोत्तम प्रथाओं को सीखने और उसे साझा करने के लिए दो दिवसीय एलईओ कार्यशाला का शुभारम्भ हुआ। कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में बीएसएल के ईडी सुरेश रंगानी सुश्री राजश्री बनर्जी सीआर मिश्रा अनीष सेनगुप्ता के साथ वरीय अधिकारी उपस्थित थे। कार्यशाला में दुगार्पुर स्टील प्लांट इस्को स्टील प्लांट भिलाई स्टील प्लांट राउरकेला स्टील प्लांट सेल निगमित कार्यालय तथा बोकारो स्टील प्लांट सहित सेल की विभिन्न इकाइयों के प्रतिभागी एवं संकाय के रूप में आईएसपी के पूर्व ईडी प्रोजेक्ट एके दासगुप्ता ने अपने परियोजना निष्पादन के अनुभवों को सभी प्रतिभागियों के साथ साझा किया। सीजीएम मनीष जलोटा ने मुख्य अतिथि तथा सभी प्रतिभागियों का स्वागत किया तथा कार्यक्रम के रूपरेखा के बारे में विस्तृत जानकारी दी। ईडी अनीष सेनगुप्ता ने कहा कि पूरे सेल में बड़े पैमाने पर आधुनिकीकरण का काम प्रस्तावित है और ऐसे में इस कार्यशाला के आयोजन से पूरे संगठन को लाभ होगा। सीआर मिश्रा ने इस कार्यशाला को उपयोगी बताया। ईडी मानव संसाधन सुश्री बनर्जी ने ऐसे समसामयिक विषय पर एलईओ कार्यशाला आयोजित करने के लिए ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग को बधाई दी और सभी को इसका पूरा लाभ उठाने का आह्वान किया। ईडी वित्त एवं लेखा सुरेश रंगानी ने प्रतिभागियों से कराधान मामलों डीपीएमएस एवं अन्य विषयों पर विचार-मंथन करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का समन्वयन डीजीएम राजेश कुमार ने किया।

# चार विद्यार्थी रहे स्टेट टॉपर, 29 ने पाई सफलता

## सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन की हैट्रिक पर प्राचार्य ने दी बधाई



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** डीपीएस बोकारो के कुल 29 विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय वैज्ञानिक अभिरुचि एवं प्रवृत्ति मूल्यांकन परीक्षा में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए स्टेट ही नहीं नेशनल टॉपरों में भी अपना नाम दर्ज कराने में कामयाबी पायी है। नेशनल असेसमेंट फॉर साइंटिफिक टेम्परामेंट एंड एप्टीट्यूड - 2024 में पांचवी कक्षा के छात्र अक्षत प्रियदर्शी को नेशनल टॉपर रैंक-2 के साथ सर्टिफिकेट ऑफ आउटस्टैंडिंग परफॉर्मेंस प्रदान किया गया है। उसे ओवरऑल ग्रेड ए प्लस मिला तथा नेशनल अवॉर्ड कैटेगरी के लिए चयनित किया गया।

इसके अलावा विद्यालय की छठी कक्षा के छात्र आदित्य राज पांचवी के अनिकेत सिंह एवं चौथी कक्षा के ध्रुव श्रीवास्तव ने रैंक-1 के साथ संबंधित कैटेगरी में स्टेट टॉपर होने का गौरव हासिल किया। कक्षा 7 की छात्रा अंशुला श्री भी रैंक- 2 के साथ स्टेट टॉपरों में शामिल रही। सभी स्टेट टॉपरों को सर्टिफिकेट ऑफ स्टेट एक्सीलेंस दिया गया है।

इन सभी विद्यार्थियों को जल्द ही नई दिल्ली बुलाकर सम्मानित किया जाएगा। परीक्षा में उक्त विद्यार्थियों के अलावा कक्षा 3 की प्राणिद्य कुमारी मिश्रा शैलजा शान्वी अथर्व कश्यप कक्षा- 4 के हर्षित ठाकुर रुद्र व गेडेला वेदांतिका, कक्षा 5 के आरव रंजन शिवराज शेखर प्रसून भूषण कक्षा 6 से अंसुरी साधु शिवांश प्रधान सजग सूर्यांश पांडेय कक्षा 7 के आदित्य भारद्वाज अभिज्ञान दिव्यांश वर्मा कक्षा 8 के आदित्य लाल अथर्व कुमार यशस्वी कुमार नौंवी कक्षा से पहल लता रौनक राज ऋषभ राज कक्षा 11 के ऋषित शॉ ऋद्धिम गुप्ता एवं आयुष सुमन ने भी सफलता पायी है। एनएएसटीए में लगातार तीसरे साल शानदार प्रदर्शन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए विद्यालय के प्राचार्य डॉ एएस गंगवार ने नेशनल व स्टेट टॉपरों के साथ-साथ सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

संथाल परगना की संस्कृति बिखेरती उल्लास जुलूस के साथ

# हिजला मेला महोत्सव का हुआ उद्घाटन



मेला का उद्घाटन के अवसर पर निकला उल्लास जुलूस, नृत्य-संगीत प्रस्तुत करते कलाकार, उद्घाटन करते ग्राम प्रधान

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** मयूराक्षी नदी के तट पर 21 से 28 फरवरी तक आयोजित होने वाले राजकीय जनजातीय हिजला मेला महोत्सव का विधिवत शुक्रवार को शुभारंभ हुआ। उद्घाटन से पूर्व उल्लास जुलूस निकाला गया। जिसमें काफी संख्या में आदिवासी समाज के लोग परंपरागत परिधान पहनकर पारंपरिक वाद्य यंत्र के साथ शरीक हुए। महोत्सव की शुरूआत से पूर्व हिजला मेला परिसर में स्थित मांझी थान में विधिवत पूजा अर्चना हुई। स्थानीय ग्राम प्रधान ने फीता काटकर मेले का उदघाटन किया। इसके बाद प्रशिक्षु एसडीओ अभिनव प्रकाश ने मंच के समीप ध्वजारोहण कर कार्यक्रम की शुरूआत की। मेले के उद्घाटन सत्र में विभिन्न विद्यालयों के छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए। इसके साथ ही छऊ नृत्य और नटवा नृत्य भी पेश किए गए। यह मेला जनजातीय समाज के सांस्कृतिक संकुल की तरह है। जिसमें सिंगा-सकवा, मांदर व मदानभेरी जैसे परंपरागत वाद्ययंत्र की गूंज तो सुनने को मिलती ही है। झारखंडी लोक संस्कृति के अलावा अन्य प्रांतों के कलाकार भी अपनी कलाओं का प्रदर्शन करने पहुंचे हैं। बदलते समय के साथ इस मेले को भव्यता प्रदान करने की कोशिशें सरकार द्वारा लगातार होती रही हैं। मेला क्षेत्र में कई आधारभूत संरचनायें विकसित हो गई हैं। जो मेले के उत्साह को दोगुणा करने में सहायक साबित हो रहा है। महोत्सव के पूरे अवधि में कृषि प्रदर्शनी, ट्राइबल म्यूजियम और विभिन्न विभागों के स्टॉल मेला में आने वाले लोगों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहेंगी। प्रदर्शनियां न केवल झारखंड की पारंपरिक कृषि पद्धतियों और जनजातीय जीवनशैली को दशार्ती हैं, बल्कि नई तकनीकों और सरकारी योजनाओं के बारे में जागरूकता भी बढ़ाती हैं। इस अवसर पर डीडीसी अभिजीत सिन्हा ने कहा कि इस मेले में यहां की संस्कृति, लोकसंगीत की अदभुत झलक देखने को मिलती है। संथाल परगना की संस्कृति, खानपान, नृत्य, लोकसंगीत सहित जनजातीय समाज से जुड़ी कई जानकारियों का यह मेला संगम है। पूरे मेला अवधि में संताल परगना की कला संस्कृति की झलक, नवीन कृषि तकनीक देखने को मिलेगी, जबकि सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराने का यह बड़ा मंच साबित होगा। उन्होंने कहा कि इस मेले के आयोजन का इंतजार यहां के लोगों के द्वारा पूरे वर्ष किया जाता है। कहा कि अधिक से अधिक लोग इस मेले में आएं एवं यहां के गौरवशाली संस्कृति को देखें यही हमारा प्रयास है। उन्होंने उपस्थित लोगों से कहा कि किसी भी प्रकार के विधि व्यवस्था की स्थिति उत्पन्न नहीं हो इसका ध्यान रखे। इस अवसर पर जिप अध्यक्ष जॉयस बेसरा ने कहा कि यह सिर्फ मेला नहीं हमारी परंपरा हमारी संस्कृति की एक महत्वपूर्ण पुस्तक है। जनजातीय समाज की संस्कृति, संगीत, नृत्य, रहन-सहन सहित और भी कई महत्वपूर्ण बातों को इस मेले के माध्यम से समझा जा सकता है। उन्होंने कहा कि हम सभी मिलकर इस आयोजन को सफल बनाएं इस आयोजन का हिस्सा बनाएं। इसके बाद अतिथियों ने स्टॉल का निरीक्षण किया।

# मंदिर निर्माण कर शिवलिंग के साथ अन्य कई देवी देवताओं के प्राण प्रतिष्ठा कर स्थापित किया गया



खबर मन्त्र संवाददाता

**गोड्डा।** हनुमंत अखाड़ा मंदिर लोहियानगर परिसर में नवनिर्मित शिव पार्वती मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा गुरुधाम, बौसी बिहार के पंडित रतीश चंद्र झा के मार्गदर्शन में पुरोहितों के सहयोग से कराया गया। इस मंदिर में निर्माण कार्य में शहर के प्रतिष्ठित अनेकों चिकित्सकों व समाज के प्रबुद्धजनों, समाजसेवीयों एवं मोहल्लेवासीयों भी सम्मिलित रहे ।लोहियानगर के निकट शिव पार्वती मंदिर नहीं रहने के कारण महिलाओं और भक्तजनों को पूजा पाठ करने में असुविधा होती रहती थी। जिसको लेकर हनुमंत अखाड़ा सेवा ट्रस्ट के नेतृत्व में बैठक आहूत कर मंदिर निर्माण का प्रस्ताव लिया गया और लगभग 1 वर्ष के अंदर शिव पार्वती मंदिर निर्माण कराया गया। प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के दौरान मंदिर परिसर से शिवपुर शिवगंगा तालाब से कलश यात्रा निकाली गई साथ ही साथ सभी प्रतिमाओं को नगर भ्रमण भी कराया गया। कलश यात्रा एवं नगर भ्रमण के दौरान सभी भक्तजनों के हाथों में भगवा ध्वज भी लहराया गया साथ ही साथ सभी भक्त भक्ति रस में गाते बजाते झूमते हुए मंदिर परिसर पहुंचे। मंदिर में शिवलिंग, पार्वती माता, नंदी बाबा, भैरव बाबा, गणेश भगवान की प्रतिमा स्थापित की गई। मंदिर परिसर के पुजारी पंडित श्रवण पांडे भी पुजनोत्सव में शामिल थे। एवं मंदिर निर्माण व प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में डॉ अशोक कुमार, डॉ अजय कुमार, डॉ एस के चौधरी, डॉ प्रभारानी, डॉ बनदेवी झा, डॉ विपिन कुमार, डॉ श्याम जी भगत, डा डीके चौधरी, डॉ रामजी भगत, समाजसेवी गप्पु सिन्हा, श्रवण अग्रवाल, मुरारी अग्रवाल भवेश सिन्हा, गौरीशंकर मिश्रा, आनंद केवलम, दिवाकर झा, किरण मंडल, अशोक यादव, समीर दुबे, तेज नारायण साहा, दीपक दुबे दीपक सिंह, चंदन कुमार दीपक कुमार, अरुण चौधरी, सुनीता देवी के साथ अन्य गणमान्य के सहयोग से मंदिर निर्माण कार्य पूरा कराया गया दिनांक 18 फरवरी से 20 फरवरी तक प्राण प्रतिष्ठा एवं राम कथा के उपरांत 26 फरवरी को शिवरात्रि पूजन का भी समिति द्वारा पूजनोत्सव कार्यक्रम कराए जाने की सूचना प्राप्त हुई है।

# चंद्रपुरा में स्थापित होगा 1600 मेगावाट का पावर प्लांट



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** दामोदर घाटी निगम द्वारा चंद्रपुरा में आठ-आठ सौ मेगावाट यानी कुल 1600 मेगावाट के थर्मल पावर प्लांट जल्द स्थापित किए जाएगें। शीघ्र ही इसका निर्माण-कार्य शुरू होगा। डीवीसी सीटीपीएस के परियोजना प्रधान सह वरिष्ठ महाप्रबंधक विजया नन्द शर्मा ने कहा कि यहां दो सुपर क्रिटिकल यूनिट स्थापित करने की मंजूरी केंद्र सरकार द्वारा सैद्धांतिक रूप से दे दी गई है। उन्होंने कहा कि इस इकाई की स्थापना और संचालन में प्रबंधन का कंट्रोल दामोदर घाटी निगम का रहेगा। उन्होंने कहा कि इन नई इकाइयों को स्थापित करने में करीब 16500 करोड़ रुपए का निवेश होगा। यह यूनिट अल्ट्रा मॉडर्न होगी। इसकी एफिशिएंसी पुराने प्लाट के अपेक्षा अधिक होगी। पर्यावरण के सभी मानक का अनुपालन किया जाएगा। इसकी टेक्नोलॉजी स्टेट ऑफ द आर्ट होगी। श्री शर्मा ने कहा कि इस इकाई के स्थापना से इस क्षेत्र में प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से सैकड़ों लोगों को रोजगार मिलेगा। क्षेत्र में व्यापार को भी बढ़ावा मिलेगी। उन्होंने लोगों से अपील किया कि इस क्षेत्र के सभी समाज के लोग इन इकाइयों को स्थापित करने में उचित माहौल बनाए रखें ताकि क्षेत्र के विकास में कोई बाधा ना आए।

# श्रीश्री नर्मदेश्वर शिवलिंग प्राण-प्रतिष्ठा यज्ञ का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता



**बोकारो।** नगर के सेक्टर- 9बी स्थित स्ट्रीट 14 एवं 15 की कॉलोनी में श्रीश्री नर्मदेश्वर शिवलिंग की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर कार्यक्रम के प्रथम दिन भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गई। इस कलश शोभा यात्रा में मोहल्ले के 251 महिलाओं व कुंवारी कन्याओं ने भाग लिया। इसके पूर्व महिलाएं व बालिकाएं पीला वस्त्र धारण कर आम पल्लवयुक्त कलश लेकर गाजेबाजे के साथ हर हर महादेव जय शिव शंभू का जयकारा लगाते हुए सेक्टर 9 बी कॉलोनी बी रोड होते हुए नवनाथ मंदिर पहुंचीं।

वहां विधिवत रूप से देवी देवताओं का आह्वान कर आचार्य सुनील कुमार पाण्डेय व पांच पुरोहितों द्वारा संकल्प पाठ पूजन व गंगा आरती के साथ संपन्न कराया। उसके बाद नवनाथ मंदिर से कलश में जल भरकर कुंवारी कन्याओं व महिलाओं की कलश शोभायात्रा सेक्टर 9 डी कॉलोनी अवस्थित शिव मंदिर प्रांगण से शुरू होकर 9ए रोड फूल दुकान मोड़ बी रोड मुख्य बाजार होते हुए हनुमान मंदिर परिसर स्ट्रीट 14/15 पहुंची। इसके साथ ही शिव मंदिर में कलश स्थापना के साथ शिवलिंग की प्राण प्रतिष्ठा का अनुष्ठान शुरू हुआ। इस दौरान बाबा भोलेनाथ के जयकारों से पूरे क्षेत्र में भक्तिमय माहौल बना रहा। पूजा समिति के सदस्यों ने बताया कि प्राण प्रतिष्ठा के लिए नर्मदेश्वर महादेव शिवलिंग काशी वाराणसी से मंगाया गया है। मौके पर रविशंकर अध्यक्ष बजरंग सेवा परिषद व यजमान आशीष कुमार व सुमन देवी योगेंद्र कुमार एनके सिंह बीपी सिंह एसएन सिंह एचके सिंह डीपी चौधरी गौरांग विक्की सिंह राम कुमार संजय मिथिलेश सुनील महतो सत्यम कुलदीप कुमार महतो राम नरेश प्रसाद जयंत दत्ता विजय हरिराम कुमार शिव कुमार विकास राजहंस आदि मौजूद रहे।

# दामिन ए कोह को लेकर एमजी कॉलेज में सेमिनार का आयोजन



सेमिनार को संबोधित करते वक्ता

खबर मन्त्र संवाददाता

**रानेश्वर।** मयूराक्षी ग्रामीण कॉलेज के इतिहास विभाग द्वारा दामिन ए कोह की आर्थिक संरचना में पहाड़िया जनजाति का योगदान विषय पर शुक्रवार को सेमिनार का आयोजन हुआ। सेमिनार की अध्यक्षता इतिहास विभागाध्यक्ष डॉ स्वर्ण कुमार सिंह ने किया। सेमिनार में मुख्य रूप से प्रभारी प्राचार्य प्रो. नव कुमार पाल, संताली विभागाध्यक्ष एंथोनी हांदसा, राजनीति शास्त्र के प्रो आनंद गोपाल घोष एवं प्रो अफरोज अहमद खान ने उक्त विषय पर अपना अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया। इस अवसर पर इतिहास विभागाध्यक्ष डॉ स्वर्ण कुमार सिंह ने कहा कि संथाल परगना में पहाड़िया जनजाति प्रिमिटिव जनजाति है। दामिन ए कोह झारखंड के संथाल परगना की पहाड़ियां जनजाति का हृदय है। वर्ष 1818 में जेसी सदरलैंड जो राजमहल पहाड़ी का हिल मजिस्ट्रेट थे। उनके रिपोर्ट के आधार पर 1832-33 में मिस्टर वार्ड के अनुशंसा से दामिन ए कोह क्षेत्र का गठन हुआ।

यह इलाका जंगली और पहाड़ी है। जमीन झारखंड राज्य के अन्य जगहों से अलग भूगोल बनाते हैं। यहां के भूगोल ने इतिहास को सबसे अधिक प्रभावित किया है। दामिनी एक का बहुत बड़ा क्षेत्र साहिबगंज जिला में पड़ता है। राजमहल पहाड़ी के दामिन क्षेत्र में पहाड़ की तलहटी में अथवा पहाड़ की ढलान पर विभिन्न प्रकार के जंगली पेड़ और पौधे पाए जाते हैं।

# फेडरेशन ऑफ बैंक ऑफ इंडिया स्टाफ यूनियंस के आह्वान पर बैंककर्मियों का विशाल प्रदर्शन

खबर मन्त्र संवाददाता



**बोकारो।** ऑल इंडिया बैंक इंप्लाइज एसोसिएशन से संबद्ध फेडरेशन ऑफ बैंक ऑफ इंडिया स्टाफ यूनियंस के आह्वान पर आगामी 24 एवं 25 फरवरी को प्रस्तावित हड़ताल की सफलता को लेकर बैंक ऑफ इंडिया के बोकारो आंचलिक कार्यालय के समक्ष कर्मियों ने विशाल प्रदर्शन किया। पूरे भारतवर्ष के बैंक ऑफ इंडिया के आंचलिक कार्यालयों के समक्ष प्रदर्शन एवं बैंक ऑफ इंडिया के प्रबंध निदेशक मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी के नाम सभी आंचलिक प्रबंधक के माध्यम से सामूहिक ज्ञापन दिया गया।

मांगों के औचित्य पर प्रकाश डालते हुए यूनियन के झारखंड प्रदेश के सहायक सचिव राकेश मिश्रा ने कहा कि बैंकों में कर्मचारियों की संख्या दिन प्रतिदिन घट रही है जिससे जहां ग्राहक सेवा बाधित हो रही है। वहीं कार्यरत कर्मचारियों पर काम का अनावश्यक अत्यधिक बोझ बढ़ता जा रहा है और वे तनाव में जीने को अभिशप्त हो गए हैं। साथ ही स्थाई बहाली नहीं होने से पढ़े लिखे लोगों को रोजगार से भी वंचित होना पड़ रहा है।

उन्होंने प्रबंधन पर समझौते के विपरीत सभी कार्य करने तथा कर्मचारियों के प्रति आए दिन भेदभाव किये जाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि हमारा आंदोलन बैंक हित ग्राहक हित एवं कर्मचारी हितों के रक्षार्थ किया जा रहा है। अगर प्रबंधन इसके बावजूद हमारी वाजिब मांगों पर समुचित ध्यान नहीं देता है तो घोषित आंदोलनात्मक कार्यक्रम के अनुसार दो दिवसीय पूर्ण हड़ताल किया जाएगा।

फिर आंदोलन को और भी तीव्रतर किया जाएगा। उक्त प्रदर्शन में राकेश मिश्रा प्रियंका कुमारी इंद्रजीत चौधरी अजय कुमार प्रेम कुमार विनय कुमार मनोज सिंह राजेश प्रसाद शशि भूषण मिश्रा पूनम देवी ममता राउत शोभा सिंह प्रदीप कुमार सिंह हसन रजा कलीम परमहंस मनोज कुमार संतोष दांडी विनोद कुमार संजीव कुमार विद्यासागर ठाकुरदास बेदिया राजेश दास जितेंद्र प्रमाणिक सहित सैकड़ों बैंककर्मी उपस्थित थे।

## दियांगता जांच पेंशन शिविर का आयोजन 24 फरवरी से

**बेरमो।** बोकारो उपायुक्त विजया जाधव के निदेर्शानुसार जिले के सभी प्रखंडों में दियांगता जांच पेंशन शिविर का आयोजन किया जाएगा उक्त शिविर में क्षेत्र के योग्य लाभुकों को शत प्रतिशत पेंशन स्वीकृत मुख्यमंत्री राज्य वृद्धावस्था पेंशन, मुख्यमंत्री राज्य निराश्रित महिला सम्मान पेंशन योजना, स्वामी विवेकानंद निःशक्त स्वावलम्बन प्रोत्साहन योजना एवं ल्क्श्र/अक्छ्र पीड़ित व्यक्ति सहायतार्थ पेंशन एवं स्वीकृत पेंशनधारीयों का जिन्हें किसी कारणवश पेंशन भुगतान नहीं हो पा रहा है, का त्रुटि निराकरण संबंधित आवेदनों का जाँचों परांत नियमानुसार निष्पादन किया जाएगा साथ ही शिविर में स्वामी विवेकानंद निःशक्त स्वावलम्बन प्रोत्साहन योजना से अच्छादित करने हेतु पेंशन फॉर्म भी उक्त शिविर में भरा जाएगा शिविर में दिव्यांग प्रमाण पत्र भी जांच कर जारी किया जाएगा।

## बकाया वेतन और सुरक्षा उपकरणों की मांग को लेकर जताया विरोध

**बेरमो।** सीसीएल बीएंडके प्रक्षेत्र के खासमहल कोनार परियोजना में कार्यरत आउटसोर्सिंग कंपनी हेमटेक के अधीन कार्यरत्त मजदूरों ने शुक्रवार को अपने दो माह के बकाया वेतन भुगतान व सुरक्षा उपकरणों जैसे जूता, टोपी, आई कार्ड आदि की मांग को लेकर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। जबकि आउटसोर्सिंग कंपनी के साइडिंग इंचार्ज ने कहा कि मजदूरों का वेतन एक दो दिनों के भीतर भुगतान कर दिया जायेगा जबकि सुरक्षा उपकरणों के संबंध में कहा कि लगभग सभी मजदूरों को जूता टोपी आदि उपलब्ध करवा दिया गया है कुछ लोग अगर बाकी है तो उन्हें भी जल्द दे दिया जायेगा जबकि आई कार्ड के संबंध में कहा कि लगभग सभी कर्मियों को दिया जा चुका है आज मुझे पता चला है कि कुछ का आई कार्ड नही मिला है जिसे जल्द ही मिल जायेगा। बहरहाल आउटसोर्सिंग कंपनी के बाद आंदोलन समाप्त हो गया।

# टाइम की सूची में भारत की पूर्णिमा बर्मन भी शामिल

एजेंसी

- वुमन ऑफ द ईयर सूची में इस साल 13 प्रभावशाली महिलाओं को मिला स्थान
- पूर्णिमा के लंबे संघर्ष से असम में धेनुक की आबादी 1,800 से अधिक हो गयी

**न्यूयॉर्क।** प्रतिष्ठित अमेरिकी पत्रिका टाइम की इस वर्ष की वुमन ऑफ द ईयर सूची में दुनियाभर की 13 प्रभावशाली महिलाओं को शामिल किया गया है। सूची में भारतीय जीव-विज्ञानी एवं वन्यजीव संरक्षणकर्ता का नाम भी है। टाइम्स की सूची में शामिल 45 वर्षीय पूर्णिमा देवी बर्मन एकमात्र भारतीय महिला हैं। इस सूची में अभिनेत्री निकोल किडमैन और फ्रांस की गिसेल पेलिकॉट का नाम भी है। टाइम पत्रिका ने पूर्णिमा बर्मन की प्रोफाइल में लिखा है कि उन्हें 2007 का वह दिन आज भी याद है, जब असम में रहते वक्त उन्हें एक फोन आया और उन्हें बताया गया कि एक पेड़ काटा जा रहा है, जो ग्रेटर एडजुटेंट स्टॉर्क (धेनुक, एक प्रकार का पक्षी) के परिवार का घर था। प्रोफाइल के मुताबिक इस किस्से के बाद उनकी जिंदगी बदल गई। उन्होंने वहां पहुंचकर मौके पर पूछा कि पेड़ क्यों काटा जा रहा है? बर्मन ने कहा कि सभी (धेनुक) ने मुझे घेर लिया और चहचहाना शुरू कर दिया। इस समय उनके जहन में अपनी नवजात जुड़वां बेटियों का ख्याल आया, क्योंकि धेनुक की तरह वे भी बहुत छोटी थीं। उन्हें लगा कि प्रकृति पुकार रही है। प्रोफाइल में उल्लेख किया गया है कि उस समय असम में लगभग 450 बड़े धेनुक बचे थे। पूर्णिमा के लंबे संघर्ष का नतीजा यह है कि वर्ष 2023 में धेनुक को अंतरराष्ट्रीय प्रकृति



संरक्षण संघ के वर्गीकरण के तहत लुप्तप्राय स्थिति से हटाकर निकट संकटग्रस्त श्रेणी में लाया गया है। आज असम में धेनुक की आबादी 1,800 से ज्यादा हो गई है। विभिन्न सूचना माध्यमों में उपलब्ध के अनुसार ग्रेटर एडजुटेंट स्टॉर्क (धेनुक) चिड़िया को हर्गिला या हड्डी निगलने वाला भी कहा जाता है। धेनुक के संरक्षण के लिए पूर्णिमा ने अपनी पीएचडी की पढ़ाई स्थगित कर दी। पेड़ों की कटाई के खिलाफ महिलाओं को लामबंद किया। लंबे अंतराल के बाद उन्होंने 2019 में पीएचडी की पढ़ाई पूरी की। पूर्णिमा ने इस काम के लिए लगभग 20 हजार महिलाओं की टीम तैयार की है। उन्होंने इसे हर्गिला आर्मी का नाम दिया है। असम की सीमाओं को लांघता हुआ उनका काम पूरे भारत और कंबोडिया तक पहुंच गया है। फ्रांस जैसे दूरदराज के स्कूलों में पूर्णिमा बर्मन के काम के बारे में पढ़ाया जाता है। उन्होंने गुवाहाटी यूनिर्वसिटी से जंतु विज्ञान (जूलॉजी) विषय में मास्टर्स की डिग्री हासिल की है। इस क्षेत्र में उन्होंने कई महत्वपूर्ण काम किए हैं। नतीजा सामने है। 20 फरवरी को टाइम ने उनको 2025 के 'वुमन ऑफ द ईयर' की सूची में शामिल किया है।

## भारतीय मूल के छात्र विश्वा राजकुमार ने मेमोरी लीग विश्व चैंपियनशिप जीती

**न्यूयॉर्क।** पुडुचेरी स्थित मानाकुला विनायगर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के छात्र विश्वा राजकुमार ने प्रतिष्ठित और कठिन प्रतियोगिता मेमोरी लीग वर्ल्ड चैंपियनशिप-2025 जीत ली। उन्होंने 13 .50 सेकंड में 80 क्रमरहित संख्याओं और 8 .40 सेकंड में 30 छवियों को याद करके यह कामयाबी हासिल की। द न्यूयॉर्क टाइम्स समाचार पत्र के अनुसार भविष्य के बारे में विश्वा ने कहा कि कॉलेज पूरा होने के बाद (दो से तीन माह बाद) मैं शायद एक मेमोरी ट्रेनर बनने की कोशिश करूंगा। अन्य लोगों को यह तकनीक सिखाने के लिए भारत में एक मेमोरी संस्थान बनाऊंगा। मेरा लक्ष्य इसे बड़ा बनाना है।



राजकुमार ने चीजों को याद करने की अपनी तकनीक पर कहा कि शरीर में पानी की पर्याप्त मात्रा बहुत महत्वपूर्ण है, क्योंकि इससे आपके मस्तिष्क को मदद मिलती है। मान लीजिए कि आप कोई किताब पढ़ रहे हैं। आप उसे जोर से बोलकर नहीं पढ़ रहे, लेकिन आप अपने मन में चीजें बोल रहे हैं। अगर आप बहुत सारा पानी नहीं पीते हैं तो आपकी गति थोड़ी धीमी रहेगी।

## तेल अवीव में तीन बसों में विस्फोट

**यरूशलेम ।** इजरायल के तेल अवीव क्षेत्र में गुरुवार रात एक साथ तीन खाली बसों में विस्फोट हुआ जबकि कम से कम दो अन्य बसों में विस्फोटक उपकरण पाए गए। पुलिस ने इसे आतंकवादी हमला बताया है। इजरायल के मैगन डेविड एडोम बचाव सेवा ने कहा कि किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। तेल अवीव के दक्षिणी उपनगर बैट याम में खड़ी बसों में विस्फोट हुए। वीडियो में वाहनों में आग की लपटें दिखाई दे रही हैं। एक तस्वीर में बस पूरी तरह जलती हुई दिखाई दे रही है। तेल अवीव जिला कमांडर हैम सरगारोफ ने एक प्रेस ब्रीफिंग में कहा कि नजदीकी उपनगर होलोन में एक बस में एवं एक तेल अवीव के बाहरी इलाके में बस में विस्फोटक उपकरण पाये गए। उन्होंने कहा कि यह एक बड़े पैमाने की घटना है जो कम से कम पाँच स्थानों पर एक साथ हो रही है। कई स्थानों पर टीमों और अधिकारियों को तैनात किया है।

# 2029 तक 1 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनेगा यूपी

## सपा ने अपनी कारगुजारियों से गंवा दीं प्रदेश के विकास की संभावनाएं : योगी

खबर मन्त्र संवाददाता

- यूपी की ग्रोथ रेट देश में सबसे बेहतर है, तेजी से हो रहा विकास : मुख्यमंत्री
- तीन लाख करोड़ से अधिक का योगदान देगा महाकुंभ
- 2027 में भारत पांच ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी बनेगा

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विधानसभा के बजट सत्र के चौथे दिन प्रश्नकाल के दौरान एक बार फिर समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव का नाम लिए बगैर उन पर जमकर हमला बोला। मुख्यमंत्री ने कहा कि सपा ने अपनी कारगुजारियों के चलते प्रदेश के विकास की संभावनाएं गंवा दीं। सपा सरकार ने यूपी को बीमारू बनाया और अब उनका पर्सनल एजेंडा फलीभूत नहीं हो पा रहा है इसलिए उन्हें राज्य का विकास पसंद नहीं आ रहा। सपा वाले जिस थाले में खाते हैं उसी में छेद करते हैं। उन्होंने कहा कि वर्ष 2029 में यूपी वन ट्रिलियन डालर इकॉनामी वाला राज्य बन जाएगा। मुख्यमंत्री प्रश्न प्रहर में सपा सदस्य डा. रागिनी के सवाल का जवाब दे रहे थे। डा. रागिनी ने जानना चाहा कि यूपी कब तक वन ट्रिलियन इकॉनामी वाला राज्य बनेगा और कौन-कौन से अधिकारी इसमें क्या-क्या योगदान दे रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब सपा की सरकार आई थी, तब राज्य की अर्थव्यवस्था 12 लाख करोड़ रुपये थी, जो इस वित्तीय वर्ष के अंत तक 27.5 लाख करोड़ रुपये हो जाएगी। विपक्ष पर तंज कसते हुए कहा कि जो लोग भारत को विकसित राष्ट्र नहीं मानते, वे उत्तर प्रदेश की आर्थिक वृद्धि पर भी सवाल उठाते हैं, भारत आज दुनिया की एक बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में आगे बढ़ रहा है। हो सकता है कि कुछ लोगों को अच्छा नहीं लग रहा हो क्योंकि जिनका अपना पर्सनल एजेंडा होता है, वह देश के विकास को अच्छा नहीं मानेंगे, लेकिन सच्चाई यह है कि देश की अर्थव्यवस्था आज विश्व में पांचवें स्थान पर पहुंच चुकी है और 2027 तक भारत 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बन जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार ने अर्थव्यवस्था को गति देने के लिए 10 प्रमुख क्षेत्रों को चिह्नित किया है। इन क्षेत्रों में औद्योगिक विकास, कृषि, सामाजिक सुरक्षा, नगरीय विकास, राजस्व संग्रह, शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यटन और सेवा क्षेत्र शामिल हैं।

### महाकुंभ में 60 करोड़ से अधिक श्रद्धालु आयेंगे

मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश में पर्यटन क्षेत्र में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है। 2023 में 65 करोड़ पर्यटक राज्य में आए और महाकुंभ में 60 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं के आने की संभावना है। उन्होंने कहा कि महाकुंभ राज्य की अर्थव्यवस्था में 3 लाख करोड़ रुपये से अधिक का योगदान देगा।



विधानसभा में शुक्रवार को राज्यपाल के अभिभाषण पर जवाब देते यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ

## सभी के हित में काम करते रहेंगे : नीतीश

खबर मन्त्र संवाददाता

**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शुक्रवार को प्रगति यात्रा के अंतिम दिन किसी भी दल के जनप्रतिनिधि के सुझाव का सम्मान करने, उनके क्षेत्र से जुड़ी मांगों को पूरा करने और किसी के साथ भेदभाव नहीं करने की प्रतिबद्धता दुहराते हुए स्पष्ट किया कि वह शुरू से सबके हित में काम करते रहे हैं और आगे भी करते रहेंगे। श्री कुमार ने शुक्रवार को प्रगति यात्रा के अंतिम दिन पटना जिले में चल रही विकास योजनाओं की समीक्षा बैठक में कहा कि बिहार के हर क्षेत्र में काम हो रहा है, आगे और तेजी से काम होगा। उन्होंने कहा, ह्लकिसी भी पार्टी के जनप्रतिनिधि हों, उनके सुझाव का हमलोग सम्मान करते हैं। उनके इलाके की जो भी मांगें होंगी, उन सबको पूरा

### पटना के पास नये अंतर्राष्ट्रीय ग्रीनफील्ड हवाईअड्डा के लिए केंद्र सरकार से करेंगे अनुरोध



किया जाएगा। हमलोग किसी के साथ भेदभाव नहीं करते हैं। हम सभी लोगों के हित में शुरू से काम करते रहे हैं, आगे भी सबके हित में काम करते रहेंगे। नीतीश कुमार ने कहा कि वह केंद्र सरकार से पटना शहर के पास एक नए अंतर्राष्ट्रीय ग्रीनफील्ड हवाईअड्डा का निर्माण कराए जाने का अनुरोध करेंगे। उन्होंने कहा कि जेपी गंगा पथ को पश्चिम की ओर कोइलवर के वीर कुंवर सिंह सेतु तक परबट ओर मोकामा के राजेन्द्र सेतु तक पुराने एच-31 का चौड़ीकरण होगा।

### 100 फीसदी स्वस्थ हैं पापा : निशांत

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को थका हुआ और अस्वस्थ होने की बात कहने वाले नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव को सीएम नीतीश के बेटे निशांत कुमार ने जवाब दिया है। पटना में शुक्रवार को पत्रकारों से बातचीत के दौरान निशांत ने कहा कि पिताजी 100 प्रतिशत स्वस्थ हैं। साथ ही एक बार फिर से निशांत ने पिता नीतीश के कामों की तारीफ करते हुए कहा कि मेरे पिता ने अच्छा काम किया है। साथ ही अपील की, कि जनता फिर से उन्हें मुख्यमंत्री बनाएं।

### चौथे दिन भी गिरा शेयर बाजार, सेंसेक्स 425 व निफ्टी 150 अंक लुढ़का

**मुंबई ।** अमेरिका की संभावित जवाबी टैरिफ और विदेशी निवेशकों की लगातार जारी बिकवाली को लेकर बढ़ती चिंताओं के कारण शुक्रवार को शेयर बाजार में चौथे दिन भी गिरावट का सिलसिला जारी रहा।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 424.90 अंक अर्थात 0.56 प्रतिशत का गोता लगाकर 75,311.06 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 117.25 अंक यानी 0.51 प्रतिशत कमजोर रहकर 22,795.90 अंक पर बंद हुआ।

इसी तरह बीएसई का मिडकैप 1.18 प्रतिशत लुढ़ककर 40,374.02 अंक और स्मॉलकैप 0.43 प्रतिशत उतरकर 45,856.00 अंक पर आ गया।

## ट्रक से टकराई कार, एक ही परिवार के छह की मौत

खबर मन्त्र संवाददाता

- भोजपुर में हादसा, कुंभ से स्नान कर पटना लौट रहे थे श्रद्धालु, मृतकों में चार महिला और दो पुरुष समेत

**आरा ।** बिहार के भोजपुर जिले में जगदीशपुर थाना क्षेत्र के आरा-मोहनियां राष्ट्रीय राजमार्ग पर दुल्हिन बाजार के निकट शुक्रवार सुबह तेज रफ्तार कार के खड़े ट्रक से टकराने से महाकुंभ से स्नान कर लौट रहे पटना के एक ही परिवार की चार महिला और दो पुरुष समेत छह लोगों की मौत हो गई। पुलिस सूत्रों ने शुक्रवार को बताया कि प्रयागराज में महाकुंभ से स्नान कर एक ही परिवार के छह लोग कार से लौट रहे थे। तेज रफ्तार कार दुल्हिन बाजार में पेट्रोल पंप के पास राष्ट्रीय राजमार्ग पर पहले से खड़े एक ट्रक से टकरा गई। इस दुर्घटना में कार पर सवार छह लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने कार में फंसे शवों को बाहर निकाला और पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। मृतकों की पहचान पटना की करुणा देवी (56), आशा किरण (28) जूही रानी (25), प्रियम (20), संजय कुमार (60) और लाल बाबू सिंह (25) के रूप में की गई है। सभी मृतक महाकुंभ में स्नान करने गुरुवार को प्रयागराज गए थे। घटना कारण कार चला रहे लालू बाबू सिंह को नींद आना बताया का रहा है।

## सासाराम में मैट्रिक के छात्र की गोली मारकर हत्या

**सासाराम ।** रोहतास जिले के सासाराम में मैट्रिक की परीक्षा देकर घर लौट रहे ऑटो सवार दो परीक्षार्थियों को छात्रों के एक गुट ने गोली मार दी थी। उनमें एक छात्र अमित की शुक्रवार सुबह इलाज के दौरान मौत हो गई, जबकि दूसरे की हालत गंभीर है।

इससे गुस्साए छात्रों और अन्य लोगों ने शुक्रवार को डेहरी मुफस्सिल थाना क्षेत्र के पास नेशनल हाईवे जाम कर आगजनी की और जमकर हंगामा किया। परीक्षा के बाद छात्र ऑटो में सवार होकर डेहरी में अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान परीक्षार्थियों के दूसरे गुट ने फायरिंग कर दी। गोली लगने से अमित और एक अन्य छात्र घायल हो गए थे। दोनों को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया, जहां इलाज के दौरान अमित की मौत हो गई।

# बिहार में बुलेट ट्रेन के लिए जल्द शुरू होगा भूमि अधिग्रहण

## पटना, गया, जहानाबाद, आरा और बक्सर जिले में बनेंगे स्टेशन

खबर मन्त्र संवाददाता




**पटना।** बिहार को जल्द ही बुलेट ट्रेन की सौगात मिलने वाली है। केंद्र सरकार इस परियोजना को लेकर गंभीर है, और जल्द ही इस दिशा में काम शुरू होने वाला है। परियोजना के लिए जमीन चिह्नित करने की प्रक्रिया भी जारी है। प्रस्तावित हाई-स्पीड बुलेट ट्रेन वाराणसी से हावड़ा के बीच चलेगी, जिसमें बिहार के पांच प्रमुख शहरों को जोड़ा जाएगा। इन शहरों के स्टेशनों से गुजरते हुए ट्रेन वाराणसी और हावड़ा के बीच सफर तय करेगी। इस महत्वाकांक्षी परियोजना के तहत बिहार के पटना, गया, जहानाबाद, आरा और बक्सर जिलों में बुलेट ट्रेन के स्टेशन बनाए जाएंगे। नेशनल हाई स्पीड रेल कॉरपोरेशन (एनएचसी) ने इस संबंध में रूट चार्ट जारी कर दिया है। बिहार में लगभग 29.70 किलोमीटर लंबा एलिवेटेड ट्रैक बनाया जाएगा, जिसके लिए इन पांच जिलों के गांवों में जमीन चिन्हित की जा रही है।

**ट्रेन के लिए 13 स्टेशन बनेंगे :** परियोजना से जुड़े अधिकारियों के मुताबिक, 2023 में इस परियोजना का विस्तृत सर्वेक्षण किया गया था, जिसके आधार पर आगे की प्रक्रियाओं को तेजी से आगे बढ़ाया गया। वाराणसी से हावड़ा के बीच कुल 13 स्टेशन प्रस्तावित हैं, जिनमें बिहार के पांच स्टेशन शामिल होंगे। राजधानी पटना में बसूला और गया में मानपुर के पास स्टेशन बनाने की योजना है, जबकि अन्य जिलों में भी स्टेशनों के लिए स्थान तय किए जा रहे हैं। पटना जिले में फुलवारीशरीफ, संपतचक, धनरुआ और मसौढ़ी प्रखंड के 30 गांवों की जमीन चिन्हित की गई है। जहानाबाद में शादीपुर, देवरा, मिल्की, जैतिपुर कुरवा, बिशुनपुर ओकरी समेत 28 गांवों से ट्रेन गुजरेगी। भोजपुर जिले में महुरही, तीयर, हेतमपुर, पानापुर जैसे 38 गांवों से होकर यह बुलेट ट्रेन गुजरेगी। गया जिले में मानपुर मुख्य स्टेशन के रूप में प्रस्तावित है। जिले के 41 गांवों से हाई-स्पीड ट्रेन का मार्ग तय किया गया है।

**गया के मानपुर में बनेगा मुख्य स्टेशन :** गया-कोडरमा सेक्शन में बुलेट ट्रेन के लिए मानपुर में मुख्य स्टेशन बनाया जाएगा। जमीन सर्वे के बाद मिट्टी की गुणवत्ता की जांच होगी, जिसके बाद जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। दिसंबर 2024 में जिला प्रशासन और स्थानीय लोगों के साथ बैठक कर सर्वेक्षण रिपोर्ट पर चर्चा की गई थी। एडीएम (राजस्व) परितोष कुमार ने बताया कि गया जिले में 41 गांवों का सर्वेक्षण पूरा हो चुका है। उन्होंने कहा कि गया जिले में बुलेट ट्रेन के लिए स्टेशन प्रस्तावित है। इसमें 41 गांव शामिल हैं, और इनसे संबंधित जानकारी एजेंसी को दे दी गई है।

वाराणसी से हावड़ा के बीच कुल 799.293 किलोमीटर की दूरी तय की जाएगी। इस हाई-स्पीड बुलेट ट्रेन की अधिकतम रफ्तार 350 किलोमीटर प्रति घंटा होगी, जबकि औसत गति 250 किलोमीटर प्रति घंटा रहने की उम्मीद है। बुलेट ट्रेन परियोजना के सर्वेक्षण का कार्य वेज इंफा प्राइवेट लिमिटेड ने पूरा कर लिया है।

## स्पीड न्यूज



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मिलीं दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता।

### दिल्ली विधानसभा का सत्र सोमवार से

**नयी दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा का पहला सत्र सोमवार से शुरू होगा जिसमें विधायकों शपथ के साथ ही कैग की रिपोर्ट को भी सदन पेश होने की संभावना है। जानकारी के अनुसार दिल्ली सरकार ने 24 फरवरी से विधानसभा सत्र बुलाया है। यह सत्र तीन दिनों के लिए 24, 25 और 27 फरवरी का होगा ।

### एसजीपीसी अध्यक्ष धामी का इस्तीफा नामंजूर

**चंडीगढ़।** शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (एसजीपीसी) की कार्यकारिणी ने प्रधान एडवोकेट हरजिंदर सिंह धामी का इस्तीफा नामंजूर कर दिया है। कार्यकारिणी की शुक्रवार को हुई बैठक में यह फैसला लिया गया, जिसमें कहा गया कि हरजिंदर सिंह धामी के साथ जल्द ही एक प्रतिनिधिमंडल बैठक करेगा। बैठक में उन्हें अपना इस्तीफा वापस लेने के लिए कहा जाएगा। एसजीपीसी के कामकाज की समीक्षा के लिए जल्द ही कुछ दिनों में बैठक बुलाई जाएगी। एसजीपीसी के मुख्य सचिव कुलवंत सिंह मन्न ने बताया कि संस्था श्री दमदमा साहिब के जत्थेदार ज्ञानी हरप्रीत सिंह को हटाने का फैसला ले सकती है।

### एकनाथ शिंदे को धमकी मामले में दो गिरफ्तार

**मुंबई।** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की कार को बम से उड़ाने की धमकी देने वाले दो आरोपितों को मुंबई पुलिस ने बुलढ़ाणा जिले के देवलगांव से गिरफ्तार किया है। मुंबई पुलिस ने बुलढ़ाणा पुलिस के साथ संयुक्त कार्रवाई करते हुए देवलगांव से दो संदिग्धों को गिरफ्तार किया है। इन दोनों संदिग्धों की पहचान मंगेश अच्युतराव वायल (35) और अभय गजानन शिंगणे (22) के रूप में की गई है।

### ट्रेन से कटकर पलामू के दो लोगों की मौत

सासाराम। रोहतास जिले में सासाराम रेलवे स्टेशन पर ट्रेन से कटकर एक महिला और एक बच्ची की मौत हो गयी। पुलिस सूत्रों ने शुक्रवार को बताया कि पलामू जिले के चैनपुर थाना क्षेत्र निवासी चंदेश्वर चौधरी की पत्नी खूशबू (22) रोहतास जिले के नोखा थाना क्षेत्र के भंवरटोला गांव स्थित अपने रिश्तेदार के घर आयी हुयी थी।

### पाक : बस नाले में गिरी, आठ की मौत

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के पूर्वी पंजाब प्रांत में शुक्रवार तड़के एक खुले नाले में मिनीबस के गिरने से कम से कम आठ लोगों की मौत हो गयी ओर अन्य दो घायल हो गये। पुलिस ने स्थानीय मीडिया को बताया कि यह दुर्घटना पूर्वी पंजाब प्रांत के कसूर जिले में उस समय हुई जब मिनीबस एक संगीत समूह के सदस्यों को लेकर एक विवाह समारोह से लौट रही थी और अनियंत्रित होकर सड़क से लुढ़ककर नाले में गिर गयी।

### संभल हिंसा के आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल

संभल। उत्तर प्रदेश के संभल में 24 नवंबर 2024 को शाही जामा मस्जिद में सर्वे के दौरान भड़की हिंसा के मामले में पुलिस ने चार्जशीट दाखिल कर दी है। इसमें आरोपियों के खिलाफ पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों पर जानलेवा हमले के आरोप लगाए गए हैं। संभल के एसपी कृष्ण बिश्नोई ने शुक्रवार बताया कि 24 नवंबर 2024 को हुई हिंसा के मामले में अब तक कुल 12 एफआईआर दर्ज की गई हैं।

